
# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर गुरुवार 11 जनवरी 2024


## संत के आश्रम में राम



**जम्मू।** अयोध्या के राम मंदिर को लेकर साधु संतों में भी खुशी की लहर है। ऐसा ही उत्साह जम्मू में स्वामी द्धारिका दास के आश्रम देखा जा रहा है। जहां स्वामीजी ने राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण प्रदर्शित किया।







inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप


### बेंगलुरु में 8 लोगों ने की सुसाइड की कोशिश

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में कर्नाटक विधानसभा के बाहर बुधवार को हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। यहां 48 साल की शाइस्ता बानो और मोहम्मद मुनैद उल्लाह अपने परिवार के 8 सदस्यों के साथ विधानसभा के सामने सामूहिक आत्महत्या करने गए थे। उनके हाथ में मिट्टी के तेल की कैन थी। हालांकि, पुलिस ने उन्हें देख लिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी को हिरासत में लेकर उनकी जान बचा ली।




### बेटी के साथ मां ने 16वीं मंजिल से लगाई छलांग

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एक महिला ने अपनी 6 महीने की बेटी के साथ 16वीं मंजिल से छलांग लगा दी। इस घटना में दोनों की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बिसरख पुलिस ने बुधवार बताया कि मृतक महिला की उम्र 33 वर्ष थी, वहीं, उसकी बेटी करीब 6 महीने की थी। महिला की तबीयत ठीक नहीं थी और वह अवसाद में थी।



### आतंकी के पास से बरामद हुआ स्मार्टफोन

**जम्मू।** कोट भलवाल की केंद्रीय जेल के अंदर लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी के पास से एक स्मार्टफोन बरामद किया गया है। इस संबंध में जांच जारी है। मामले में जानकारी देते हुए वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कठुआ के हरिया चक निवासी हबीब पुत्र हज शेरू के पास से एक स्मार्टफोन बरामद किया गया है, जिसे जम्मू-कश्मीर पुलिस को सौंप दिया गया है। फोन जेल के अंदर कैसे पहुंचा, वे इसकी जांच कर रहे हैं।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक करोड़ 29 लाख बहनों के खातों में जारी किए 1576.61 करोड़ रुपए

# 'लाड़ली बहनों' को दिया मकर संक्रांति का उपहार

56 लाख से अधिक हितग्राहियों को 341 करोड़ की पेंशन और आर्थिक सहायता भी अंतरित

प्रधानमंत्री मोदी की दृष्टि और प्रबंधन के पड़ोसी देश भी प्रशंसक

**मुख्यमंत्री ने** लाड़ली बहनों से कहा कि वे मकर संक्रांति पर जारी की जा रही राशि का उपयोग अपने परिवार को आगे बढ़ाने तथा सबको साथ लेकर चलते हुए परिवार के सभी सदस्यों के हित में करें।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की एक करोड़ 29 लाख लाड़ली बहनों को मकर संक्रांति का तोहफा दिया है। उन्होंने सिंगल क्लिक से बहनों के बैंक खाते में 1576.61 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की। इसके साथ ही उन्होंने 56 लाख से अधिक हितग्राहियों के बैंक खाते में 341 करोड़ रुपए की राशि का पेंशन व आर्थिक सहायता की राशि का भी अंतरण किया।

मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहनों से कहा कि वे मकर संक्रांति पर जारी की जा रही राशि का उपयोग अपने परिवार को आगे बढ़ाने तथा सबको साथ लेकर चलते हुए परिवार के सभी सदस्यों के हित में करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में सभी जिले वुर्चअली जुड़े। उन्होंने सभी हितग्राहियों के खातों में एक साथ राशि अंतरित की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 10 से 15 जनवरी तक चलने वाले मकर संक्रांति उत्सव का शुभारंभ भी किया। यह उत्सव महिला सशक्तिकरण एवं युवा ऊर्जा पर केंद्रित है। कार्यक्रम में महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया और सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाह मौजूद थे।

**महिला सशक्तिकरण और युवा ऊर्जा पर केंद्रित होगा 10 से 15 जनवरी तक चलने वाला उत्सव**




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में किया राज्य स्तरीय मकर संक्रांति उत्सव का शुभारंभ

### मुख्यमंत्री ने बहनों को कंगन और मिष्ठान भेंट किए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मकर संक्रांति उत्सव के शुभारंभ अवसर पर आईं बहनों को कंगन-मिष्ठान व अन्य सामग्री भेंट स्वरूप प्रदान की। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव महिला बाल विकास श्रीमती दीपाली रस्तोगी, प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय सचिन सिंह, आयुक्त महिला बाल विकास डॉ. राम राव भोंसले, आयुक्त सामाजिक न्याय ई. रमेश कुमार तथा बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें उपस्थित थीं।

### महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध : निर्मला

महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रधानमंत्री मोदी के विजन और कार्ययोजना के अनुरूप प्रदेश में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। सरकार महिलाओं और बच्चों को एनीमिया जैसी बीमारी से मुक्त कराने की ओर विशेष ध्यान देगी। सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि मकर संक्रांति उत्सव सेवा और जनकल्याण की दृष्टि से निराश्रित और कमजोर लोगों के पुनर्वास की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कठिन परिस्थितियों में रह रहे लोगों के जीवन को सुगम बनाने की दिशा में हम प्रयासरत हैं।

### सीएम डॉ. यादव ने कहा

## बहन-बेटियों का सम्मान हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे देश में नारियों का सदा से सम्मान रहा है, बहन-बेटियों का सम्मान हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। विश्व में कोई ऐसा देश नहीं है, जहां देश को माता के रूप में माना गया हो। भारत देश का नाता अपनी माता से जोड़कर हमने अपनी विशेषता को दुनिया के सामने प्रकट किया है। हमारे सभी त्यौहारों और देवी-देवताओं में महिला का नाम आगे रहता है, यह उनके प्रति सम्मान का प्रतीक है।

## संसदीय कार्य मंत्री विजयवर्गीय ने प्रबोधन कार्यक्रम को किया संबोधित




# जनता में विश्वास कायम रखना बेहद 'चुनौतीपूर्ण', इसके डगमगा जाने ने मात भी खानी पड़ जाती है

प्रत्येक सदस्य के जीवन में सार्वजनिक के साथ-साथ व्यक्तिगत जीवन में भी पारदर्शिता का होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संसदीय कार्य एवं नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि विधानसभा में विधायक के रूप में निर्वाचित होने के बाद जनता में विश्वास कायम रखना बेहद चुनौतीपूर्ण होता है। विश्वास डगमगाने की वजह से कई बार मात खानी पड़ जाती है।

इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पिछले चुनाव में एक मंत्री को अपने भाई की वजह से और एक मंत्री को अपने कर्मचारी की वजह से चुनाव में हार मिली। जबकि कई विधायक अपने क्षेत्र की जनता से विश्वास हासिल नहीं कर पाने की वजह से हार गए। संसदीय कार्य मंत्री विजयवर्गीय बुधवार को 16 वीं विधानसभा के नव-निर्वाचित सदस्यों के प्रबोधन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर भी मौजूद थे।



### सदन में शून्य काल और याचिका व्यवस्था की प्रक्रिया

मंत्री विजयवर्गीय ने सदन में शून्य काल और याचिका व्यवस्था की प्रक्रिया के बारे में भी सदस्यों को जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि 16 वीं विधानसभा में 69 विधायक पहली बार निर्वाचित होकर आए हैं। इन्हें विधानसभा की संदर्भ और लाइब्रेरी का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए।

### क्या होते हैं विधायक के विशेषाधिकार?

लोकसभा सांसद एवं सभापति विशेषाधिकार समिति सुनील कुमार सिंह ने कहा कि विधायक जब निर्वाचित होकर सदन में पहुंचता है, तो यह जिज्ञासा होती है कि उन्हें क्या-क्या अधिकार हैं। उन्होंने सदस्यों को सदन की कार्यवाही में मर्यादित आचरण के साथ पूरे समय मौजूद रहने की समझाइश दी।

## अयोध्या में माता सीता के कंगन का प्रतिरूप



*अयोध्या। भगवान प्रभु श्रीराम का अयोध्या आगमन हो रहा है। 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा होगी। जगह जगह जश्न का माहौल है। प्रभु राम की नगरी में तरह तरह की पूजन और श्रृंगार सामग्री पहुंच रही है। यहां सब कुछ बिलकुल हटके है। पूरी अयोध्या को सजाया जा रहा है। हर कोई इसमें अपना योगदान दे रहा है। जिससे जो बन रहा है वो रामकाज में लगा हुआ है। अयोध्या के मोहबरा बाजार में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के अभिषेक से पहले तैयारियों के तहत देवी सीता का कंगन स्थापित किया गया है। जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।*

## भोपाल में दिन के तापमान में सीजन की सबसे ज्यादा गिरावट

# जबलपुर और उमरिया में 11 डिग्री तक गिरा पारा

भोपाल में 10, खंडवा, रायसेन, उज्जैन, इंदौर में 5 से 7 डिग्री तक की दिन के तापमान में गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार को भोपाल में दिन के तापमान में इस सीजन की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज हुई है। दिन का पारा 9.8 डिग्री गिरकर 17.9 डिग्री रहा, जो सामान्य से 7 डिग्री कम है। जबलपुर और उमरिया में अधिकतम तापमान 11-11 डिग्री गिरकर 18 डिग्री के करीब ही पहुंच गया है।

भोपाल में दिन और रात के तापमान में करीब 4 डिग्री का ही अंतर रहा है। रात का पारा 2 डिग्री गिरकर 13.8 डिग्री रहा, जो सामान्य से 3 डिग्री अधिक है। दर्जन से अधिक जिलों में 5 से 7 डिग्री तक की गिरावट से दिन में कड़ाके की सर्दी रही। प्रदेश में सबसे सर्द रात रीवा में रही, पारा 9 डिग्री दर्ज हुआ।



भोपाल में कोहरा

### यहां घना कोहरा रहा, आज शीतलहर का अनुमान

भोपाल, सागर में सुबह सबसे घना कोहरा रहा। यहां सुबह विजिबिलिटी 50 मीटर यानि शून्य रही। इसके अलावा ग्वालियर, जबलपुर, मंडला, टीकमगढ़ में अति घना कोहरा रहा है। गुरुवार को ग्वालियर और दतिया में कोल्ड डे रह सकता है।

## फरहान पर प्रभु राम-माता सीता के अपमान का आरोप

# तमिल फिल्म 'अन्नपूर्णी' की पूरी टीम के खिलाफ जबलपुर में एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई फिल्म अन्नपूर्णी विवाद में आ गई है।

जबलपुर के ओमती थाने में हिन्दू सेवा परिषद् के अध्यक्ष अतुल जेसनानी ने फिल्म एक्ट्रेस नयनतारा पर केस दर्ज करवाया है। इसके अलावा निर्माता जतिन सेठी आर रवींद्रन, पुनीत गोयका, सारिका पटेल और मोनिका शेरगिल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। शिकायत में बताया गया है की



ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर चल रही फिल्म अन्नपूर्णा में धार्मिक भावनाएं भड़काने से भावनाएं आहत हुईं है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि फिल्म में फरहान नाम के कलाकार ने भगवान राम, सीता, शिव,लक्ष्मण और तमिल भगवान मुरुगन का अपमान किया है।

### विवाद की वजह-राम का गलत चित्रण किया गया

हिंदू सेवा परिषद के अध्यक्ष अतुल जैसवानी के मुताबिक फिल्म 'अन्नपूर्णी' में कई जगहों पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के प्रति अमर्यादित शब्दों का उपयोग किया गया है। इसके अलावा फिल्म में लव -जिहाद को बढ़ावा देने के अलावा सनातन धर्म का अपमान और हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की भी कोशिश की गई है।

## श्री राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले टूटा बरसों का रिकॉर्ड

गीता प्रेस में स्थापना से लेकर वर्तमान समय तक 95 करोड़ से अधिक धार्मिक पुस्तकों का प्रकाशन किया जा चुका

# गीता प्रेस के पास खत्म हुआ राम चरित मानस का 'स्टॉक'

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर


अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर श्री राम लला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरे देश और विदेश में उत्सव का माहौल है।

यही वजह है कि श्री रामचरितमानस श्री हनुमान चालीसा और श्रीमद् भागवत गीता की मांग इतनी बढ़ गई है कि




### गुजरात सरकार ने श्रीमद्भागवत गीता की 50 लाख प्रतियां मांगी

*गीता प्रेस स्थापना से लेकर वर्तमान समय तक 95 करोड़ से अधिक धार्मिक पुस्तकों का प्रकाशन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इसमें गीता प्रेस स्थापना से अब तक 3 करोड़ 70 लाख प्रतियां प्रकाशित कर चुका है। 1938 ईस्वी से मांसांक से श्रीरामचरित मानस का प्रकाशन हो रहा है। 1948 से श्रीरामचरित मानस का प्रकाशन हो रहा है।*




*प्रबंधक डॉ. तिवारी ने बताया कि इस माह में बिहार, यूपी के अनेक जिलों व राजस्थान से लगभग 1. 75 लाख श्रीरामचरितमानस (गुटका आकार) प्रतियों की मांग आई है, जिसे उपलब्ध कराने में गीता प्रेस ने असमर्थता जता दी है। 79 हजार प्रतियां प्रकाशित की जा रही हैं, जिन्हें गीता प्रेस अपनी शाखाओं पर भेजेगा। उन्होंने बताया कि अवदा फाउंडेशन मुंबई ने आरती संग्रह की चार लाख प्रतियां मांगी हैं। प्रेस ने 3 लाख प्रतियां देने का वचन दिया है।*

गीता प्रेस इसकी उपलब्धता सुनिश्चित नहीं कर पा रहा है। श्री रामचरित मानस का स्टॉक खत्म हो गया है। गोरखपुर के गीता प्रेस के प्रबंधक डॉ. लालमणि तिवारी ने बताया कि मांग के सापेक्ष अक्टूबर से दिसंबर तक केवल 31 हजार श्री रामचरित मानस (हिंदी गुटका आकार) की आपूर्ति कर पाया है। जबकि, मांग लगभग डेढ़ लाख प्रतियों की रही है। उन्होंने बताया कि इन तीन महीने में श्री रामचरित मानस की कई भाषाओं व आकार प्रकार में 3.27 लाख प्रतियों की छपाई हुई।

# विदेशियों ने गरबा कर मचाया धमाल, पतंग महोत्सव में भी दिखे रामलला



## राजकोट में भी पतंगबाजी से चमका आसमान

गुजरात में इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल का आगाज हो चुका है। राज्य के कई शहरों में पतंगबाजी चरम पर है। राजकोट में भी लोग पतंगों के उत्सव में भरपूर मजा ले रहे हैं।

## 37 अंतरराष्ट्रीय स्तर के

**सूरत।** गुजरात पर्यटन विभाग, नगर निगम और जिला प्रशासन द्वारा सूरत में सूर्यपुत्री तापी नदी के तट पर अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव अडाजण रिवरफ्रंट पर शुरू हुआ। इस पतंग महोत्सव में 37 अंतरराष्ट्रीय स्तर के, 14 महाराष्ट्र, दिल्ली और कर्नाटक से और गुजरात से 39 सूरत के , 1 नवसारी से और 5 वडोदरा से और 2 भरूच से सहित कुल 97 पतंगबाजों ने भाग लिया। राम मंदिर को लेकर काफी उत्साह है। इस पतंग महोत्सव में भारत और राम मंदिर की तस्वीर वाली पतंग लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी। इस पतंग उत्सव में रामधुन और जयश्री राम के गानों ने भी धूम मचाई। सुरतियों के साथ पतंगबाज भी इन गीतों पर झूमते रहे।

## सूरत में इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल

### अभी कई देशों की पतंगें भी आएंगी

इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव में भाग लेने के लिए विदेश से आए विदेशी पतंगबाजों ने गरबा का प्रदर्शन कर खूब वाहवाही लूटी। इस पतंग महोत्सव में भाग लेने वाले देशों में फ्रांस, तुर्की, यूक्रेन, स्पेन, श्रीलंका, थाईलैंड समेत कई देशों की पतंगें आएंगी। यह कार्यक्रम मकर संक्रांति तक चलेगा, जिसमें जाने माने मतंगबाज भी शिरकत करेंगे।

### इतने पतंगबाज

- **14** महाराष्ट्र, दिल्ली, कर्नाटक से
- **39** सूरत के सबसे ज्यादा
- **97** पतंगबाजों ने भाग लिया

**सीएम भूपेंद्र पटेल ने किया था इसका उद्घाटन**

## खबर संक्षेप

### भारत टेक्स 2024 का आयोजन अगले माह



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय तकनीकी कपड़ा मिशनके तत्वावधान में कपड़ा मंत्रालय (मिनस्ट्री ऑफ टेक्सटाइल) 26 से 29 फरवरी को आयोजित होने वाले 'भारत टेक्स 2024' के तहत तकनीकी वस्त्रों में रचनात्मकता को बढ़ावा देने हैकथॉन का आयोजित करेगा। मंत्रालय प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति, उपलब्धियों को बताएगा।

### केंद्रीय मंत्री अजय को सुप्रीम कोर्ट से राहत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें हत्या के मामले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा को बरी किए जाने के खिलाफ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दायर अपील को खारिज कर दिया गया था। मामला 2000 में उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में प्रभात गुप्ता की हत्या से जुड़ा है। दो सदस्यीय पीठ ने फैसला दिया।

### प्रोफेसर की हथेली काटने वाला अरेस्ट



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के प्रोफेसर टीजे जोसेफ पर जानलेवा हमला मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की जांच पूरी हो चुकी है। एनआईए का दावा है कि प्रोफेसर की हथेली काटने के मामले में 13 साल से फरार मुख्य आरोपी-सवाद को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।

### अब 1 दिन बिना बैग के स्कूल जाएंगे बच्चे



**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने स्कूली बच्चों पर बस्ते का बोझ हटाने का फैसला किया है। सरकार का मानना है कि बच्चे पर भारी बोझ से उनके समझने की क्षमता कम होती है। ऐसे में यह बोझ कम किया जाना चाहिए। राज्य के सभी स्कूलों में हर महीने 10 "बैग-मुक्त" दिन शुरू करने का फैसला किया है। यह नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप बनाया गया है।

### पीएम कल नासिक में युवा महोत्सव शुरू करेंगे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र के नासिक में राष्ट्रीय युवा उत्सव का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर मोदी युवाओं को संबोधित भी करेंगे। इस वर्ष राष्ट्रीय युवा उत्सव का थीम है ''मेरा भारत-विकसित भारत एट द रेट 2047-युवाओं के द्वारा-युवाओं के लिए रखा है ।

## संजय राउत ने स्पीकर के फैसले को बताया भाजपा की साजिश

# स्पीकर के फैसले से शिंदे गुट में जश्न मिठाई बंटी, कहा-ये लोकतंत्र का 'दम'

## महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने अयोग्यता संबंधी फैसला दिया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर द्वारा एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को असली शिवसेना घोषित करने के बाद मुंबई में बालासाहेब भवन में शिंदे गुट के कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। स्पीकर के फैसले पर महाराष्ट्र के मंत्री और शिंदे गुट के विधायक दीपक केसरकर ने कहा कि इस फैसले से लोकतंत्र मजबूत होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि इस फैसले की सच्चाई यह है कि पार्टी में भी लोकतंत्र होना चाहिए। उन्होंने इस फैसले को सही बताया। नार्वेकर ने कहा कि शिंदे गुट के 16 विधायकों की मान्यता बरकरार रहेगी। साथ ही अब एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री बने रहेंगे। स्पीकर के इस फैसले से उद्धव को बड़ा झटका लगा है।

### राष्ट्रीय कार्यकारिणी का फैसला सर्वमान्य

महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने कहा कि उद्धव ठाकरे के पास एकनाथ शिंदे को नेता पद से हटाने का अधिकार नहीं है, बल्कि एकनाथ शिंदे को हटाने का फैसला राष्ट्रीय कार्यकारिणी का होना चाहिए। स्पीकर राहुल नार्वेकर ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी का फैसला सर्वामान्य होगा।



### असली पार्टी पर उद्धव की दलील खारिज

महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने अपने फैसले में कहा कि असली पार्टी पर उद्धव ठाकरे की दलील खारिज कर दी गई है। बता दें कि स्पीकर के इस फैसले से उद्धव गुट को एक और बड़ा झटका लगा है।

### अठावले ने फैसले को बताया सही

#### फैसला कानून के अनुसार दिया गया



केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष ने जो फैसला दिया है ये फैसला नियम और कानून के मुताबिक है। उन्होंने कहा कि दो तिहाई बहुमत के माध्यम से एकनाथ शिंदे के पास 37 विधायक हैं। इसलिए चुनाव आयोग ने भी शिंदे की शिवसेना को असली गुट माना।

### उद्धव ने उठाए सवाल

#### हमें अयोग्य क्यों नहीं ठहराया?



स्पीकर के फैसले से उद्धव ठाकरे को बड़ा झटका लगा है। स्पीकर ने 1200 पेजों के फैसले के मुख्य बिंदुओं को सुनाते हुए कहा कि शिंदे के पास 55 में से 37 विधायक हैं और उनके नेतृत्व वाला गुट ही असली शिवसेना है। हालांकि इस दौरान स्पीकर ने किसी को भी अयोग्य करार नहीं दिया। इसको लेकर उद्धव ने स्पीकर नार्वेकर के फैसले पर सवाल उठाए हैं। उद्धव ने कहा कि मैंने अपनी पहली प्रतिक्रिया कल ही दे दी है। मैंने कल ही कहा था कि लोकतंत्र की हत्या होगी।

### राउत ने फैसले को बताया गलत

#### शिवसेना खत्म नहीं होगी, हम शीर्ष कोर्ट जाएंगे और अपील करेंगे



महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर द्वारा शिंदे गुट को असली शिवसेना बताए जाने पर उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने कहा कि यह भाजपा की साजिश है। उन्होंने कहा कि शिवसेना खत्म नहीं होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। आज का फैसला कोई न्याय नहीं है, बल्कि एक षड्यंत्र है। हमारी लड़ाई न्यायालय में जारी रहेगी।

### शिव सेना (यूबीटी) सांसद

#### प्रियंका ने पीएम मोदी और शाह पर साधा निशाना



स्पीकर द्वारा शिंदे गुट को असली शिवसेना करार दिए जाने पर शिव सेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि इस फैसले पर मुझे बिल्कुल भी आश्चर्य नहीं है। हमने सुना था वही होता है जो मंजूर-ए-खुदा होता है। वही होता है जो मंजूर-ए-नरेंद्र मोदी और अमित शाह होता है।

## 'वाइब्रेंट गुजरात' में बोलीं वित्त मंत्री

# पांच ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी दुनिया की तीसरी ताकत होगी

- भारत बड़ी छलांग लगाने के करीब



एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

भारत 2027-28 तक पांच ट्रिलियन डॉलर से अधिक की जीडीपी के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह बात कही है। वित्त मंत्री ने कहा कि वर्तमान में 50 करोड़ से अधिक भारतीयों के पास बैंक खाते हैं, जबकि 2014 में यह संख्या 15 करोड़ थी।

वित्त मंत्री ने बताया है कि भारत को पिछले 8-9 साल में 595 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मिला है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि रुढ़िवादी अनुमानों के हिसाब से भी भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा। सीतारमण ने वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही।

### 4 साल में बड़ी क्षमता बढ़ेगी

उन्होंने कहा कि संभव है कि हम वित्त वर्ष 2027-28 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे और हमारी जीडीपी उस समय तक पांच लाख करोड़ डॉलर (पांच ट्रिलियन डॉलर) से अधिक हो जाएगी। एक रुढ़िवादी अनुमान है कि वर्ष 2047 तक हमारी अर्थव्यवस्था कम से कम 30 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगी। इस समय भारत लगभग 3.4 लाख करोड़ डॉलर के जीडीपी के साथ दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। अभी अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी उससे आगे हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष में 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है जबकि पिछले वित्त वर्ष में इसकी वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रही थी।

### 9 वर्षों में 595 अरब डॉलर विदेशी निवेश

वाइब्रेंट गुजरात समिट 2024 के दौरान सीतारमण ने कहा कि भारत को वर्ष 2023 तक 23 वर्षों के दौरान 919 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मिला है। वित्त मंत्री ने कहा कि इस एफडीआई का 65 प्रतिशत यानी 595 अरब डॉलर मोदी सरकार के पिछले आठ-नौ वर्षों के कार्यकाल में आया है। उन्होंने वित्तीय समावेशन का जिक्र करते हुए कहा कि बैंक खाता रखने वाले लोगों की संख्या 50 करोड़ हो गई है जबकि 2014 में 15 करोड़ लोगों के पास ही बैंक खाते थे।

## भाजपाध्यक्ष नड्डा पार्टी पदाधिकारियों से मिले

# एनडीए का लक्ष्य 12 लोकसभा सीटें जीतना

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

मिशन पूर्वोत्तर पर असम पहुंचे भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मां कामाख्या मंदिर में पूजा-अर्चना की मां कामाख्या का आशीर्वाद लेकर नड्डा कोइनाधोरा स्थित गेस्ट हाउस लौट आए। नड्डा तीन दिन के पूर्वोत्तर दौरे पर हैं। वे भाजपा की राज्य कार्यकारिणी बैठक और कोर समिति की बैठक में शामिल होंगे। नड्डा मंगलवार रात 10 बजे गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे जहां सीएम हिमंत बिस्वा सरमा और भाजपा के राज्य नेतृत्व ने बोरझार हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। बुधवार शाम 6.30 बजे बशिष्ठा स्थित राज्य भाजपा मुख्यालय अटल बिहारी वाजपेयी भवन में पार्टी की अहम बैठक में भी शामिल हुए।

### राज्य भाजपाध्यक्ष का ऐलान



#### पार्टियों ने लामबंदी शुरू की

लोकसभा चुनावों को लेकर राजनीतिक दलों ने लामबंदी शुरू कर दी है। इस बीच, असम भाजपा अध्यक्ष भाबेश कलिता ने असम में 12 सीटों पर जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि राजग इस साल के मध्य में होने वाले

#### हमारा लक्ष्य वोट प्रतिशत बढ़ाना

हमारा लक्ष्य पिछले आम चुनावों की तुलना में अपना वोट शेयर 10 प्रतिशत बढ़ाना है। पार्टी इस बार उम्मीदवारों की जीत का अंतर भी बढ़ाना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा, एजीपी और यूपीपीएल के बीच सीट बंटवारे को लेकर हम फरवरी में बैठक करेंगे।

## अनुराग ठाकुर ने व्याख्यान श्रृंखला का उद्घाटन किया

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि भारत अमृतकाल से स्वर्णकाल में प्रवेश कर रहा है और यह एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। सूचना एवं प्रसारण और युवा मामले एवं खेल मंत्री ने ठाणे में '38वें रामभाऊ म्हालगी स्मृति व्याख्यानमाला' को संबोधित किया। ठाकुर के हवाले से कहा गया, हम सभी को एक साथ लाकर 'सबका साथ, सबका विश्वास' पर राम राज्य की स्थापना चाह रहे।



## उत्तर भारत को आज से मिलेगी शीतलहर से राहत



### मौसम विभाग का पूर्वानुमान

*नई दिल्ली। घना कोहरा, शीतलहर और लो विजिबिलिटी ने पूरे उत्तर भारत को परेसान कर रखा है। 4-5 दिन से दिल्ली-एनसीआर समेत कई राज्यों में सर्दी का सितम जारी है। दिल्ली में तो कई दिनों से सूर्य देव के दर्शन भी लोगों को नसीब नहीं हुए। उत्तर भारत के कई राज्यों में कोल्ड-डे की स्थिति है। मौसम विभाग के मुताबिक गुरुवार से उत्तर पश्चिम भारत में कोल्ड डे से गंभीर कोल्ड डे की स्थिति कम होने वाली है।*

## कांग्रेस और आप में सीट बंटवारा



# दोनों में नहीं बनी बात, आज फैसले पर फिर टिकी निगाहें

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस और आप के बीच सीट बंटवारे को लेकर बातचीत जारी है। सोमवार को बैठक में पूरी तरह से सहमति नहीं बन पाई है। दिल्ली कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने बताया कि दोनों पार्टियों के बीच सीट बंटवारे को लेकर दूसरी मीटिंग होने वाली है। यह मीटिंग गुरुवार को होगी। दोनों पार्टियां भाजपा के खिलाफ लोकसभा चुनाव में एक साथ लड़ेंगी। उन्होंने बताया कि दिल्ली में सीट बंटवारे को लेकर दोनों पार्टियों के बीच कोई चर्चा नहीं हुई थी।

## आईआईएमसी के 55वें दीक्षांत समारोह में पूर्व राष्ट्रपति कोविंद बोले

# सावधान रहें 'डीपफेक' पूरी दुनिया के लिए बड़ी चुनौती

## फेक न्यूज और गलत सूचनाओं के प्रसार के खिलाफ लड़ाई लड़ें पत्रकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के 55वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए भारत के पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने कहा कि 'डीपफेक', फेक न्यूज और गलत सूचनाएं पूरी दुनिया के लिए बड़ी चुनौती है। आज कोई भी जानबूझकर गलत सूचना फैलाने के लिए डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर सकता है। उन्होंने कहा कि आईआईएमसी जैसे संस्थानों से पढ़ाई करने वाले पत्रकारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह फेक न्यूज और गलत सूचनाओं के प्रसार के खिलाफ लड़ाई लड़ें। इस अवसर पर आईआईएमसी के चेयरमैन आर जगन्नाथन, महानिदेशक डॉ. अनुपमा भटनागर और अपर महानिदेशक डॉ. निमिष रुस्तगी भी उपस्थित रहे।

### 65 विद्यार्थियों को किया सम्मानित




भारत मंडपम में आयोजित दीक्षांत समारोह में वर्ष 2021-22 और 2022-23 बैच के विद्यार्थियों (आईआईएमसी दिल्ली और क्षेत्रीय केंद्रों ढेंकनाल, आइजोल, अमरावती, कोट्टायम और जम्मू) को पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इसके अलावा, दोनों बैचों के 65 विद्यार्थियों को भी अलग-अलग पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

### भारतीय पत्रकारिता में यहां के विद्यार्थियों का अहम योगदान

कोविंद ने कहा कि जनसंचार के शिक्षण और प्रशिक्षण के क्षेत्र में आईआईएमसी की पहचान 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के तौर पर है। भारतीय पत्रकारिता में यहां के विद्यार्थियों का अहम योगदान है। दुनिया की जरूरतों के हिसाब से आईआईएमसी अपने विद्यार्थियों को तैयार करता है। इसके लिए संस्थान के सभी प्राध्यापक, अधिकारी एवं कर्मचारी बधाई के पात्र हैं।

### नागरिकों को मिले सही जानकारी और तकनीक का दुरुपयोग न हो

कोविंद ने विद्यार्थियों से कहा कि आप अपने करियर की शुरुआत एक पत्रकार और मीडिया प्रोफेशनल के रूप में उस दौर में कर रहे हैं, जब तकनीक तेजी से विकसित हो रही है। इसलिए हम सभी को नई तकनीकों के संभावित दुरुपयोग से निपटने के लिए तैयार रहना होगा। आज पूरा देश और समाज फर्जी खबरों, गलत सूचनाओं, भ्रामक जानकारी और डीपफेक जैसी समस्याओं से जूझ रहा है।

जबलपुर
गुरुवार, 11 जनवरी 2024
- पौष मास कृष्ण पक्ष-15
- वर्ष : 18, अंक : 249
- पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 25
न्यून. 13

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

04 समंदर में ताकतवर होता भारत



मैट्रो
14 कैसे होगी पढ़ाई पूरी, पहले से शिक्षकों ..

## उद्धव गुट की याचिका को स्पीकर राहुल नार्वेकर ने किया खारिज

स्पीकर ने कहा कि असली पार्टी का फैसला निर्वाचन आयोग कर चुका है। 2018 का लीडरशिप स्ट्रक्चर ही विश्वस्त है। उसमें पक्ष प्रमुख यानी पार्टी अध्यक्ष की व्याख्या की गई है। हमने भी उसे ही मान्यता दी है। वही उच्चतम पद है।

# शिवसेना के 'एक' ही 'नाथ' शिंदे

### स्पीकर ने कहा कि उद्धव ठाकरे पार्टी नियमों के तहत ही पार्टी के नेता बने थे

एजेंसी ⏭ मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके गुट के विधायकों के खिलाफ अयोग्यता मामले में फैसला सुनाया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि, शिंदे गुट ही असली शिवसेना है और उद्धव ठाकरे भी पार्टी नियमों के तहत ही पार्टी के नेता बने थे। स्पीकर ने यह भी कहा था कि एकनाथ शिंदे को हटाने का अधिकार उद्धव को नहीं है। करीब 18 महीने पहले शिंदे समेत 39 विधायकों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत कर दी थी, जिसकी वजह से 57 साल पुरानी पार्टी शिवसेना में विभाजन हो गया था और महाविकास अघाड़ी सरकार गिर गई थी। इस घटना के बाद दोनों गुटों ने एक-दूसरे के विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग करते हुए याचिकाएं दायर की थीं।



**ये हुआ था?**

करीब 18 महीने पहले शिंदे समेत 39 विधायकों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत कर दी थी, जिसकी वजह से 57 साल पुरानी पार्टी शिवसेना में विभाजन हो गया था।



### 'असली पार्टी' का फैसला निर्वाचन आयोग कर चुका

*स्पीकर ने कहा कि शिव सेना के संविधान में नेतृत्व ढांचे में राष्ट्रीय कार्यकारिणी में 19 सदस्य होंगे। 14 चुने जाएंगे। पांच मनोनीत होते हैं। शिवसेना विधायकों की अयोग्यता मामले में फैसला सुनाते हुए राहुल नार्वेकर ने सुप्रीम कोर्ट का भी उल्लेख करते हुए आभार जताया। इस पूरे मामले में जो सबसे खास सवाल था कि, क्या 21 जून की एसएसएलपी बैठक से विधायकों की अनुपस्थिति अयोग्यता का कारण बनती है? इस पर स्पीकर ने कहा कि इस आधार पर मेरा मानना है कि शिंदे गुट को अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता क्योंकि शिंदे गुट ही असली पार्टी थी और गुट के उभरने के बाद से ही सुनील प्रभु सचेतक नहीं रहे।*

## खबर संक्षेप

### गूगलः एंड्रॉयड यूजर्स के लिए 4 नए फीचर्स

**नई दिल्ली।** गूगल अपने यूजर्स के लिए कई तरह की सर्विस उपलब्ध कराती है। कंपनी अब एंड्रॉयड यूजर्स के एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के लिए नए फीचर्स लाने जा रही है। गूगल के नए फीचर्स से एंड्रॉयड यूजर्स के कई काम बेहद आसान हो जाएंगे। कंपनी के मुताबिक जल्द ही इन फीचर्स को रोल आउट किया जाएगा। टेक जायंट गूगल ने कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक शो यानी सीईएस 2024 के दौरान नए एंड्रॉयड फीचर्स की घोषणा की है।



### चीफ लॉ असिस्टेंट घूस लेते पकड़ाया

**भोपाल।** सीबीआई ने रेलवे के चीफ लॉ असिस्टेंट ने विभाग के भोपाल में पदस्थ कर्मचारी से दो चार्जशीट कैट में डाइल्यूट कराने के बदले 20 हजार रुपए मांगे थे और 15 हजार में सौदा होने के बाद रिश्वत लेते हुए धरा गया है। रिश्वत के मामले में सीबीआई ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सुशील जोशी ने सीबीआई दफ्तर में पहुंचकर 8 जनवरी को लिखित शिकायत दर्ज कराई थी।



### पेड़ से भिड़ी बस, 3 की हालत गंभीर, 6 घायल

**खरगोन।** कसरावद थानाक्षेत्र के माकड़खेड़ा के पास बुधवार दोपहर एक बजे यात्री बस असंतुलित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में 6 लोग घायल हो गए। 3 की हालत गंभीर होने से जिला अस्पताल रेफर किया गया। अग्रवाल बस सर्विस की यह यात्री बस मंडलेश्वर से खरगोन जा रही थी। माकड़खेड़ा फाटे के पास घटना हुई। वहीं बावड़ी बस स्टैंड में एक बड़े वाहन ने दादी और पोती को रौंद दिया।



### वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024: समिट की इस बार की थीम 'गेटवे टू द फ्यूचर', 2047 तक भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य

# पीएम मोदी बोलेः आपके सपने जितने बड़े होंगे, मेरा संकल्प भी उतना ही 'बड़ा' होगा

पीएम ने कहा कि अब भारत अगले 25 वर्षों के लक्ष्य पर काम कर रहा है जब भारत अपनी आजादी के 100 वर्ष बनाएगा तब तक हमने भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य रखा है। 25 साल का कार्यकाल भारत का अमृतकाल है। यह नए सपने, नए संकल्प और नित्य नूतन सिद्धियों का कार्यकाल है।



वाइब्रेंट गुजरात समिट इकोनॉमिक डेवलपमेंट और इंवेस्टमेंट से जुड़ी जानकारी और अनुभव साझा करने का ग्लोबल प्लेटफॉर्म बन गई

एजेंसी ⏭ गांधीनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को गुजरात के गांधीनगर के महात्मा मंदिर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 के 10वें संस्करण का शुभारंभ किया।

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि इस अमृत काल में यह पहली वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट हो रही है। इसलिए इसका महत्व और बढ़ गया है। इस समिट में आए 100 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि भारत की इस विकास यात्रा के अहम सहयोगी हैं। उन्होंने कहा आपके सपने जितने बड़े होंगे, मेरा संकल्प भी उतना ही बड़ा होगा।




**ऐसा होगा महा-निवेश**

1. *अडाणी करेंगे गुजरात में 1 लाख नौकरियां, 2 लाख करोड़ का निवेश*
2. *ग्रुप अब कच्छ में 25 वर्ग किलोमीटर में फैला 30 गीगावॉट क्षमता वाला एक ग्रीन एनर्जी पार्क बना रहा है जो अंतरिक्ष से भी दिखाई देगा।*
3. *आर्सेलर मित्तल 2029 तक हजीरा में दुनिया के सबसे बड़े इस्पात विनिर्माण कारखाने का करेगा निर्माण*
4. *टाटा संस के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन ने कहा कि हम सी-295 रक्षा विमान भी बना रहे हैं, शुरुआत में वडोदरा में और फिर धोलेरा में और यह काम जोरों पर चल रहा है।*

पीएम ने कहा कि आज भारत ने विश्व को यह भरोसा दिया है कि हम साझा लक्ष्य तय कर सकते हैं, अपने लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। विश्व कल्याण के लिए भारत की प्रतिबद्धता, भारत की निष्ठा, भारत के प्रयास और भारत का परिश्रम आज की दुनिया को ज्यादा सुरक्षित और समृद्ध बना रहा है।

◆ भारत आई-टू, यू-टू और दूसरे मल्टीलेटरल ऑर्गेनाइजेशन के साथ पार्टनरशिप को मजबूत कर रहा



### भारत और यूएई के दिनों-दिन मजबूत हो रहे आत्मीय संबंध

उन्होंने कहा कि यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद का इस आयोजन में शामिल होना बहुत खुशी की बात है। इस समिट में उनका यहां चीफ गेस्ट के तौर पर उपस्थित होना भारत और यूएई के दिनों-दिन मजबूत होते आत्मीय संबंधों का प्रतीक है।

### मोजांबिक, चेक गणराज्य व तिमोर लेस्ते की भारत से घनिष्ठता बढ़ी

पीएम ने आगे कहा कि मोजांबिक के राष्ट्रपति फिलिप न्यूसी की भारत यात्रा से हमारे संबंधों को तो बल मिला ही है भारत-अफ्रीका के बीच घनिष्ठता और बढ़ी है। चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री के बतौर पेत्र फियाला की यह पहली भारत यात्रा है। भारत और चेक गणराज्य के बीच टेक्नोलॉजी, ऑटोमोबाइल्स, मैन्युफैक्चरिंग जैसे सेक्टर्स में सहयोग लगातार बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने तिमोर लेस्ते के राष्ट्रपति रामोस होर्ता का स्वागत करते हुए कहा रामोस होर्ता का गांधीनगर आना और विशेष है।

◆ अडाणी बोले- पीएम ने भारत को ग्लोबल सोशल चैंपियन बनाया





*मुकेश अंबानी ने कहा*

### पीएम मोदी बोलते हैं और 'पूरी दुनिया' सुनती है

उद्योगपति मुकेश अंबानी ने पीएम मोदी की तारीफ में कहा कि अब पीएम मोदी बोलते हैं और पूरी दुनिया उनको सुनती है। पृथ्वी पर कोई भी ताकत भारत को 2047 तक 35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने से नहीं रोक सकती। वहां, गौतम अडाणी ने कहा कि 2014 के बाद से भारत ने सकल घरेलू उत्पाद में 185 प्रतिशत की ग्रोथ और प्रति व्यक्ति आय में 165 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है, जो भू-राजनीतिक और वैश्विक महामारी (कोरोना) संबंधी चुनौतियों को देखते हुए अद्वितीय है। अडाणी ने अंतरराष्ट्रीय सतर पर पीएम मोदी की उपलब्धियों की भी सराहना की। कहा कि आप हमें ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर अपनी आवाज उठाने वाले प्लेटफॉर्म से ग्लोबल प्लेटफॉर्म बनाने वाले राष्ट्र तक ले गए हैं। आप न केवल भविष्य का सोचते हैं बल्कि इसे आकार भी देते हैं। आपने भारत को दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ते हुए राष्ट्र के तौर पर पुनर्स्थापित किया है। वसुधैव कुटुम्बकम व विश्व गुरू के दर्शन के साथ ग्लोबल सोशल चैंपियन बनाया है।

### महासचिवों को नई जिम्मेदारी देना शुरू

## 400 सीटों पर नज़र, विपक्षी नेताओं को भाजपा में शामिल कराने बनाई 'कमेटी'

» अग्रवाल को विजन डॉक्यूमेंट बनाने का काम सौंपा गया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी एक्शन मोड में दिख रही है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी के महासचिवों को नई जिम्मेदारी देना शुरू कर दिया है। सूत्रों के अनुसार पार्टी महासचिव विनोद तावड़े को ज्वॉइनिंग कमेटी का काम संभालने को कहा है।

इस कमेटी का काम दूसरी पार्टियों से प्रभावी नेताओं और मौजूदा सांसदों को भाजपा में शामिल कराने की संभावनाओं को तलाशना होगा। पार्टी ऐसा इसलिए कर रही है, क्योंकि ऐसे नेताओं का असर और चुनाव जीतने की क्षमता देखते हुए उन्हें पार्टी में लाकर चुनाव लड़ाया जा सकता है।



### कांग्रेस ने बताया इसे भाजपा का 'इवेंट'

## सोनिया-खड़गे नहीं होंगे राम मंदिर कार्यक्रम में शामिल, भाजपा बोली- विनाशकाले विपरीत बुद्धि

» शशि थरूर ने कहा था-धर्म सभी का निजी होता है, उस पर सियासत करना सही नहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल नहीं होंगे। इसके अलावा अधीर रंजन चौधरी भी इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। इन सभी नेताओं को राम मंदिर ट्रस्ट की तरफ से 22 जनवरी का न्योता दिया गया था जिस पर कांग्रेस ने लंबे समय से कोई फैसला नहीं लिया। लेकिन अब साफ कर दिया गया है कि कोई भी नेता कार्यक्रम में शिरकत नहीं करने जा रहा है। कांग्रेस की यूपी ईकाई के कुछ नेता जरूरमकर संक्राति के मौके पर राम मंदिर के दर्शन करने जा रहे हैं।



**जो राम को नहीं मानते, वे बहाना ही बनाएंगे**

भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि जो लोग राम को मानते ही नहीं थे, वो कुछ भी बहाना बना सकते हैं। ये कार्यक्रम न्यास का है। अनिल एंटनी ने कहा कि कांग्रेस अब भारत की राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक वास्तविकताओं और भावनाओं से पूरी तरह से कट गई है।

### टाटा की एयरलाइन का बड़ा ऑफर

## यात्रियों की बल्ले-बल्ले! सिर्फ 1799 रु. में हवाई सफर का मजा

◆ एयर इंडिया टाइम टू ट्रैवल सेल के तहत 11 जनवरी 2024 तक बुकिंग की जा सकती है। जबकि ट्रैवल करने की अवधि 30 सितंबर 2024 है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फ्लाइट से सफर करना आज भी एक बड़े वर्ग के लिए किसी सपने जैसा है। आमतौर पर लोग ज्यादा किराये की वजह से इस सपने को साकार नहीं कर पाते हैं। हालांकि, कुछ स्मार्ट तरीके अपनाते हैं तो बेहद सस्ती कीमत में फ्लाइट से सफर का मजा ले सकते हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस एक बड़ा मौका दे रही है। दरअसल, एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 'टाइम टू ट्रैवल' सेल ऑफर के तहत 1799 की शुरुआती कीमत पर टिकट बुकिंग शुरू की है।




**क्या हैं शर्तें?**

यह ऑफर केवल घरेलू एयरलाइंस की उड़ानों पर लागू है। बेस फेयर, टैक्स, एयरपोर्ट चार्ज शामिल हैं। इसमें सुविधा शुल्क या सहायक सेवाएं शामिल नहीं हैं। यह ऑफर ब्लैकआउट तिथियों पर उपलब्ध नहीं है। ऑफर सभी बुकिंग और यात्रा एयरलाइन के नियमों और शर्तों के अधीन हैं। सीटें सीमित हैं और सभी तिथियों, उड़ानों या मार्गों के लिए उपलब्ध नहीं हो सकती हैं। यह पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध है।

### भगवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा से जुड़े कार्यक्रम पर होगी चर्चा

लोकसभा चुनाव सरकार-संगठन के समन्वय पर होगी बात

## आज सीहोर बैठक में कई विषयों पर मंथन करेंगे संघ, भाजपा और सरकार के प्रमुख

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

विधानसभा चुनाव के बाद फिर सत्ता में आई भाजपा के कार्यकाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), भाजपा और सरकार के प्रमुखों की पहली बड़ी बैठक 11 जनवरी को सीहोर स्थित एक होटल में होगी। बैठक में संघ-संगठन और सरकार के बीच समन्वय के साथ आगामी एजेंडे पर खास चर्चा होगी। इस अवसर पर संघ के सर सहकार्यवाह अरुण कुमार, मध्य क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक दीपक बिस्पुते, भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल आदि।

**संतोष और संघ बताएंगे एजेंडा**



सीहोर में होने वाली इस बैठक में बीएल संतोष प्रदेश सरकार और संगठन को केंद्रीय एजेंडा बताएंगे। खासकर लोकसभा चुनाव की तैयारी और 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े कार्यक्रम पर चर्चा होगी। भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े कार्यक्रम को घर-घर पहुंचाने के अभियान की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में रणनीति बनेगी ताकि कार्यक्रम की जानकारी पहुंचाने में कोई घर छूट न पाए। इस कार्यक्रम को लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिहाज से भी चलाया जा रहा है। आरएसएस पदाधिकारी सरकार के काम-काज पर मिले फीडबैक पर चर्चा करेंगे और जरूरी सुझाव देंगे। संघ के अनुषांगिक संगठनों के साथ सरकार और भाजपा के समन्वय पर भी बैठक में चर्चा की जा सकती है।

### राजनीतिक नियुक्तियों पर भी हो सकती है चर्चा

*निगम-मंडलों आदि में की जाने वाली राजनीतिक नियुक्तियों पर भी बैठक में चर्चा हो सकती है। खासकर यह कि मंत्रिमंडल के गठन के बाद इस काम में ज्यादा विलंब न किया जाए और नियुक्तियों के लिए मापदंड तय किए जाएं ताकि विवाद की स्थिति निर्मित न हो। कोशिश यह की जाएगी कि राजनीतिक नियुक्तियों में भाई-भतीजावाद न चले और जो पात्र हों उन्हें ही अवसर दिया जाए।*

चिंतन

# महाराष्ट्र की उठा पटक पर लगना चाहिए विराम

चुनाव आयोग के बाद अब महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने 16 बागी विधायकों की अयोग्यता पर बाला साहेब के पुत्र उद्धव गुट को बड़ा झटका दिया है। अपने फैसले में उन्होंने शिवसेना प्रमुख के अधिकार पर ही सवाल उठा दिए। उन्होंने कहा कि शिवसेना के 1999 के संविधान के मुताबिक असली शिवसेना का फैसला किया गया। उद्धव का नेतृत्व पार्टी के संविधान के मुताबिक नहीं है। एकनाथ शिंदे को पार्टी विधायक दल के नेता के पद से हटाने का हक उद्धव ठाकरे के पास नहीं था। शिंदे गुट की याचिका पर पहले सुनवाई करते हुए स्पीकर ने कहा कि कौन असली शिवसेना है? इसका फैसला शिवसेना के संविधान और व्हिप के आधार पर किया गया। इसी आधार पर ही अयोग्यता पर भी फैसला किया। शिवसेना के संविधान पर दोनों पक्षों पर भरोसा जताया है। स्पीकर के इस फैसले के बाद महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे ही मुख्यमंत्री बने रहेंगे। विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने उनके समेत गुट के 16 विधायकों को अयोग्य करार देने से मना कर दिया। 1200 पेजों के फैसले के मुख्य बिंदुओं को सुनाते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पास शिवसेना के 55 में से 37 विधायक हैं। उनके नेतृत्व वाला गुट ही असली शिवसेना है। स्पीकर ने कहा कि ये साफ है कि सुनील प्रभु को जब चीफ व्हिप नियुक्त किया गया था, तब पार्टी का विभाजन हो चुका था। चुनाव आयोग ने इसी गुट को असली शिवसेना माना है। याद करें महाराष्ट्र में करीब डेढ़ साल पहले शिवसेना में बगावत हुई थी, जिसके बाद शिवसेना के उद्धव गुट ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित उनके गुट के 16 बागी विधायकों को अयोग्य ठहराने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। सुप्रीम कोर्ट ने इसका फैसला विधानसभा स्पीकर पर छोड़ दिया था। पिछले साल चुनाव आयोग का फैसला भी एकनाथ शिंदे गुट के पक्ष में गया था। आयोग ने शिवसेना पार्टी का नाम और चुनाव निशान दोनों उसे ही आवंटित किया था। अब स्पीकर के फैसले के बाद शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र की महायुति सरकार (बीजेपी-शिवसेना और एनसीपी-अजित पवार गुट) की स्थिति और मजबूत हो गई है। वहीं उद्धव ठाकरे को धक्का लगा है और महा विकास अघाड़ी और इंडिया ब्लॉक में भी उनकी हैसियत घट जाएगी। वैसे भी स्पीकर के इस फैसले के बाद उद्धव गुट का सुप्रीम कोर्ट जाना तय नजर आ रहा है। क्योंकि आदित्य ठाकरे ने फैसले से पहले ही स्पीकर पर अविश्वास जता दिया था। इसके अलावा शिवसेना (यूबीटी गुट) सांसद संजय राउत ने पीएम मोदी के 12 जनवरी को होने वाले महाराष्ट्र दौरे पर सवाल उठाया था। इससे साफ है कि यह मुद्दा अभी खत्म नहीं होने वाला। अगले विधानसभा चुनाव के लिए अब महज कुछ ही माह शेष हैं, लेकिन प्रदेश की सियासत शांत होने का नाम ही नहीं ले रही। विस चुनाव के बाद पहले फडणवीस-अजित ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री की शपथ ली। फिर एनसीपी, कांग्रेस, शिवसेना की सरकार बनी। डेढ़ साल पहले शिवसेना में टूट के बाद बीजेपी, एकनाथ शिंदे ने सरकार का गठन किया और बाद में अजीत पंवार उपमुख्यमंत्री बन गए। प्रदेश में राजनीतिक उठा पटक का खमियाजा जनता ने भुगता। होना तो यह चाहिए कि स्पीकर के फैसले के बाद अब इस पर पूर्णविराम लग जाए, लेकिन अभी भी राहत के आसार नजर नहीं आ रहे।



समुद्री सुरक्षा
प्रभात कुमार राय

# समंदर में ताकतवर होता भारत

उत्तरी अरब सागर में भारतीय नौसेना के इस ऑपरेशन की खासी चर्चा है। कहा जा रहा है कि भारत ने पहली बार एक बड़े ऑपरेशन के जरिये अरब सागर में अपनी रणनीतिक अहमियत का एहसास कराया है। इसे अरब सागर में भारत की रणनीतिक स्वायत्तता का ऐलान भी माना जा रहा है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से इसे भारतीय नौसेना को लगातार मजबूत करने की कोशिश के तौर पर पेश किया जा रहा है, जो अरब सागर में किसी भी चुनौती के लिए तैयार है। मौजूदा दौर में जब लाल सागर में समुद्री जहाजों के अपहरण बढ़ रहे हैं और अमेरिकी नौसेना हूती विद्रोहियों से जूझने में लगी है, तब अरब सागर में भारतीय नौसेना के इस ऑपरेशन की अहमियत काफी बढ़ गई है।

सोमालिया के तट पर समुद्री लुटेरों ने लाइबेरिया के एक मालवाहक जहाज, एमवी लीला नॉरफॉक को इसके क्रू मेंबर्स के साथ बंधक बना लिया। इस दल में भारतीय मूल के भी 15 क्रू मेंबर्स शामिल थे। सूचना प्राप्त होने के तत्काल पश्चात ही भारतीय नौसेना ने त्वरित तौर पर जवाबी कार्रवाई अंजाम दी और सभी क्रू मेंबर्स को सकुशल बचा लिया गया और जहाज को भी सकुशल बचा लिया गया। भारतीय नौसेना का शुक्रिया अदा करते हुए सभी क्रू मेंबर्स ने भारत माता की जय के नारे भी बुलंद किए।
भारतीय नौसेना का यह नेवल ऑपरेशन शुक्रवार 5 जनवरी की रात्रि को संपूर्ण हुआ। इस तरह से अदन की खाड़ी में होने वाली समुद्री डकैती का भारतीय नौसेना ने मुंहतोड़ जवाब दे दिया। आईएनसी चेन्नई और उसके कमांडो दस्ते मार्कोस ने लाइबेरिया के मालवाहक जहाज को अगवा करने की कोशिश को नाकाम कर डाला। तलाशी के दौरान समुद्री लुटेरे जहाज पर नहीं मिले। ऐसा माना जा रहा है कि नौसेना से डर कर यह लुटेरे जहाज छोड़कर एकदम फरार हो गए। इससे पहले भी लाइबेरिया के जहाज एमवी केम प्लूटो पर डकैतों ने हमला किया था। इस जहाज में 21 भारतीय क्रू मेंबर्स सवार थे।

उत्तरी अरब सागर में भारतीय नौसेना के इस ऑपरेशन की खासी चर्चा है। कहा जा रहा है कि भारत ने पहली बार एक बड़े ऑपरेशन के जरिये अरब सागर में अपनी रणनीतिक अहमियत का एहसास कराया है। इसे अरब सागर में भारत की रणनीतिक स्वायत्तता का ऐलान भी माना जा रहा है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से इसे भारतीय नौसेना को लगातार मजबूत करने की कोशिश के तौर पर पेश किया जा रहा है, जो अरब सागर में किसी भी चुनौती के लिए तैयार है। मौजूदा दौर में जब लाल सागर में समुद्री जहाजों के अपहरण बढ़ रहे हैं और अमेरिकी नौसेना हूती विद्रोहियों से जूझने में लगी है, तब अरब सागर में भारतीय नौसेना के इस ऑपरेशन की अहमियत काफी बढ़ गई है। भारत अमेरिका के नेतृत्व वाली यूनिट रेड सी टास्क फोर्स का हिस्सा नहीं है।

अरब सागर की सीमा यमन, ओमान, पाकिस्तान, ईरान, भारत और मालदीव को छूती है।अरब सागर तेल और प्राकृतिक गैस का भी बड़ा भंडार और इस क्षेत्र में ऊर्जा का अहम संसाधन भी है। अरब सागर में ईरान, भारत और अमेरिका के नौसैनिक ऑपरेशन चलते हैं और यहां उनके कई नौसैनिक अड्डे भी हैं। इसलिए क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के लिए अरब सागर भारत के लिए अहम समुद्री इलाका है। प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर अफ्रीका और मध्यपूर्व के देशों से लेकर एशियाई देशों के श्रम बाजारों और मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री के लिए अरब सागर में स्थिरता बेहद जरूरी है। भारत की अरब सागर में अपनी एक विशेषज्ञता है और इसे नजरअंदाज करना मुश्किल है। अरब सागर में भारतीय नौसेना को चुनौती देना आसान नहीं है। पिछले महीने भारतीय नौसेना ने अरब सागर में माल्टा के जहाज को समुद्री लुटेरों से बचाने की पहल की थी। भारत के इस ऑपरेशन का सामरिक महत्व यह है कि भारत ये दिखाना



चाहता है कि उसकी नौसेना के पास ऐसी घटनाओं को रोकने की क्षमता है और दूसरी बात ये कि जो अंतरराष्ट्रीय शिप कंपनियां इस रूट पर कारोबार कर रही हैं, उनको भारत की जरूरत है और वे भारत की ताकत व क्षमता को नजरअंदाज नहीं कर सकतीं। पिछले कुछ समय में हिंद महासागर और अरब सागर से लगे कई छोटे देशों का चीन की ओर झुकाव बढ़ता दिखा है। भारत की ये कार्रवाई इन देशों के लिए एक संदेश है। भारत ने इस कार्रवाई के जरिये ये संदेश दिया है कि आप चाहे जो कहें लेकिन यहां के समुद्री रास्तों और संचार को वही नियंत्रित करता है। ये कार्रवाई भारतीय नौसेना की ताकत और क्षमता का भी सुबूत है। पिछले दस साल में भारत ने नौसेना और तटरक्षक बलों को मजबूत किया है।

सितंबर 2008 में हांगकांग से यूरोप जा रहे एक मालवाहक जहाज पर समुद्री डाकुओं ने आक्रमण किया था और उसको अगवा करके सोमालिया के तट पर ले जाया गया था। इस जहाज के चालक दल में भी 18 भारतीय क्रू मेंबर्स थे। यह एक महत्वपूर्ण मोड़ था, जबकि भारत सरकार को यह गंभीर एहसास हुआ कि भारतीय नौसेना को समुद्री डकैतियों को रोकने की खातिर आवश्यक कदम उठाने का हुक्म दिया जाए। नवंबर 2008 के दौरान भारतीय नौसेना को संयुक्त राष्ट्र से समुद्री डकैतियों से निपटने के लिए सोमालिया के समुद्र में प्रवेश करने की अनुमति मिल गई थी। अतः भारतीय नौसेना अक्टूबर 2008 से ही अदन की खाड़ी में समुद्र डकैतियां पर काबू रखने के लिए अपने युद्धपोतों को तैनात करती रही है। अरब सागर में भारत आ रहे जहाजों पर ऐसे वक्त में हमले किए जा रहे हैं, जब लाल सागर में यमन के हूती विद्रोही इसराइल और उसके सहयोगी देशों से संबद्ध जहाजों को निशाना बना रहे हैं।

अदन की खाड़ी वस्तुतः व्यापारिक शिपिंग के लिए प्रमुख राजमार्ग रहा है। खास तौर पर फारस की खाड़ी के देशों के तेल निर्यात के लिए जिसका तकरीबन 11 फीसदी पेट्रोलियम स्वेज नहर और अदन की खाड़ी से होकर गुजरता है। भारत को सालाना 50 अरब डॉलर का आयात इस समुद्र मार्ग से प्राप्त होता है और इसी क्षेत्र से 60 अरब डॉलर का निर्यात भी होता है। वर्ष 2005 और 2012 के मध्य सोमालिया और अदन की खाड़ी के समुद्र में समुद्री डकैतियां प्रमुख तौर पर दनदनाती रहीं। पश्चिमी हिंद महासागर और अदन की खाड़ी में इन डकैतियों का दमन करने के लिए विशेष आचार संहिता को अपनाया गया। बहुराष्ट्रीय राष्ट्रीय नौ सेना गठबंधन के अधीन समुद्र में संयुक्त गश्त संचालित किए गए। भारत संयुक्त नेवल अभियानों का भी प्रमुख पर्यवेक्षक रहा है।

मलक्का जलडमरूमध्य मलेशिया सिंगापुर और इंडोनेशिया के मध्य स्थित है। यह दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय शिपिंग मार्गों में से एक रहा है, जहां से सालाना 65000 जहाज गुजरते हैं जो कि विश्व व्यापार का लगभग एक तिहाई और वैश्विक ऊर्जा पूर्ति का तकरीबन आधा हिस्सा तय करते हैं। यह हिंद महासागर को प्रशांत महासागर से भी जोड़ता है। यह समस्त इलाका समुद्री डकैतियों के लिए सबसे अधिक कुख्यात रहा। एशिया में जहाज़ों के खिलाफ समुद्री डकैतियों से निपटने के लिए क्षेत्रीय सहयोग समझौता 4 दिसंबर 2006 को इस क्षेत्र के लिए अनुबंध करने वाले 14 देशों द्वारा संपन्न किया गया था। इस क्षेत्रीय सहयोग समझौते में भारत भी एक महत्वपूर्ण सदस्य है। इसमें से समुद्री पायरेसी से संबंधित जानकारी साझा करने के लिए सूचना साझाकरण केंद्र भी शामिल है। एक दौर में इस इलाके में समुद्री डकैतियां चरम पर थीं। संयुक्त नेवल अभियान के परिणाम स्वरुप मलक्का जलडमरु मध्य क्षेत्र में समुद्री डकैतियों मे जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है। आज सभी देश मिलकर समुद्री डकैतियों को रोकें।

(लेखक विदेश मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

पुण्यतिथि पर विशेष
डॉ. जगदेव विद्यालंकार



# आदर्श राजनेता शास्त्री से सीखें आज के नेता

भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 2 अक्तूबर सन 1904 को मुगल सराय वाराणसी, उत्तर प्रदेश में हुआ। वर्ष 1921 में शास्त्री जी अपनी पढ़ाई छोड़कर महात्मा गांधी द्वारा संचालित असहयोग आंदोलन में कूद पड़े तथा लाला लाजपत राय द्वारा बनाई गई 'द सर्विस ऑफ द पीपल सोसायटी'से जुड़कर भी कार्य किया। ब्रिटिश शासन के करों का भुगतान न करने के लिए सम्बोधित किया। उसके बाद उन्होंने डांडी यात्रा और भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में शास्त्री जी ने गांधी द्वारा प्रदत्त नारे 'करो या मरो' को बदलकर 'मरो नहीं मारो' कर दिया और देशवासियों को इसके लिए उत्साहित किया। उस समय शास्त्री जी को एक वर्ष के लिए जेल जाना पड़ा। शास्त्री जी अत्यधिक उत्साही और कर्मठ थे। स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरान्त उत्तर प्रदेश सरकार में गोविन्द बल्लभ पन्त के मुखमन्त्रीत्वकाल में लाल बहादुर शास्त्री को उनकी अद्भुत प्रशासनिक क्षमता और संगठन कौशल के आधार पर संसदीय सचिव के रूप में नियुक्त किया गया और तत्पश्चात परिवहन मन्त्री बना दिया गया। स्वतन्त्र भारत में 1952 में पहले लोकसभा चुनाव में भी शास्त्री को कांग्रेस के महासचिव का उत्तरदायित्व दिया गया जिसमें भारी जीत हुई और शास्त्री जी को केन्द्रीय मन्त्रीमंडल में स्थान दिया गया उन्होंने रेलवे




मन्त्री के रूप में कार्य किया और 1956 में हुई रेल दुर्घटना में स्वयं को उतरदाई मानते हुए पद से त्यागपत्र दे दिया। यह उनके त्याग और साहस का परिचायक था। तत्पश्चात उनको गृहमंत्री का महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व दिया गया, जिसका उन्होंने बखूबी निर्वाह किया। नौ जून 1965 को पंडित जवाहर लाल नेहरू के आकस्मिक निधन के बाद शास्त्री जी को प्रधानमंत्री का गरिमामय पद प्रदान किया गया।

1962 के भारत-चीन युद्ध में भारत को बुरी पराजय का मुहं देखना पड़ा था। इसी से उत्साहित होकर 1965 में पाकिस्तान ने भारत पर आक्रमण कर दिया, पर वह भूल गया था कि अब भारत की बागडोर नेहरू नहीं अपितु महान देशभक्त लालबहादुर शास्त्री के हाथ में थी, परिणामस्वरूप अमेरिका द्वारा प्रदान पैटर्न टैंकों को ध्वस्त कर शास्त्री जी ने भारी विजय दिलाई। शास्त्री जी द्वारा दिए गए नारे जय जवान जय किसान के भारत के वीरों में प्राण फूंक दिए थे। दस जनवरी 1966 को भारत-पाक युद्ध की वस्तुस्थिति पर चर्चा करने के लिए सोवियत संघ के नगर ताराकन्द में बैठक में शास्त्री जी सम्मिलित हुए और उसी रात (तारीख बदल चुकी थी, 11 जनवरी) उनकी रहस्यमय मृत्यु हो गई। उनके शव का पोस्टमार्टम भी नहीं किया गया और यह घोषित कर दिया गया कि शास्त्री जी की मृत्यु हृदयाघात से हुई है। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती ललिता शास्त्री ने उनके नीले पड़े हुए शरीर को देखकर यह कहा था उन्हें जहर दिया गया है, परन्तु उनकी बात की ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया। आज तक भी शास्त्री जी की मृत्यु रहस्य बनी हुई है। इस प्रकार से मां भारती के सच्चे सपूत, उत्साही वीर, कर्मठ देशभक्त शास्त्री जी अकाल मृत्यु के ग्रास बन गए। शास्त्री जी का 19 महीने का कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों में अंकित करने योग्य है।

शास्त्री जी विनयशीलता के साथ-साथ अदम्य वीरता और पौरुष के भी धनी थे। संघर्षों को वे जीवन की क्रीड़ा समझते थे। देश की अखंडता और एकता को बनाए रखने के लिए और राष्ट्र के विकास के मार्ग को प्रशस्त करने के लिए श्री शास्त्री जी का अमूल्य योगदान रहा है। शास्त्री जी ऐसे कर्मयोगी थे जिनकी फल के प्रति आसक्ति नहीं थी, वे सत्तासुख से निरंतर विमुख बने रहे, उनके उज्ज्वल चरित्र की कान्ति आज भी विश्व में देदीप्यमान है। शास्त्री जी ऐसे गुदड़ी के लाल थे जिनको समझ पाना सबके बूते की बात नहीं थी। उनकी कद काठी को हलके में लेते हुए राष्ट्रपति अयूब खां ने एक बार कराची के हवाई अड्डे पर उनका उपहास कर दिया था जिसका उत्तर शास्त्री जी ने नेहरू की मृत्यु पर अयूब खां के दिल्ली न पहुंचने पर यह कह कर दिया था- आपको दिल्ली, आने की जरूरत नहीं, हम खुद ही लाहौर तक आ जाएंगे और 1965 के युद्ध में शास्त्री जी ने अपने इस कथन को सच करके दिखा दिया था। उनके जीवन में ईमानदारी के अनेक प्रसंग आते हैं जो आज के नेताओं के लिए प्रेरक और मार्गदर्शक हैं। शास्त्री जी इतने सादगी प्रिय और मितव्ययी थे कि वे दो ड्रेस से अधिक एक बार में नहीं रखते थे।

(लेखक शिक्षाविद् हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## क्षमा करें और भूल जाएं



संकलित
दर्शन

जीवन में हमें कई बार चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना पड़ता है। जीवन में हमारा किसी न किसी ऐसी घटना से साक्षात्कार होता है, जो हमें पसंद नहीं होती या जिसके कारण हमें दुख होता है। जैसे किसी व्यक्ति ने हमारा किसी तरह अनुचित किया हो, शब्दों से हमें भावनात्मक रूप से दुख पहुंचाया हो या शारीरिक कष्ट पहुंचाया हो। परिणाम यह होता है कि हम निराश, दुखी और क्रोधित हो जाते हैं। जब तक हम किसी को क्षमा नहीं करते, तब तक हमारे साथ क्या होता है? हम हमेशा उसी घटना के बारे में सोचते रहते हैं या किसी और से भी उन बातों को दोहराते रहते हैं। कुछ लोग जिनका स्वयं पर नियंत्रण नहीं होता, वे शारीरिक रूप से उस व्यक्ति को हानि पहुंचाते हैं या अपना क्रोध किसी और पर निकालते हैं। ऐसा होने पर हम अपने चारों ओर नकारात्मक वातावरण पैदा कर लेते हैं। अपने मन की शांति खो देते हैं। कुछ क्षणों में घटित हुई घटना के लिए हम अपने जीवन के तमाम घंटे इस बात में लगा देते हैं कि उसका बदला कैसे लें। यदि हम इसके बजाय क्षमा कर दें तो हम इस समय का शांतिपूर्वक सदुपयोग कर सकते हैं। हम अपना ध्यान उस ओर लगाएं, जो आध्यात्मिक रूप से मददगार हो। जैसे कि पिता-परमेश्वर को याद करना, ध्यान-अभ्यास करना, निष्काम सेवा करना और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करना। आध्यात्मिक मार्ग पर ध्यान-अभ्यास में सफलता अपने मन को स्थिर करके अंतर में ध्यान टिकाने पर निर्भर है।

## हनुमान जी ने सूर्य देव से हासिल किया था ज्ञान



संकलित
प्रेरणा

गुरु पूर्णिमा पर गुरु का पूजन किया जाता है। शास्त्रों में गुरु को भगवान के बराबर माना गया है। महाभारत, रामायण में गुरु-शिष्य से जुड़ी कई कथाएं हैं। सूर्य पंचदेवों में से एक हैं और हनुमान जी के गुरु भी हैं। बाल हनुमान जब थोड़े बड़े हुए तो माता अंजनी और पिता केसरी ने उन्हें सूर्य देव के पास ज्ञान हासिल करने के लिए भेजा। माता-पिता की बात मानकर हनुमान जी ने सूर्य देव के पास पहुंचे और उनसे गुरु बनने के लिए प्रार्थना की। हनुमान जी की बात सुनकर सूर्य देव ने कहा कि मैं तो एक पल के लिए कहीं रूका नहीं हूं, न ही मैं रथ से उतर सकता हूं तो ऐसी स्थिति में मैं तुम्हें ज्ञान नहीं दे पाऊंगा। तब हनुमान जी ने कहा कि आप अपनी गति कम किए बिना ही मुझे ज्ञान दीजिए। मैं आपके साथ चलते-चलते विद्या हासिल कर लूंगा। इस बात के लिए सूर्य देव मान गए। इसके बाद सूर्य देव ने हनुमान जी को सभी वेदों और शास्त्रों का ज्ञान दिया। इस प्रकार सूर्यदेव की कृपा से ही हनुमान जी को ज्ञान मिला। इस प्रसंग में हनुमान जी ने संदेश दिया है कि योग्य गुरु से ज्ञान हासिल के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। योग्य गुरु ही हमें सही ज्ञान प्रदान कर सकते हैं। आज योग्य गुरु की तलाश काफी कठिन हो गई है।

## सटाका




## आज की पाती

### मोटे अनाज के उत्पादन पर जोर

श्रीअन्न या मोटे अनाज (मिलेट्स) की चारों तरफ खूब चर्चा है। मध्यप्रदेश सरकार ने 3 जनवरी को रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना लागू करने का निर्णय किया है। इसके तहत मोटे अनाज- कोदो-कुटकी, रागी, ज्वार, बाजरा आदि का उत्पादन करने वाले किसानों को प्रति किलो 10 रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। यह राशि सीधे किसानों के खाते में भेजी जाएगी। केंद्र सरकार लगातार मोटे अनाज के उत्पादन व उपभोग पर जोर दे रही है। ऐसे में मध्यप्रदेश के अलावा भी कई राज्यों में मोटे अनाज की खेती करने पर किसानों को बंपर सब्सिडी दी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2018 में मोटे अनाज को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए वर्ष 2018 को मिलेट्स वर्ष घोषित किया था। -सुखदेव वर्मा, धमतरी

## ट्रेंड

### दुनिया देख रही




दुनिया भारत को इस रूप में देखती है। स्थिरता महत्वपूर्ण, एक दोस्त जिस पर भरोसा किया जा सकता है। एक ऐसा भागीदार जो जन-केंद्रित विकास में विश्वास रखता है। एक आवाज जो वैश्विक भलाई में विश्वास करती है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग ठीक




बेल्जियम में प्रयुक्त होने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग की प्रणाली ठीक वैसी ही है जैसी इंडिया अलायंस ने चुनाव आयोग से मांग की है। स्मार्टमैट्रिक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली का उपयोग करने से चुनाव में मतदान करना कितना आसान है।
-दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता

### हमें आगे बढ़ना होगा



अब हमें लक्षद्वीप के लिए विश्व स्तरीय कनेक्टिविटी और हाई-एंड रिसॉर्ट्स विकसित करने के लिए तेजी से आगे बढ़ना होगा, लेकिन साथ ही द्वीपों के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र को संरक्षित करने के लिए प्रबंधन भी करना होगा।
-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति

### भावनाएं जरूरी




भारत के किसी गांव में छोटे बच्चे को हमारा राष्ट्रीय गान गाते देख कर ही किसी ने सच कहा है, शब्द नहीं, भावनाएं ज़्यादा ज़रूरी होती है। मुझे ये वीडियो किसी ने भेजा। बच्चे का अता पता मिल जाए तो इसके जीवन भर की पढ़ाई का ज़िम्मा उठा सकते हैं।
-अनुपम खेर, अभिनेता

## करंट अफेयर

# दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति बोले 'मैं बिल्कुल ठीक हूं'


दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराए जाने संबंधित सोशल मीडिया पर प्रसारित खबरों का खंडन किया और कहा कि वह 'बिल्कुल ठीक' हैं। रामफोसा ने कहा कि उनके आईसीयू में भर्ती होने की खबरें 'बढ़ा-चढ़ा कर' प्रसारित की गई थीं और वह अधिकारियों की सलाह पर रविवार को घर से काम कर रहे थे। अधिकारियों ने उन्हें व्यस्त सप्ताह को लेकर घर पर सुरक्षित वातावरण में रहने की सलाह दी थी। रामफोसा ने सोमवार को रंगभेद विरोधी आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी) के सदस्यों को सम्मानित करने के लिए लिम्पोपो प्रांत में एक पुष्पांजलि समारोह में यह टिप्पणी की। राष्ट्रपति का स्पष्टीकरण रविवार को सोशल मीडिया पर प्रसारित उन खबरों के बाद आया जिसमें दावा किया गया था कि उन्हें प्रिटोरिया के 1-सैन्य अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर विपक्षी पार्टी इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स के नेता जूलियस मैलेमा के एक फर्जी खाते से दावा किया गया कि रविवार को अस्पताल में भर्ती होने से पहले रामफोसा (दिल का दौरा पड़ने के बाद) गिर गए थे। लिम्पोपो के कार्यक्रम में रामफोसा ने कहा कि उनका स्वास्थ्य बेहतर है।



## ऑफ बीट

# अपनी चादरें और तौलिये कब-कब धोने चाहिए?

यूनाइटेड किंगडम में किए गए एक सर्वेक्षण में, एकल पुरुषों में से लगभग आधे ने बताया कि वे कई बार चार महीने तक अपनी चादरें नहीं धोते हैं।



यह बिल्कुल स्पष्ट है कि इसे बिना धुले छोड़ने के लिए चार महीने बहुत अधिक हैं, लेकिन आदर्श आवृत्ति क्या है? वैसे भी, साफ चादरों का अहसास या नए धुले तौलिये की गंध किसे पसंद नहीं होगी? आपको तौलिये को अधिक बार क्यों धोना चाहिए? जब आप अपने आप को सुखाते हैं, तो आप तौलिये पर हजारों त्वचा कोशिकाएं और लाखों रोगाणु जमा कर देते हैं। और क्योंकि आप शॉवर या स्नान के बाद खुद को सुखाने के लिए अपने तौलिये का उपयोग करते हैं, इसलिए आपका तौलिया नियमित रूप से गीला रहता है। आप हर रात अपनी चादरों पर भारी मात्रा में मृत त्वचा, रोगाणु, पसीना और तेल भी जमा कर देते हैं। लेकिन अगर आप रात में स्वेटर न पहनते हों, रात की नींद के बाद आपका बिस्तर गीला नहीं होता। तौलिये चादरों की तुलना में अधिक मोटे पदार्थ से बने होते हैं और इसलिए अधिक समय तक नम रहते हैं। तो नमी के बारे में ऐसा क्या है जो समस्या का कारण बनता है? गीले तौलिये बैक्टीरिया और फफूंद के प्रजनन स्थल होते हैं। फफूंद विशेष रूप से नम वातावरण पसंद करते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com





# ओस और कोहरे से थमा शहर

## दिन भर छाए रहे बादल, चली शीतलहर

**जबलपुर। बुधवार को दोपहर 12 बजे तक जबरदस्त कोहरा छाया रहा और सुबह ओस की बूंदों ने ठंडक घोली, जिससे पारा धराशायी हो गया। दिन का तापमान औसत से 7 डिग्री नीचे आ गया। दिनभर शीतलहर चलती रही। बुधवार को पूरे दिन घने बादल ओर कोहरे के कारण लोग ठिठुरते रहे। ठण्ड इतनी रही कि उम्रदराज लोग दिन में भी आग तापते रहे। भीषण ठण्ड की वजह से बुधवार बाजारों में रौनक कम रही।**

अलबत्ता ठण्ड का लुफ्त उठाने युवा वर्ग गर्म कपड़ों के साथ सड़कों पर घूमते नजर आये। पूर्व मध्यप्रदेश के ऊपर हवाओं के ऊपरी चक्रवात के कारण क्षेत्र बना हुआ है। अगले 24 घण्टों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है लेकिन घना कोहरा छाने की बात वैज्ञानिक कह रहे है। बुधवार की सुबह लोग जैसे ही कंबल तथा रजाई से निकले और बाहर निकले तो उनका सामना घने कोहरे से हुआ। कोहरा ऐसा की कुछ भी नजर नहीं आ रहा था। ऐसा लग रहा था कि शहर कोहरे में गुम गया हो। सुबह तो दृश्यता शून्य हो गई। लगभग एक घंटे तक यही स्थिति बनी रही। इसके बाद धीरे-धीरे कोहरा छटना शुरू हो गया। कोहरे के कारण विजिबिलिटी घटने सामने वाला आदमी भी नहीं दिख रहा था। सुबह विजिबिलिटि 800 थी। कोहरा इतना घना था कि दृश्यता शुन्य हो गई थी। सामान्य परिस्थितियों में दृश्यता करीब 5 हजार मीटर तक रहती है। सुबह वाहन चालक हेडलाइट जलाकर धीमी गति से गंतव्य को जाते नजर आए। दोपहर 12 बजे से कोहरा छटना शुरू हुआ था। मौसम केन्द्र के अनुसार आज सुबह साढ़े आठ बजे तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रहा। साढ़े नौ बजे तक पारा ऊपर चढ़कर 15.3 डिग्री पर आ गया। तापमान बढ़ने से कुछ राहत का माहौल बना। हालांकि ठंडी हवा तो चलती रही। कोहरे के दौरान सर्द हवा ने ठंडक और बढ़ा दी थी। उधर, रात में ठंडी हवाएं चलती रहीं। मौसम विशेषज्ञों ने एक-दो दिन में मौसम साफ होने पर रात के तापमान में गिरावट की बात कही है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि सर्दी के मौसम में दिल्ली, चंडीगढ़, यूपी में ऐसा कोहरा आम बात है, लेकिन मध्यप्रदेश में इतना घना कोहरा कम ही देखने को मिलता है। मौसम केन्द्र के आंकड़ों के मुताबिक पिछले कुछ वर्षों में कोहरे के दौरान दृश्यता में इतनी कमी नहीं आई है।

मौसम विभाग के मुताबिक अभी कोहरे के आसार बने हुए है। पश्चिमी विक्षोप की वजह से पूर्वी स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 17.5 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 7 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 15.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 5 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 98 प्रतिशत और सायंकाल 94 प्रतिशत दर्ज की गई। सूर्योदय सुबह 6.54 बजे और सूर्यास्त शाम 5.43 बजे हुआ। कोहरा छाने और मौसम शुष्क रहने की संभावना है। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री व न्यूनतम तापमान 06.03 डिग्री दर्ज किया गया था। उत्तरी हवाएं 3 से 4 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से दर्ज की गई। प्रदेश में सबसे कम 9 डिग्री तापमान रीवा जिले में दर्ज किया गया।

# तीन पत्ती से मिलौनीगंज तक हटाए गए अतिक्रमण

## महापौर ने खुद मैदान में उतरकर लोगों से की अपील




**जबलपुर।** शहर के यातायात को व्यवस्थित करने और साफ, स्वच्छ शहर की दिशा में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू कल फिर अतिक्रमणों को हटवाने मैदान में उतरे। उन्होंने कहा कि व्यापारी संघों से पहले चर्चा हुई थी कि मुख्य मार्ग बाजारों में यातायात को सुगम बनाने व्यापारी दुकानों पर अपना सामान नहीं रखेंगे और सड़क किनारे दुकान नहीं लगाने देंगे। कई दिनों तक समझाईश देने के बाद भी बात नहीं बनी तो सड़कों पर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरु हुई। मंगलवार को जहां रेलवे स्टेशन के पास यह कार्रवाई की गई थी वही बुधवार को नगर निगम मुख्यालय से शुरु हुई कार्रवाई, तीन पत्ती, श्याम टॉकीज, गंजीपुरा, बड़ा फुहारा से मिलौनीगंज तक की गई। इस दौरान कई अस्थाई अतिक्रमण हटाए गए और कुछ ठेले टपरों वालों को समझाईश दी गई। महापौर ने हाथ जोड़कर व्यापारियों से आग्रह किया कि शहर उनका अपना है इसे साफ, स्वच्छ और सुंदर बनाने में निगम प्रशासन का सहयोग प्रदान करे। बुधवार को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के निर्देश पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। नगर निगम मुख्यालय तीन पत्ती चौक से लेकर मालवीय चौक तक जमे अस्थाई कब्जों को हटाया गया।दोपहर करीब 12 बजे पहुंचे अतिक्रमण अमले ने सबसे पहले मुख्यालय के सामने जमे जूते-चप्पल वालों को हटाया। टीम को देखकर कई ठेले वाले भाग निकले और जब नहीं भागे उनके ठेले-टपरों को जब्त कर ला गया। इस दौरान कई स्थानों पर विवादित स्थिति भी निर्मित हुई लेकिन पुलिस बल के सामने अतिक्रमणकारियों की एक नहीं चली। जहां महापौर ने खुद पहुंचकर ठेले-टपरे वालों को शहर विकास में सहयोगी बनने की समझाइश दी थी।



## कलेक्टर ने किया कलेक्ट्रेट का निरीक्षण

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने बुधवार को कलेक्टर कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने जहाँ अभिलेखागार में रिकॉर्ड्स के रखरखाव की व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिये, वहीं सीलिंग शाखा में दर्ज प्रकरणों की ब्यौरा लिया। सक्सेना ने कलेक्टर कार्यालय की शस्त्र शाखा एवं रांझी एसडीएम न्यायालय के कामकाज का जायजा भी लिया। कलेक्टर जिला कोषालय के डबल लॉक रूम एवं कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मॉडल रिकार्ड रूम एवं पंजीयन कार्यालय भी पहुँचे । उन्होंने पंजीयन कार्यालय में संपत्ति का रजिस्ट्रेशन कराने आये लोगों से बात की। अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह एवं सयुंक्त कलेक्टर श्रीमती अदिति यादव भी इस अवसर पर उनके साथ थीं।

## बढ़ रहा नो हेलमेट जोन का दायरा

**जबलपुर।** हेलमेट जोन का दायरा पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार बढ़ाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को पुलिस अधीक्षक जबलपुर के निर्देश पर आदिशंकराचार्य चौक से आजाद चौक और गढ़ा त्रिपुरी चौक से पिसनहारी मढिया मार्ग पर नई व्यवस्था लागू की गई है। एक और मार्ग को हेलमेट एवं सीट बेल्ट जोन घोषित कर दिया गया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने यह कदम उठाए जा रहे हैं। जिसके चलते बुधवार 10 जनवरी से गोरखपुर क्षेत्र अंतर्गत छोटी लाइन फाटक से आजाद चौक तक के मार्ग को हेलमेट एवं सीट बेल्ट अनिवार्य जोन बनाया गया है। उक्त मार्ग पर बुधवार सुबह 11 बजे से व्यवस्था लगा दी गई है। गौरतलब है कि इसके पहले थाना कैंट अंतर्गत सदर मेन रोड पैंटी नाका चौक से गणेश चौक और थाना सिविल लाईन अंतर्गत चुंगी नाका से इलाहबाद चौक तक के मार्ग को हैल्मेट एवं सीट बैल्ट जोन घोषित किया जा चुका है। जहां पर लोग हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग किए बिना नहीं गुजर सकते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट कालेजियम ने केंद्र सरकार को भेजे नाम

# हाई कोर्ट में तीन नए जजों की नियुक्ति की अनुशंसा



**जबलपुर।** भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कालेजियम ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए पूर्व रजिस्ट्रार जनरल रामकुमार चौबे के नाम की अनुशंसा केंद्र सरकार से की है। इसके अलावा हाई कोर्ट में जज की नियुक्ति के लिए अधिवक्ता दीपक खोत और पवन कुमार द्विवेदी के नामों की भी अनुशंसा की गई है। नियमानुसार अब इन नामों पर राष्ट्रपति की मुहर शेष है। यह प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही शपथ-ग्रहण समारोह का आयोजन होगा। इसके साथ ही नए जज पदभार ग्रहण कर लेंगे।

### कुल 43 जज हो जाएंगे, 10 पद बचेंगे रिक्त

वर्तमान में हाई कोर्ट में 40 न्यायाधीश नियुक्त हैं। जबकि कुल स्वीकृत पद 53 हैं। लिहाजा, तीन जज बढ़ने से कुल जज 43 हो जाएंगे। जबकि रिक्त पद 10 बचेंगे। उल्लेखनीय है कि लंबे समय से सभी स्वीकृत पद भरे जाने की मांग जारी है। जिसे गंभीरता से लेकर मप्र हाई कोर्ट कालेजियम के स्तर पर सुप्रीम कोर्ट कालेजियम को नाम भेजे गए। उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में शेष पद भी भर लिए जाएंगे।

## हाई कोर्ट ने पौधारोपण के लिए आरक्षित भूमि से सड़क निर्माण पर मांगा जवाब

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने पौधारोपण के लिए आरक्षित भूमि से सड़क निर्माण पर राज्य शासन, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, कलेक्टर उमरिया व बिल्डर कबीर बिल्डिकान को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया है। मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ व न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की युगलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान याचिकाकर्ता उमरिया निवासी विकास सचदेवा की ओर से अधिवक्ता हिमांशु मिश्रा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि ग्रामीण यांत्रिकी विभाग ने निविदा जारी कर दी। उमरिया जिले से निकलने वाले एनएच-43 से राधा स्वामी सत्संग भवन तक बिल्डर ने पौधारोपण के लिए आरक्षित जमीन पर सड़क का निर्माण कर दिया था। बिल्डर ने कालोनी निर्माण करने के लिए 40 फुट एप्रोच रोड के आवश्यक नियम की पूर्ति के लिए ऐसा किया था। शिकायत पर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग ने बिल्डर को जारी अपनी एनओसी निरस्त कर दी थी। सड़क का निर्माण नहर के किनारे किया गया है। उक्त जमीन जल संसाधन विभाग की है और पौधारोपण के लिए आरक्षित है। सड़क निर्माण से सरकारी धन का दुरुपयोग होगा और पर्यावरण के लिए घातक है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा और पीएम जनमन योजना के क्रियान्वयन पर तत्परता से कार्य करें : कमिश्नर वर्मा

# संभागायुक्त ने दिये आवश्यक निर्देश

जबलपुर।

संभागायुक्त अभय वर्मा ने वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से संभाग के सभी कलेक्टर्स से ज्वलंत विषयों पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राजस्व न्यायालयों के प्रकरणों की समीक्षा करें और इनके निराकरण के लिये महाअभियान चलायें। जिसमें नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, आरसीएमएस के प्रकरण आदि राजस्व प्रकरणों का निराकरण समयसीमा में करना सुनिश्चित करें। साथ ही साइबर तहसील के तहत बिना आवेदन के नामांतरण और अभिलेख दुरुस्तीकरण करें। सीएम मॉनिट के पेंडिंग प्रकरणों के निराकरण के साथ विभागीय जांच की स्थिति की समीक्षा की गई। उन्होनें कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अभी उच्च प्राथमिकता में है, अतः शासन की योजनाओं से प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करें और इसके लिये कैंम्प भी लगायें। प्रधानमंत्री जनमन योजना केन्द्र शासन की महत्वपूर्ण योजना है, अतः इसमें केन्द्र सरकार की विभिन्न




योजनाओं से आदिम जनजातियों को सेच्युरेट किया जाना है। जिसमें आधारकार्ड, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, प्रधानमंत्री जनधन, पीएम जीवन ज्योति बीमा, पीएम सुरक्षा बीमा एवं पेंशन योजनाएं, पीएम विश्वकर्मा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम मात वंदना योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम, सिकिल सेल मिशन, राष्ट्रीय टीवी उन्नमूलन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जाति प्रमाण पत्र, समग्र शिक्षा के तहत स्कूल तथा ड्रापआउट बच्चों के लिये होस्टल, घरो में नलों से पानी की सप्लाई, आंगनवाड़ी केन्द्रों का संचालन, सभी परिवारों के घरों का उर्जीकरण, वन धन विकास केन्द्रों की स्थापना, सोलर लाईट, मोबाईल कनेक्टीविटी एवं कौशल उन्नयन आदि योजनाओं से लाभांवित किया जाना है। इस दिशा में सर्पियता से कार्य करें और 15 जनवरी तक हितग्राहियों को योजना से सेच्युरेट किया जाये। बैठक में सीएम हेल्पलाईन की ग्रेडिंग सुधारने, धान उपार्जन की व्यवस्थायें ठीक करने, परिवाहन व भुगतान में गति लाने के निर्देश दिये। भू अर्जन के लंबित प्रकरण के निराकरण के साथ खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करनें और आरबीसी 6(4) के प्रकरणों का निराकरण संवेदनशीलता के साथ करने के निर्देश देते हुये कहा कि पुलिस थानों के सीमाओं का पुनर्निधारण करने की दिशा में सक्रियता से कार्य करें। इसके साथ ही लोकसभा निर्वाचन में मतदाता सूची के अपडेशन के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये।

## ड्यूप्लेक्स विक्रय अनुबंध की अग्रिम राशि 10 लाख रुपये ब्याज सहित लौटाएं

- जिला उपभोक्ता आयोग का आदेश : बिल्डर आर पेयर डेवलपर्स को निर्देश
- सेवा में की व अनुचित व्यापार प्रथा का आरोप सही पाया

जबलपुर। जिला उपभोक्ता आयोग ने सेवा में कमी व अनुचित व्यापार प्रथा के आरोप को सही पाया। इसी के साथ बिल्डर आर पेयर डेवलपर्स के जे रविकिरण व रमनदीप सिंह उब्बी को निर्देश दिया कि वे 45 दिन के भीतर ड्यूप्लेक्स विक्रय अनुबंध की अग्रिम राशि 10 लाख रुपये ब्याज सहित लौटाएं। यही नहीं मानसिक पीड़ा के 15 हजार व मुकदमे का खर्च पांच हजार भी भुगतान करें। ऐसा न किए जाने पर ताअदयगी नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से राशि लौटानी होगी।

जिला उपभोक्ता आयोग के चेयरमैन पंकज यादव व सदस्य अमित सिंह तिवारी की युगलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान परिवादी बोस कालोनी, नर्मदा रोड, जबलपुर निवासी पराग ए ग्रोवर की ओर से अधिवक्ता विनय पांडे, आदेश जांबुलकर व आदित्य खरे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि तिलवाराघाट थाने के पीछे एवेन्यु-100 नामक आवासीय परिसर विकसित किया जा रहा है, जिसमें बनने जा रहे ड्यूप्लेक्स बुक करने की प्रक्रिया अंतर्गत परिवादी से 14 मार्च, 2018 को 10 लाख रुपये अग्रिम अनुबंध राशि आटीजीएस के माध्यम से प्राप्त कर ली गई थी। कुल अनुबंध 30 लाख का हुआ था। शेष राशि रजिस्ट्री के बाद भुगतान करने की शर्त लगाई गई थी। लेकिन समय गुजरता गया और ड्यूप्लेक्स का कहीं अता-पता नहीं रहा। लिहाजा, संपर्क साधा गया। जिस पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।

### मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना

## जिले की 3 लाख 90 हजार महिलाओं के खाते में 48 करोड़

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने महिला सशक्तिकरण एवं युवा ऊर्जा पर केंद्रित मकर सक्रांति उत्सव के शुभारंभ पर राजधानी भोपाल में बुधवार को आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की प्रदेश की 1 करोड़ 29 लाख लाभार्थी बहनों के खाते में 1576.61 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की । दस जनवरी से पन्द्रह जनवरी तक चलने वाले मकर सक्रांति उत्सव के शुभारंभ के इस समारोह का जबलपुर जिले में कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी के व्हीसी रूम सहित नगर निगम के जोन कार्यालयों, सभी नगरीय निकायों, जनपद पंचायत मुख्यालयों एवं ग्राम पंचायतों मेंकार्यक्रम आयोजित किये गये । इन कार्यक्रमों में भोपाल से मुख्यमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया । कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की लाभार्थी बहनें शामिल हुईं । मुख्यमंत्री डॉ यादव ने भोपाल में आयोजित समारोह से सिंगल क्लिक के जरिये जबलपुर जिले की 3 लाख 89 हजार 989 बहनों के खाते में 1250 रुपये के मान से कुल 48 करोड़ 74 लाख 86 हजार 250 रुपये की राशि अंतरित की ।

# गैंगस्टर छोटू चौबे गैंग ने की अनिराज नायडू की हत्या

## अंधी हत्या की गुत्थी माढ़ोताल पुलिस ने सुलझाई

**जबलपुर।** कुख्यात अपराधी अनिराज नायडू की अंधी हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली। पुलिस के मुताबिक मृतक अनिराज नायडू जो खुद फरार गैंगस्टर सुयश उर्फ छोटू चौबे की गैंग का सदस्य था। बाद में छोटू गैंग के विरोधियों के साथ मिलकर वह छोटू के लिए चुनौती बनने लगा था। जिसे चार लोगों ने मिलकर गोली से उड़ा दिया और स्कार्पियों में उसकी लाश भरकर कठौंदा तालाब में फेंक दिया था। अंधे कत्ल की जांच में जुटी माढोताल पुलिस ने जांच करते हुए हत्याकांड में शामिल कामरान अली और अनुश्रेय राय को गिरफ्तार किया है, जबकि मामले में सुयश उर्फ छोटू चौबे और मोहम्मद आदिल फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने पुलिस कंट्रोलरुम में पत्रकारों से चर्चा करते हुए इस मामलें का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि गत 1 दिसंबर 2023 को माढोताल थाना क्षेत्र स्थित ग्रीनसिटी कठौंदा कंपोस्ट प्लांट के समीप तालाब में लाश पड़े होने की सूचना पुलिस को प्लांट सुपरवाइजर द्वारा दी गई थी। शिनाख्त करने पर मृतक की पहचान 37 वर्षीय अनिराज नायडू उर्फ अन्ना निवासी पीरबक्स लाइन सांई मंदिर के बाजू में रसल चौक के रूप में की गई थी। मृतक अनिराज नायडू भी ओमती पुलिस की गुंडा बदमाश की सूची में शामिल था। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में मृतक के सिर पर गोली लगने की बात सामने आई थी। जिसके बाद पुलिस ने जांच करते हुए संदेह के आधार पर मृतक के साथियों और दूसरी गैंग में शामिल लोगों से सघन पूछताछ की, जिसपर आरोपियों का खुलासा हो गया।



### खुद की गैंग तैयार कर रहा था अनिराज

इस मामले में पुलिस ने जब आरोपी कामरान अली से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह नवम्बर माह में छोटू चौबे के साथ फ्लाईट से मुंबई से जबलपुर आया था। गैंग में शामिल अनिराज उर्फ अन्ना नायडू सबकी अच्छी दोस्ती थी। वही अन्ना नायडू का छोटू चौबे के विरोधियों के साथ उठना बैठना ज्यादा हो गया था। और अन्ना नायडू अपनी अलग गैंग बनाकर छोटू चौबे को चुनौती देने लगा था। जिसके चलते छोटू चौबे, अन्ना नायडू से शत्रुता रखने लगा था।

### नशे में सोते वक्त मारी थी गोली

गैंगस्टर छोटू चौबे से विवाद होने के बाद आरोपियों ने अनिराज की हत्या करने का प्लान बनाया। इसी दौरान एक दिन गैंग के साथी अनुश्रेय ने बताया कि अनिराज शराब पीने के बाद उसके घर में सो रहा है। खबर मिलने पर छोटू चौबे, कामरान और आदिल, अनुश्रेय के घर पहुंचे और नायडू के सिर पर पिस्टल से गोली मारकर उसकी हत्या कर दी।

### आरोपियों को पाटन गांव से पकड़ा

अनिराज नायडू की हत्या करने के बाद आरोपियों नें इंदौर, सहित अन्य स्थानों पर फरारी काटी और जब पुलिस इंदौर पहुंची तो पता चला कि संदेही कामरान अली के परिवार में गमी होने के कारण संदेही 40वां कार्यक्रम में जबलपुर आए इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की पाटन रोड के चिहुटा गांव में छिपे है। यहां पुलिस ने दबिश देकर दोनों को पकड़ा। पुलिस ने हत्या के मामलें में प्रयुक्त काले रंग की स्कार्पियों जब्त कर ली। दो आरोपी सुयश उर्फ छोटू चौबे और मोहम्मद आदिल अभी फरार हैं। इस अंधी हत्या का सुलझाने में माढ़ोताल प्रभारी विपिन ताम्रकार, उपनिरीक्षक निलेश पोर्ते, विजय पुष्पकार, प्रधान आरक्षक भूपेंद्र सिंह, जयंत नामदेव, सायबर सेल के प्रधान आरक्षक अमित पटेल आदि की भूमिका सराहनीय रही।



# श्री विष्णु वराह कपः पुणे ने नेशनल क्लब मझौली को हराया

**मझौली।** अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के श्री विष्णु वराह कप 2024 में छटवां लीग मुकाबला नेशनल क्लब मझौली और पुणे के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नेशनल मझौली की टीम ने 20 ओवर में 108 रन 9 विकेट खोकर बनाए। जिसमें मझौली के अमित 19 रन, मोहित 17 रन, सनोज 16 रन को छोड़कर बाकी बल्लेबाज पुणे की घातक गेंदबाजी के सामने कुछ ख़ास प्रदर्शन नहीं कर पाए। पुणे की ओर से मंदार 3 विकेट, आलोक 2 विकेट सफल गेंदबाज रहे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुणे की टीम ने तेज शुरुआत करते हुए 11.2 ओवर में आसानी से 110 रन 1 विकेट खोकर इस लक्ष्य को हासिल कर लिया। जिसमें सिद्धेश ने शानदार 57 रन और आलोक ने 40 रन बनाए। पुणे के आलोक को उनके ऑल राउंड शानदार प्रदर्शन 40 और 2 विकेट के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जबलपुर से मनोज खंडेलवाल, अनुज खंडेलवाल शैलेंद्र सोनी, मुकेश सेन, रुद्र प्रताप क्षत्रिय, राजेंद्र चौरसिया, अभिलाष विश्वकर्मा, रेशू जैन उमेश उपाध्याय, संदीप झारिया, दीपक धुर्वे, नितिन दुआ, रामराज राजपूत, महेंद्र रैकवार, राममिलन सिंह राजपूत अब्दुल खान उपस्थित हुए। कल तीसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला लीग मुकाबला वीटीसीए नागपुर की टीम और पुणे की टीम के मध्य खेला जाएगा।




# जन जागरुकता समीक्षा बैठक और चौपाल कार्यक्रम आयोजित

**मझौली।** म प्र जन अभियान परिषद रवि बर्मन ओर पदीप तिवारी के निर्देशनुसार नवांकुर संस्था जन सेवा समिति खितौला द्वारा सेक्टर के प्ररसफुटन ग्राम खितौला पडवार आभाना रोसरा तलाड नांदघाट मे भमन कार्यकम के तहत समीक्षा बैठक ओर चोपाल का आयोजन किया गया।ओर समितियों के सदसयो को समिति पुनर्गठन और नवीनीकरण करने के विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई। ओर समिति के कारयो का सचालन करने ओर समिति को आगे बढाने विसतार से चरचा कि गई।ओर विकसित भारत संकल्प यात्रा मे सहयोग कर शाशन कि योजनाओ कि जानकारी ग्रामवासियो को दी गई।और 12 जनवरि को युवा दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर मे पहुंचकर शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया गया।कार्यक्रम का संचालन सरन पटैल अध्यक्ष जन सेवा समिति खितौला द्वारा किया गया। कार्यकम में पमोद पटैल पवन काछि रामसनेहि यादव अशोक राजपाल चेतराम अरविद कुशवाहा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## डॉ आंबेडकर की प्रतिमा लगाने सौंपा ज्ञापन

**सिहोरा।** नया बस स्टेंड में संविधान निर्माता डॉ बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा लगाने में प्रशासन द्वारा विलंब करने के कारणों से नाराज भीम परिवार एवं अनुसूचित जाति,जनजाति कर्मचारियों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी अर्चना कुमारी को रोष प्रदर्शित कर ज्ञापन सौंपकर प्रतिमा अनावरण की मांग की गई। विदित हो शासन प्रशासन के समस्त विभागों की आपत्तियों एवं तत्कालीन कलेक्टर सौरभ सुमन के विगत मार्च में प्रतिमा स्थापना आदेश के दस माह बीत जाने के बाद भी प्रतिमा स्थापित नही हुई है। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष गोपाल कोल, के एल रैदास, जानकी रौतेल, पूरन कोल, पटवर्धन सोमदेव, सुरेश बैगा, राकेश चौधरी, सहारा चौधरी, जानकी प्रसाद चौधरी, दिलीप मारको, किरण कोल, क्रांति बैगा आदि उपस्थित थे।

# दूसरे के नाम का खाता खुलवाकर खुद कर रहे थे ऑपरेट

*दो आरोपियों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज*

**जबलपुर।** हनुमानताल थानाक्षेत्र में कमीशन का लालच देकर बैंक खाता खुलवाने और बाद में खाता फैल हो जाने का झांसा देकर इन खातों का पर्सनल गलत कामों में इस्तेमाल करने का मामला प्रकाश में आया। पुलिस ने इस मामलें में दो आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। घटना के संबंध में हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंचकुईयां हनुमानताल निवासी 21 वर्षीय रिजवान शाह को मोहल्ले के रहने वालें अरहान अंसारी ने खाता खुलवाने व कमीशन देने की बात कहकर उसका पेनकार्ड, आधार कार्ड और फोटो ले लिए और फेडेरल बैंक ले गया जहां उसने अधारताल निवासी पीयूष दुबे से मिलवाया। जिनके साथ बैंक के पास के काफी हाउस मे पहुचा जहां पीयूष दुबे ने फोन लगाकर बैंक वाले से बात किया और उससे बोला कि बात हो गई है जाओ खाता खुलवा लेना एक मोबाइल नम्बर दिया और बोला की जब बैंक वाले मोबाईल नम्बर पूछेंगे तब उक्त नम्बर को दे देना और कहना पीयूष दुबे ने भेजा है, दोनों के कहे अनुसार वह बैंक गया और अंदर जाते ही सामने वाले काउंटर में बैठे व्यक्ति से बोला की खाता खुलवाना है पीयूष भैया ने पहुंचाया है, बैंक वाले ने उससे आधारकार्ड, पेनकार्ड, फोटो और मोबाइल नम्बर मांगा तो उसने अपना आधारकार्ड, पेनकार्ड तथा पीयूष दुबे ने जो मोबाईल नबर दिया था वह मोबाइल नम्बर उसने दे दिया, उसके बाद उसने दो-तीन पेज के फार्म में, तीन से चार साइन लिया और बोला की जाओ, तुम्हारा खाता खुल जायेगा वह बाहर आकर अरहान से मिला जो बोला की किट आयेगी तब देखेंगे कहते हुये जाने के लिये कहा। लगभग 15 से 20 दिन बाद अरहान मिला जिसे उसने कहा कि मेरा कमीशन का क्या हुआ तो कहने लगा तुम्हारा एकाउंट फेल हो गया है। कुछ दिनो बाद उसे जानकारी लगी की कुछ लोग एकाउंट खुलवाकर उनके खाता की जानकारी अपने पास रखकर गलत लेन देन करते है। उसे डर है कि उसका खाता खुलवाकर खाता की किट अपने पास रखकर अरहान और पीयूष दुवे गलत उपयोग कर रहे होगें। शिकायत जांच में खाते की जानकारी एवं खाते का स्टेटमेंट फेडरल बैंक से लेने पर उक्त खाता में करीब 70 हजार रुपये का लेन देन होना पाया गया। पुलिस ने आरोपी अरहान अंसारी एवं पीयूष दुबे के विरूद्ध धारा 420,406 के तहत अपराध पंजीबध्द कर मामला जांच में लिया है।

## कुष्ठ विकृति बचाओ शिविर आयोजित

**कुंडम।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर एवं जिला कुष्ठ अधिकारी जबलपुर डॉक्टर नवीन कोठारी के मार्गदर्शन में कुष्ठ विकृति बचाव शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रेफरल सेंटर कुष्ठ विक्टोरिया जिला अस्पताल से आर के चौबे अरविंद उपाध्याय ने कुष्ठ के विकृति वाले मरीजों की जांच कर जल तेल उपचार कराया एवं संबंधित को दवाइयां वितरित की। प्रीतम झरिया एमपीडब्ल्यू कुंडम द्वारा कैंप संबंधी समस्त व्यवस्थाओं की शिविर में कुल 15 मरीज उपस्थित होकर लाभ प्रदान किया ।

## प्रशासनिक अधिकारियों, राजनैतिक दलों ने दी श्रद्धांजलि

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ.मोर का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार





**सिहोरा।** सिहोरा के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. विष्णु प्रसाद मोर के निधन के बाद उनका राजकीय सम्मान के साथ गहोई मुक्तिधाम में उनके पुत्र राजा मोर ने मुखाग्नि दी। एंव पूर्व विधायक नंदनी मरावी, नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे, भाजपा प्रदेश मंत्री आशीष दुबे, सिहोरा एसडीएम आईएएस अर्चना कुमारी, पुलिस एसडीओपी पारुल शर्मा, थाना प्रभारी विपिन सिंह सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारियों, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, जन प्रतिनिधियों, पत्रकारों के अलावा सैकड़ों गणमान्य नागरिकों ने पुष्प चक्र अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

बुधवार को सुबह निज निवास पुराना बस स्टैंड सिहोरा में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे में लिपटी उनकी पार्थिव देह को लोगों के अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था इसके बाद उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई जिसमें रघुपत राघव राजा राम की धुन बजती रही।डॉ मोर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजा मोर और राधेश्याम मोर के पिता थे।

### पुलिस कर्मियों ने दिया गॉड ऑफ ऑनर

अंतिम यात्रा के गहोई मुक्तिधाम बाबा शाला पहुंचने पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ साशस्त्र पुलिस बल के जवानों ने गन फायर कर गॉड ऑफ ऑनर देकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. विष्णु प्रसाद मोर को अंतिम विदाई दी। अंतिम यात्रा गौरी तिराहा, आजाद चौक, झंडा बाजार, कटरा मोहल्ला, मझौली बायपास से होकर मुक्तिधाम पहुंची।

**श्री गुरमेल सिंह जस्सल-** महानद्दा रोड मदनमहल निवासी श्री गुरमेल सिंह जस्सल (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुशील अग्निहोत्री-** सत्यम होम ग्रीन सिटी रोड माढ़ोताल निवासी श्री दशरथ प्रसाद अग्निहोत्री के पुत्र श्री सुशील अग्निहोत्री (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती गीता बाई-** ईसाई मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री प्रताप सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती गीता बाई (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कुसुम अग्रवाल-** शुक्रवारी बजरिया भानतलैया रोड निवासी श्री किशन लाल अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम अग्रवाल (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शंभू पासी-** इंद्रा नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री शंभू पासी (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामदुलारी बाई सोनकर-** भरतीपुर निवासी श्री मुन्ना लाल सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती रामदुलारी बाई सोनकर (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती माधवी गुप्ता-** कैलाशपुरी गुप्तेश्वर निवासी श्री राकेश कुमार गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती माधवी गुप्ता (23) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती छोटी बाई चौधरी-** शास्त्री वार्ड निवासी श्री प्यारे लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती छोटी बाई चौधरी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गीता शर्मा-** रीवा कॉलोनी छापर रामपुर निवासी श्री राम नारायण शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती गीता शर्मा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**चांदनी बंशकार-** प्रेमसागर साहू मोहल्ला निवासी श्री विनोद बंशकार की पुत्री चांदनी बंशकार (20) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रामदास गुप्ता-** रद्दी चौकी अधारताल निवासी श्री रामदास गुप्ता (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अरविंद मेहरा-** खाई मोहल्ला अब्दुल वली कॉलोनी निवासी श्री अरविंद मेहरा (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजकुमार रजक-** धनी कुटिया के पास अधारताल निवासी श्री राजकुमार रजक (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम किशन बंशकार-** वल्दी कोरी की दफाई बंशकार मोहल्ला निवासी श्री राम किशन बंशकार (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कृष्णा कनौजिया-** रीवा कॉलोनी रामपुर निवासी श्री रामविश्वास कनौजिया की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा कनौजिया (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती फुला बाई बेन-** सिद्धबाबा वार्ड गणेश चौक निवासी श्री अच्छे लाल बेन की धर्मपत्नी श्रीमती फुला बाई बेन (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रेखा श्रीवास्तव-** भीम नगर पोलीपाथर निवासी श्री कृष्ण कुमार श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती रेखा श्रीवास्तव (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुभद्रा यादव-** लक्ष्मी कॉलोनी हाथीताल निवासी श्री नर्मदा प्रसाद यादव की धर्मपत्नी श्रीमती सुभद्रा यादव (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार




गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**डॉ. शिव कुमार शर्मा-** टेलीग्राफ गेट नं. 4 साईं मंदिर के पास निवासी डॉ. शिव कुमार शर्मा (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरला सोनी-** ब्यौहार बाड़ा साठिया कुआं निवासी श्री जगदीश प्रसाद सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती सरला सोनी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती प्रेमवती बाई कश्यप-** नर्मदा विहार कॉलोनी छापर रामपुर निवासी श्री सुवालाल कश्यप की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमवती बाई कश्यप (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक कुमार कोरी-** लालमाटी सेठ गोविंददास वार्ड निवासी श्री अशोक कुमार कोरी (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शकुन बाई कुरील-** संजय गांधी नगर सदर निवासी श्री श्याम लाल कुरील की धर्मपत्नी श्रीमती शकुन बाई कुरील (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मनगिरिया बाई बहेलिया-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री दद्दू बहेलिया की धर्मपत्नी श्रीमती मनगिरिया बाई बहेलिया (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती स्नेहलता खत्री-** शक्ति नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री पन्ना लाल खत्री की धर्मपत्नी श्रीमती स्नेहलता खत्री (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## 'संसदीय प्रणाली में समितियों की भूमिका विषय पर रखे अपने-अपने विचार'

16वीं विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का शुभारंभ

# लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़कर संवैधानिक दायित्वों और संसदीय परंपराओं का पालन करें: सांसद डॉ. सत्यपाल

कानून का पालन कराने मॉनिटरिंग करना भी विधायिका का काम है | संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से हुआ कार्यक्रम | सीएम बोले- सरकार सभी विधायकों को सुविधाएं देने का प्रयास करेगी | सदन में गरिमा बनाए रखने की जिम्मेदारी सभी सदस्यों की: बिरला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा की लाभ के पदों संबंधी संयुक्त समिति के अध्यक्ष सांसद डॉ. सत्यपाल सिंह ने कहा कि विधायक चुना जाना सम्मान और विश्वास की बात है। सभी नवनिर्वाचित विधायक समृद्ध लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़कर अपने संवैधानिक दायित्वों और संसदीय परंपराओं का पूरी गरिमा के साथ पालन करें। तर्कपूर्ण तरीके से अपनी बात रखें। सिंह मंगलवार को मप्र विधानसभा के मानसरोवर सभागार में सोलहवीं विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम के तकनीकी सत्र को 'संसदीय प्रणाली में समितियों की भूमिका' विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि नव निर्वाचित विधायकों को मार्गदर्शन देते हुए सांसद डॉ. सिंह ने कहा कि ज्ञान आधारित आधुनिक समाज में जो पढ़ेगा-लिखेगा, वहीं आगे बढ़ेगा। नियम कानूनों का व्यापक अध्ययन करें और अपना विधिक ज्ञानवर्धन कर जनता के हित की बात पूरी जिम्मेदारी के साथ रखें। मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, सहयोगी वक्ता के रूप में राज्यसभा के पूर्व संयुक्त सचिव प्रदीप चतुर्वेदी और मप्र विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह सहित श्रोता के रूप में सभी नवनिर्वाचित विधायक उपस्थित थे।

### नियम-कानून बनाना है

सांसद डॉ. सिंह ने कहा कि विधायिका का मूल काम नियम-कानून बनाना है। कार्यपालिका से इन नियम-कानूनों का पालन कराने के लिए मॉनिटरिंग करना भी विधायिका का ही काम है। विधायक अपनी यह जिम्मेदारी पूरी क्षमता से निभाएं। उन्होंने कहा कि यह नए भारत के निर्माण का कालखण्ड है। मौलिक विचारों और नवाचारों को कार्यरूप में परिणित होते देखने का समय है। नए भारत के निर्माण के लिए हमें दलीय राजनीति से परे एक हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधायक विधानसभा और इसकी समितियों में अपनी बात रखते समय वाणी और व्यवहार में संयम रखें, अनुशासित रहें।

### तोमर ने बारीकियों की जानकारी दी

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने नवनिर्वाचित विधायकों को इन समितियों की आवश्यकता और विषय से जुड़ी सभी बारीकियों के बारे में मार्गदर्शन दिया। सहयोगी वक्ता के रूप में राज्यसभा के पूर्व संयुक्त सचिव प्रदीप चतुर्वेदी ने विधायकों को संसदीय समितियों के प्रकारों व इनके गठन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश विधानसभा में भी अधिकांश समितियां वहीं है, जो संसद में भी मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि स्थायी, अस्थायी, प्रवर समितियों के अलावा मंत्रालयीन समितियां भी गठित की जाती हैं। ये समितियां जो अनुशंसाएं करती है, राज्य व केन्द्र सरकार उनका पालन करती हैं।

नवनिर्वाचित विधायकों को दी विधानसभा कार्रवाई की जानकारी



### तोमर की ई-विधानसभा की मांग, यादव का समर्थन का आश्वासन

*भोपाल। मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष विधानसभा में ई-विधान व्यवस्था की मांग की, जिस पर डॉ. यादव ने इस दिशा में सरकार के पूरे समर्थन का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि सरकार इसमें पूरा सहयोग करेगी। तोमर यहां विधानसभा में मप्र विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भी संबोधन हुआ। तोमर ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से अनुरोध किया कि राज्य विधानसभा में ई-विधान की व्यवस्था हो, इससे जुड़ी परियोजना सरकार के पास विचाराधीन है, जो मंजूर हो जाए। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, 'मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने विधानसभा को आधुनिक संसाधनों के साथ आगे बढ़ाने की जो बात कही है, मैं विश्वास दिलाता हूं कि मप्र सरकार आपकी बात का पूर्ण समर्थन करते हुए हमेशा आपके साथ खड़ी रहेगी।' एमएलए रेस्ट हाउस के प्रस्ताव पर डॉ. यादव ने कहा कि सरकार सभी विधायकों को उसकी सुविधा देने का प्रयास करेगी।*

### सदन में सदस्यों का आचरण गरिमापूर्ण होना चाहिए: ओम बिरला

*भोपाल। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि विधान मंडल गरिमा के साथ चलनी चाहिए। सदन में सदस्यों का आचरण गरिमापूर्ण होना चाहिए। सदन की गरिमा के साथ समझौता नहीं होना चाहिए। उनसे यह पूछा कि लोकसभा में 141 सदस्य बाहर कर दिए गए, आखिर में यह कितना उचित है? बिरला ने कहा कि यह सदस्यों के आचरण पर निर्भर करता है। यदि उनका आचरण मर्यादा पूर्ण है, उनके कार्य में शालीनता और अच्छी परपंरा का निर्वहन होता है तो यह स्थिति कभी निर्मित नहीं हो सकती। स्पीकर बिरला ने कहा कि नियोजित तरीके से विधानसभा या लोकसभा नहीं चलने देना अच्छी बात नहीं हो सकती। यह सदन उन सभी का है, ऐसे में सदन में गरिमा बनाने की जिम्मेदारी भी उनकी ही है। उनका हमेशा से प्रयास रहता है कि गरिमा के साथ सदन की कार्यवाही चले। उन्होंने मप्र विधानसभा में रिसर्च सेंटर खोलने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि लोकसभा के अध्यक्ष तोमर के संसदीय कार्य मंत्री रहते हुए ऑनलाइन कार्यवाही का काम शुरू हुआ था। आज 98 परसेंट तक सवाल जवाब ऑनलाइन आते हैं। राज्यों की विधानसभाओं और लोकसभा में एक समान संसदीय प्रक्रियाएं हो, इसके लिए हम प्रयासरत हैं।*

संसदीय कार्य मंत्री व नेता प्रतिपक्ष ने किया संबोधित

## मप्र विधानसभा की पुस्तकों का हुआ विमोचन
## प्रबोधन कार्यक्रम में अतिथियों का किया स्वागत

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पुस्तकें की भेंट




**भोपाल।** विधानसभा में आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम में अतिथियों का मप्र की ओर से भावपूर्ण स्वागत किया गया। मप्र विधानसभा की ओर से प्रकाशित पुस्तकों का विमोचन भी अतिथियों ने किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह और भारत के संविधान की पुस्तक भेंट की। संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह तथा लोक सभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। विधानसभा सचिवालय ने लोकसभा सचिवालय के संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राईड) के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में विधायकगण, संसदीय शिष्टाचार और आचरण, बजटीय प्रक्रियाएं और संसद, विधानमंडलों में वित्तीय कार्य, संसदीय विशेषाधिकार, प्रश्नकाल, अल्पकालीन चर्चा, स्थगन, ध्यानाकर्षण, अविलंबनीय लोक महत्व के मामलों की सूचनाओं का महत्व और उपयोग तथा संसदीय प्रणाली में समितियों की भूमिका और कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी प्राप्त करेंगे।

**» अतिथियों को स्मृति चिन्ह व संविधान की पुस्तक की गई भेंट**

---

श्रीराम के ननिहाल में उत्सव की तैयारी

## मंत्री ने सीएम को लिखा पत्र-श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा के दिन हो अवकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन 22 जनवरी को भगवान श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में भी उत्सव मनाने की तैयारी की जा रही है। इसी क्रम में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन छत्तीसगढ़ के धर्मस्व, संस्कृति और शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक अवकाश की मांग की है। मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अपने पत्र में कहा है कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम छत्तीसगढ़ के भांजे हैं। 22 जनवरी को उनकी जन्मस्थली अयोध्या में निर्मित भव्य श्रीराम मंदिर का भव्य लोकार्पण एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित हो रहा है, जिसे लेकर पूरी दुनिया भर के सनातनी हिंदू धर्मावलंबी हर्षित है। इस दिन पूरी दुनिया रामोत्सव मनाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री साय से पत्र में कहा कि इस हर्षोल्लास के अवसर पर छत्तीसगढ़ में भी स्कूल कॉलेज सहित सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाना चाहिए।



### छत्तीसगढ़ में शुष्क दिवस घोषित

इससे पहले मुख्यमंत्री साय ने श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन 22 जनवरी को छत्तीसगढ़ में शुष्क दिवस घोषित कर रखा है। मुख्यमंत्री साय ने इस बारे में आबकारी विभाग को निर्देश जारी किया है। आबकारी विभाग की ओर से जारी आदेश के मुताबिक इस दिन देसी-विदेशी शराब दुकानें बंद रहेगी। साथ ही होटल, बार, रेस्टोरेंट, क्लब में भी शराब परोसने पर प्रतिबंध लागू रहेगा।

बस दुर्घटना में 15 यात्री घायल

## रामलला के दर्शन करने जा रही तीर्थयात्रियों से भरी बस पलटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा होगी। इसके लिए देशभर से राम भक्त रामलला के दर्शन करने अयोध्या पहुंच रहे हैं। इसी बीच मंगलवार की रात दुर्ग से रामभक्तों को लेकर टूर एंड ट्रैवल्स की एक बस अयोध्या जा रही थी। बुधवार की सुबह अंबिकापुर-बनारस मार्ग वाड्रफनगर के पास एक मोड़ पर बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 15 यात्री घायल हो गए, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मंगलम टूर एंड ट्रैवल्स की बस मंगलवार की रात दुर्ग से 42 रामभक्तों को लेकर अयोध्या में रामलला के दर्शन कराने जा रही थी। बुधवार की सुबह बस अंबिकापुर-बनारस मार्ग पर वाड्रफनगर से पहले खरहरा नाला मोड़ पर पहुंची थी। इसी दौरान ड्राइवर ने बस से नियंत्रण खो दिया और बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। हादसे के बाद यात्रियों के बीच चीख-पुकार मच गई। हादसे में 15 यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को अन्य तीर्थयात्रियों व राहगीरों की मदद से वाड्रफनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। यहां उनका इलाज जारी है।



### घने कोहरे से बस पलटी

वाड्रफनगर क्षेत्र में सुबह घना कोहरा छाया हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि कोहरे की वजह से मोड़ पर ड्राइवर को सड़क का अंदाजा नहीं लग पाया और बस अनियंत्रित हो गई होगी।

डिप्टी सीएम अरुण साव ने की घोषणा

## राजीव गांधी न्याय योजना की मिलेगी चौथी किस्त

**जरहागांव।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि राजीव गांधी न्याय योजना की चौथी किस्त की राशि किसानों को मिलेगी। किसान चिंता न करें। उनको उनका वाजिब हक मिलेगा। साव मुंगेली जिले के जरहागांव में आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल होने जरहागांव पहुंचे थे। जरहागांव स्थित गांधी मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के बाद मीडिया से साव ने चर्चा की। यह पूछे जाने पर कि किसानों को बीते वर्ष धान बेचने के एवज में राजीव गांधी न्याय योजना की चौथी किस्त की राशि नहीं मिल पाई है। विधानसभा चुनाव आचार संहिता प्रभावी होने के कारण राज्य सरकार ने किसानों के बैंक खाते में किस्त की राशि जमा नहीं की। सवाल उठा कि क्या भाजपा सरकार किसानों के हित में चौथी किस्त की राशि देने का निर्णय लेगी। इस पर साव ने कहा कि किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। उनको उनका वाजिब हक मिलेगा।



## हड़ताल सिर्फ अफवाह, हिट एंड रन का नया कानून लागू ही नहीं: सीजी सरकार

*ड्राइवर संगठनों के गाड़ियों के परिचालन से इन्कार का असर नहीं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्र सरकार ने हिट एंड रन के नए नियमों को वापस ले लिया है, इसके बावजूद छत्तीसगढ़ के कुछ संगठनों ने बुधवार को एक बार फिर यातायात सुविधा बाधित करने के साथ ही गाड़ियों के परिचालन से इन्कार कर दिया है। हालांकि इसका कोई असर नहीं दिखा।

इधर, छत्तीसगढ़ सरकार ने कहा, हिट एंड रन मामले पर केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि हिट एंड रन मामलों के लिए लाए गए कानून को अभी लागू नहीं किया गया है। अभी पुराना कानून ही लागू है। ऐसे में कुछ स्वार्थी तत्वों के द्वारा फेक लेटर्स के माध्यम से गलत जानकारी देकर ट्रांसपोर्ट संगठनों और वाहन चालकों को बहकाने की सूचना मिली है। वाहन चालकों को स्वार्थी तत्वों द्वारा गलत जानकारी देकर फैलाए जा रहे अफवाहों से डरने की आवश्यकता नहीं है।

### आगे कोई गतिविधि नहीं की जाएगी

दूसरी ओर यातायात महासंघ के अध्यक्ष अनवर अली ने कहा है कि हिट एंड रन को लेकर केंद्र सरकार द्वारा जो घोषणा की गई थी, उसके आधार पर हड़ताल वापस ले ली गई है। आगे इस तरह की कोई गतिविधि नहीं की जाएगी। कुछ ड्राइवरों द्वारा अनधिकृत रूप से संघ का नाम देकर ड्राइवरों व अन्य कर्मियों को बरगलाया जा रहा है और इस तरह से माहौल बनाया जा रहा है, जबकि संघ इनके साथ नहीं है। लोगों को पूर्व की तरह ही सारी सुविधाओं का लाभ मिलता रहेगा। आवागमन बाधित नहीं किया जाएगा।

---

उद्योगपतियों ने प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने के बारे में जानकारी दी

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्य प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए उद्योगपतियों को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया

सरकार रोजगार और उद्योगों के विकास के लिए प्रयास कर रही है | रायसेन में पांच स्पिनिंग इकाइयों का संचालन किया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मंगलवार को कई उद्योगपतियों ने मुलाकात कर प्रदेश में निवेश व उद्योग लगाने में आ रही दिक्कतों तथा सहूलियतों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नए उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सभी तरह के प्रयास किए जाएंगे। उद्योगपतियों को उद्योगों की इकाई लगाने के लिए हर संभव मदद की जाएगी। राज्य सरकार रोजगार और उद्योगों के विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय में उद्योगपतियों से चर्चा कर रहे थे। उनसे फोर्स मोटर्स लिमिटेड के अध्यक्ष अभय फिरोदिया, पिनेकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. सुधीर मेहता, गोल्ड क्रेस्ट सीमेंट लिमिटेड के प्रबंध निर्देशक आरएस जोशी एवं सागर ग्रुप के संस्थापक एवं अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री को उद्योगपतियों ने अपने उद्योगों की जानकारी दी।

### उद्योगपतियों ने कुछ इस तरह से जानकारी दी

फोर्स मोटर्स लिमिटेड के अध्यक्ष अभय फिरोदिया ने बताया कि फोर्स मोटर्स लिमिटेड राज्य में 1987 से पीथमपुर में कार्यरत है। यह प्रदेश में 4515 करोड़ से अधिक का निवेश कर चुकी है एवं 2200 से अधिक लोगों को रोजगार दे रही है। पिनेकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ. सुधीर मेहता ने बताया कि यह कंपनी राज्य के पीथमपुर में 1996 से कार्यरत है। प्रदेश में 175 करोड़ से अधिक का निवेश कर चुकी है एवं एक हजार से अधिक लोगों को रोजगार दे रही है। राज्य शासन की ओर से पिनेकल मोबिलिटी सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड को उनकी नवीन परियोजना के लिए पीथमपुर में भूमि आवंटित की गई है। डॉ. मेहता ने एका मोबिलिटी कंपनी की भी जानकारी दी। इस कंपनी को पीथमपुर में संयंत्र स्थापित करने के लिए 50 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। गोल्ड क्रेस्ट सीमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक आरएस जोशी ने जानकारी दी कि कंपनी ने नीमच जिले में कैप्टिव पावर प्लांट के साथ 3 मिलियन टन प्रतिवर्ष क्षमता का सीमेंट प्लांट स्थापित करने के लिए 3 हजार करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव प्रस्तुत किया है।



### भविष्य की योजनाओं के बारे में भी उद्योगपतियों ने दी जानकारी

*सागर ग्रुप के संस्थापक एवं अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने बताया कि नर्मदा पुरम रोड के निकट अत्यधिक सुविधाओं से सुसज्जित सागर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल की स्थापना की गई है। वर्तमान में रायसेन जिले में पांच स्पिनिंग इकाइयों का संचालन किया जा रहा है। जिसमें लगभग 500 करोड़ रुपए का निवेश किया जा चुका है और 2 हजार से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त हुआ है।*



हितग्राहियों को लाभ दिलाने में प्रथम स्थान लाएं

## प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी वाली 'विकसित भारत संकल्प यात्रा'

सीएम डॉ. यादव ने वीसी के माध्यम से हितग्राहियों से किया संवाद

ग्वालियर और सागर जिले के हितग्राहियों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली यात्रा है। केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने वाली यात्रा से विकास का कारवां लगातार बढ़ता रहेगा। आगामी 26 जनवरी तक समाज को केंद्र की लोकहितकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का यह अभियान निरंतर चलता रहेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह बात मंत्रालय में वीसी के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा में जिला ग्वालियर और सागर के हितग्राहियों से संवाद के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि मात्र 50 दिनों की अल्प अवधि में यात्रा के दौरान 10 करोड़ से अधिक लोगो को शासन की योजनाओं का लाभ मिला है।



### भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने सभी तरह के प्रयास हो

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए यात्रा के संचालन में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यात्रा के दौरान जनता में लगातार उत्साह बनाए रखें और उन्हें केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सतत रूप से दे। केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहें, इसका विशेष ध्यान रखें।*

### हितग्राही बोले- हमें कई योजनाओं का मिला लाभ

मुख्यमंत्री ने ग्वालियर की रमा यादव और तोड़ा बाई एवं सागर के कल्याण प्रजापति और सीता प्रजापति से संवाद किया। हितग्राहियों ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत और पीएम किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ उन्हे मिला है। हितग्राहियों से कुशलक्षेम पूछ कर उन्हें सफल और सुखद भविष्य की शुभकामनाएं सीएम ने दी।

खबर संक्षेप

## डेल्टा कॉर्प ने जीएसटी मांग को मनमाना बताया




**नई दिल्ली।** ऑनलाइन गेमिंग कंपनी डेल्टा कॉर्प ने कहा कि 23,200 करोड़ रुपये से अधिक की जीएसटी की मांग मनमानी और कानूनी प्रावधानों के विपरीत है लिहाजा उसने इस कर भुगतान के लिए कोई प्रावधान नहीं किया है। 2023 को एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 59 प्रतिशत की गिरावट के साथ 34.48 करोड़ रुपये रहा।

## रुपया 11 पैसे की बढ़त के साथ 83.02 प्रति डॉलर



**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच रुपया बुधवार को 11 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.02 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक स्तर पर अमेरिकी डॉलर के कमजोर रुख से स्थानीय मुद्रा को बल मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.13 प्रति डॉलर पर खुला।

## सोना 50 रुपए टूटा, चांदी में 450 रुपए का नुकसान



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 50 रुपये घटकर 63,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। सोना कल 63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 450 रुपये गिरकर 76,300 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।'बुधवार को सोने का कारोबार थोड़ा कम हुआ।

## एमजंक्शन का प्रोत्साहन के लिए ईईपीसी के साथ एमओयू



**कोलकाता।** ई-कॉमर्स मंच एमजंक्शन सर्विसेज ने सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उपक्रमों पर खास ध्यान देने के साथ निर्यात को बढ़ावा देने के लिए इंजीनियरिंग निर्यात प्रोत्साहन परिषद ईईपीसी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। एमजंक्शन का सीमापार ई-बाजार रिवेक्सा, निर्यातकों को वैश्विक खरीदारों से जोड़ने के लिए ईईपीसी इंडिया के साथ सहयोग करेगा।


## इंदौर एसईजेड से निर्यात 11% बढ़कर 10,449 करोड़



**इंदौर।** मौजूदा वित्त वर्ष के दौरान अप्रैल से दिसंबर के बीच इंदौर के विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) से निर्यात 11 प्रतिशत की बढ़त के साथ लगभग 10,449 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। अलग-अलग उत्पादों के कारखानों वाले इस एसईजेड से वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में करीब 9,413 करोड़ रुपये का निर्यात किया गया था।

## टीवी और ओटीटी भी साथ-साथ बने रहेंगेः सीईओ

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की कंपनी टाटा प्ले के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हरित नागपाल का कहना है कि जिस तरह विमान सेवाओं की शुरुआत के सौ साल बाद भी ट्रेनों का परिचालन बरकरार है, उसी तरह टेलीविजन भी ओटीटी के साथ सह-अस्तित्व में बना रहेगा। ऑनलाइन स्ट्रीमिंग सेवा ओटीटी के आने से टेलीविजन के लिए खतरे की घंटी बजने के बारे में पूछे जाने पर नागपाल ने कहा कि भारत में हमेशा ही टीवी को पसंद करने वाले दर्शकों का एक वर्ग मौजूद होगा।



---

### वाइब्रेंट गुजरात समिट का किया उद्घाटन

# भारत को महत्वपूर्ण स्तंभ और वृद्धि के इंजन के रूप में देखा जा रहा : मोदी

- मोदी बोले- भारत 25-साल के लक्ष्य पर काम कर रहा
- अदाणी 5 साल में 2 लाख करोड़ करेंगे निवेश
- पहली कार्बन फाइबर फैसिलिटी स्थापित कर रहे मुकेश अंबानी
- धोलेरा में सेमीकंडक्टर फैक्ट्री लगाएगी टाटा
- 2047 का सपना पूरा करने तैयार हैं लक्ष्मी मित्तल

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर कई अनिश्चितताओं के बीच भारत उम्मीद की एक 'नई किरण' के रूप में उभरा है और दुनिया इसे स्थिरता के एक महत्वपूर्ण स्तंभ, एक भरोसेमंद दोस्त और वैश्विक अर्थव्यवस्था में वृद्धि के इंजन के रूप में देखती है। उन्होंने यह भी कहा कि तेजी से बदलती विश्व व्यवस्था में भारत 'विश्वमित्र' के रूप में आगे बढ़ रहा है।*

एजेंसी ⏭ गांधीनगर

'वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन' के 10वें संस्करण के उद्घाटन के मौके पर मोदी ने कहा कि सभी प्रमुख रेटिंग एजेंसियों की राय है कि भारत अगले कुछ साल में दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा। इस सम्मेलन में दुनिया की शीर्ष कंपनियों के प्रमुख और मुख्य कार्यपालक अधिकारी और कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी भाग ले रहे हैं।

### भारत आज वैश्विक अर्थव्यवस्था में वृद्धि का एक इंजन

पीएम ने कहा, ''दुनिया भारत को स्थिरता के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में देखती है। भारत एक ऐसा मित्र है, जिसपर भरोसा किया जा सकता है, एक ऐसा साझेदार है, जो जन-केंद्रित विकास में विश्वास करता है और एक ऐसी आवाज है, जो वैश्विक भलाई में विश्वास करता है और वह 'ग्लोबल साउथ' की भी एक आवाज है।उन्होंने कहा, 'दुनिया आज भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में वृद्धि का एक इंजन, समाधान खोजने के लिए एक प्रौद्योगिकी केंद्र और प्रतिभाशाली युवाओं के 'पावरहाउस' के रूप में देखती है।''

### भारत की प्राथमिकताएं स्पष्ट है

मोदी ने कहा कि भारत के 1.4 अरब लोगों की प्राथमिकताएं और आकांक्षाएं, मानव केंद्रित विकास पर उनकी आस्था, समावेशिता और समानता के लिए हमारी प्रतिबद्धता, विश्व समृद्धि और विश्व विकास का एक प्रमुख आधार है। उन्होंने कहा, ''भारत की प्राथमिकताएं स्पष्ट हैं। भारत की प्राथमिकताएं टिकाऊ उद्योग, बुनियादी ढांचा और विनिर्माण, नए युग के कौशल, भविष्य की प्रौद्योगिकी, एआई और नवाचार, हरित हाइड्रोजन, नवीकरणीय ऊर्जा, सेमीकंडक्टर और इसका पूरा पारिस्थितिकी तंत्र है।''





### भारत 25 वर्षों के लक्ष्य पर काम कर रहा

पीएम ने कहा कि विश्व कल्याण के लिए भारत की प्रतिबद्धता, निष्ठा, प्रयास और परिश्रम आज की दुनिया को ज्यादा सुरक्षित और समृद्ध बना रहा है। भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने वैश्विक नेताओं और दुनियाभर के निवेशकों को बताया कि अब भारत अगले 25 वर्षों के लक्ष्य पर काम कर रहा है। इसलिए ये 25 साल भारत के लिए अमृतकाल हैं।



### रिलायंस गुजरात में देश की पहली कार्बन फैसिलिटी स्थापित कर रहा

रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन और एमडी मुकेश अंबानी ने कहा- जब मेरे विदेशी दोस्त मुझसे पूछते हैं कि 'मोदी है तो मुमकिन है' का मतलब क्या है, तो मैं कहता हूं कि भारत के प्रधानमंत्री एक विजन बनाते हैं और उसे क्रियान्वित करते हैं, वे असंभव को संभव बना देते हैं। मेरे पिता धीरूभाई अंबानी मुझसे कहा करते थे कि गुजरात हमेशा तुम्हारी कर्मभूमि रहेगी। मैं आज दोहराता हूं कि रिलायंस हमेशा गुजरात की कंपनी रहेगी। रिलायंस ने भारत में 12 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया है, जिसमें से एक तिहाई निवेश गुजरात में किया है।अंबानी ने बताया कि रिलायंस हजीरा में भारत की पहली कार्बन फाइबर फैसिलिटी स्थापित कर रही है। साथ ही रिलायंस गुजरात को हरित वृद्धि में वैश्विक स्तर पर अग्रणी स्थिति हासिल करने में योगदान देगी। रिलायंस के चेयरमैन ने कहा, 'हम 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा के जरिये गुजरात की आधी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लक्ष्य में मदद करेंगे।' रिलायंस ने जामनगर में 5,000 एकड़ में धीरूभाई अंबानी ग्रीन एनर्जी गीगा कॉम्प्लेक्स का निर्माण शुरू कर दिया है। इससे बड़ी संख्या में नौकरियों का सृजन होगा और हरित उत्पाद तथा सामग्रियों का उत्पादन संभव होगा जो गुजरात को हरित उत्पादों का अग्रणी निर्यातक बना देगा।

### मित्तल गुजरात में दुनिया का सबसे बड़ा इस्पात संयंत्र लगाएंगे



आर्सेलर मित्तल के कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मी मित्तल ने कहा कि आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) गुजरात के हजीरा में दुनिया का सबसे बड़ा एकल स्थान एकीकृत इस्पात संयंत्र बना रही है। वैश्विक इस्पात कंपनी आर्सेलर मित्तल जापान की निप्पॉन के साथ भारत में संयुक्त उद्यम संचालित करती है। मित्तल ने कहा कि संयंत्र की उत्पादन क्षमता 2.4 करोड़ टन प्रति वर्ष होगी। इसके 2029 तक तैयार होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन में कंपनी ने हजीरा संयंत्र के दूसरे चरण के लिए गुजरात सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। मित्तल ने कहा कि हजीरा संयंत्र के पहले चरण का काम 2021 में शुरू किया गया था और 2026 तक इसका उद्घाटन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में संयंत्र का भूमि पूजन किया गया था। मित्तल ने विश्वास जताया कि राज्य सरकार के सहयोग से कंपनी 2029 तक सूरत के पास परियोजना के दूसरे चरण को शुरू करेगी।

### अदाणी समूह अगले पांच साल में करेगा दो लाख करोड़ का निवेश



उद्योगपति गौतम अदाणी ने कहा कि उनका समूह अगले पांच साल में गुजरात में दो लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगा। इस राशि का बड़ा हिस्सा राज्य में एक स्वच्छ ऊर्जा परियोजना स्थापित करने में खर्च किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि यह परियोजना अंतरिक्ष से भी दिखाई देगी। समूह सौर मॉड्यूल, पवन टर्बाइन और हाइड्रोजन इलेक्ट्रोलाइजर के निर्माण के लिए तीन गीगा कारखानों का निर्माण भी कर रहा है। गुजरात के कच्छ में वह 725 वर्ग किलोमीटर में फैला दुनिया का सबसे बड़ा हरित ऊर्जा पार्क बना रहा है। यह सौर ऊर्जा से 30 गीगावाट बिजली का उत्पादन करने में सक्षम होगा और साथ ही सौर तथा पवन के लिए एक एकीकृत नवीकरणीय ऊर्जा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करेगा। अदाणी ने कहा, 'अगले पांच वर्षों में अडाणी समूह गुजरात में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक यानी 25 अरब डॉलर का निवेश करेगा। इससे एक लाख से अधिक प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष नौकरियों का सृजन होगा।

### टाटा गुजरात में 'सेमीकंडक्टर फैब' इकाई का करेगा निर्माण



टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि टाटा समूह गुजरात के धोलेरा में एक विशाल 'सेमीकंडक्टर फैब' बनाने की योजना बना रहा है और इसका परिचालन 2024 में शुरू हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर बातचीत अंतिम चरण में है। चंद्रशेखरन ने कहा, ''टाटा समूह ने एक संकल्प किया था जो पूरा होने की कगार पर है। हम धोलेरा में विशाल 'सेमीकंडक्टर फैब' की घोषणा करते हैं। चेयरमैन ने कहा कि समूह दो महीने में राज्य के साणंद में लिथियम आयन बैटरी बनाने के लिए 20 गीगावॉट की गीगाफैक्टरी भी शुरू करने वाला है। चन्द्रशेखरन ने कहा कि हाल के दिनों में समूह ने साणंद में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की थी। साणंद समूह की सभी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) प्रौद्योगिकी के लिए एक गंतव्य बन गया है। उन्होंने कहा कि ईवी की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए साणंद में विस्तार किया गया।

---

## रेडिसन समूह ने अयोध्या में खोला होटल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



रेडिसन होटल समूह ने अयोध्या में अपना होटल खोलने की बुधवार को घोषणा की। शहर में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले यह घोषणा की गई है, जिससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। कंपनी के अनुसार, पार्क इन बाय रेडिसन का अयोध्या स्थित 80 कमरे का होटल राम जन्मभूमि मंदिर, हनुमान गढ़ी मंदिर और सीता की रसोई जैसे उल्लेखनीय स्थलों के पास स्थित है। रेडिसन होटल समूह के मानद चेयरमैन एवं प्रमुख सलाहकार (दक्षिण एशिया) के बी काचरू ने कहा, 'हम अयोध्या में अपने नए होटल के उद्घाटन से खुश हैं। इससे उसे पवित्र शहर में शुरुआती बढ़त मिलेगी। समृद्ध सांस्कृतिक विरासत तथा ऐतिहासिक स्थलों की वजह से अयोध्या की हमारे देश के दिल में एक खास जगह है। उन्होंने कहा, 'यह विस्तार भारत के दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में बेहतरीन आतिथ्य अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।'

## बीते साल इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री 49 प्रतिशत बढ़ी



**मुंबई।** देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री बीते साल (2023 में) सालाना आधार पर 49.25 प्रतिशत बढ़कर 15,29,947 इकाई हो गई। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) ने यह जानकारी दी। आंकड़ों के अनुसार, ईवी उद्योग ने 2022 में कुल 10,25,063 वाहन बेचे थे। हाल ही में समाप्त वर्ष में दोपहिया ईवी की बिक्री 36.09 प्रतिशत बढ़कर 8,59,376 इकाई हो गई, जो 2022 में 6,31,464 इकाई थी। इसी तरह तिपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 65.23 प्रतिशत बढ़कर 5,82,793 इकाई हो गई, जो 2022 में 3,52,710 इकाई थी। ई-वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 114.16 प्रतिशत बढ़कर 5,673 इकाई हो गई, जबकि पिछले वर्ष यह 2,649 इकाई रही थी। फाडा के आंकड़ों के अनुसार, इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री पिछले साल 114.71 प्रतिशत बढ़कर 82,105 इकाई हो गई, जो 2022 में 38,240 वाहन थी।

## शेयर बाजार शुरुआती गिरावट से उबरे, सेंसेक्स 271 अंक चढ़ा



**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 270 अंक से अधिक के उछाल के साथ बंद हुआ। कारोबार के दौरान बाजार एक समय निचले स्तर पर चला गया था लेकिन अंत में मानक सूचकांकों में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक में लिवाली से इसमें तेजी आई। कारोबारियों के अनुसार, इस सप्ताह मुद्रास्फीति और आईआईपी (औद्योगिक उत्पादन सूचकांक) के आंकड़े आने पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। बाजार की शुरुआत हल्की रही और कारोबार के दौरान घट-बढ़ होती रही। अंत में तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 271.50 अंक बढ़त के साथ 71,657.71 अंक पर बंद हुआ।

---

# चीन से तीन उत्पादों के आयात पर डंपिंग-रोधी शुल्क लगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- व्हील लोडर, जिप्सम टाइल्स और लेजर मशीनरी के लिए लगा
- शुल्क डीजीटीआर की सिफारिश के बाद लगाया गया

भारत ने चीन से आयातित तीन उत्पादों- व्हील लोडर, जिप्सम टाइल्स और औद्योगिक लेजर मशीनरी पर पांच वर्ष के लिए डंपिंग-रोधी शुल्क लगा दिया है। यह शुल्क वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) की सिफारिश के बाद लगाए गए हैं। इन उत्पादों के घरेलू विनिर्माताओं को चीन से होने वाले सस्ते आयात से बचाने के लिए यह कदम उठाया गया है।

डीजीटीआर ने इस संबंध में की गई शिकायतों की जांच के बाद निष्कर्ष निकाला है कि इन उत्पादों को भारतीय बाजारों में सामान्य से कम कीमत पर भेजा गया है। यह सस्ते उत्पादों को दूसरे बाजार में खपाने यानी डंपिंग की कार्रवाई है। इन उत्पादों की डंपिंग से घरेलू उद्योग को काफी नुकसान हुआ है।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा-शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) की अलग-अलग अधिसूचनाओं के मुताबिक, कम-से-कम एक तरफ लेमिनेशन वाले जिप्सम बोर्ड/टाइल्स पर शुल्क लगाया गया है। इस तरह के शुल्क औद्योगिक लेजर मशीनों पर भी लगाए गए हैं जिनका उपयोग काटने या वेल्डिंग में किया जाता है।

### टफेंड ग्लास पर भी लगा शुल्क

इसी तरह पूरी तरह से निर्मित इकाई के रूप में आयात किए जाने वाले व्हील लोडर पर भी शुल्क लगाया गया है। इससे पहले चीन से आयातित टफेंड ग्लास और फ्लैक्स यार्न की कुछ किस्मों पर भी डंपिंग-रोधी शुल्क लगाए गए थे।

## मेडी असिस्ट का आईपीओ 15 जनवरी को खुलेगा

- मूल्य दायरा 397-418 रुपये प्रति शेयर





**नई दिल्ली।** बीमा कंपनियों को 'थर्ड पार्टी' प्रशासन सेवाएं प्रदान करने वाली मेडी असिस्ट हेल्थकेयर सर्विसेज ने अपने 1,172 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 397 से 418 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी का आईपीओ 15 जनवरी को खुलकर 17 जनवरी को बंद होगा। एंकर निवेशक 12 जनवरी को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे। कंपनी का आईपीओ पूरी तरह प्रवर्तकों और मौजूदा शेयरधारकों की ओर से 2,80,28,168 (या 2.8 करोड़) इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है। ओएफएस के तहत कंपनी के प्रवर्तक - विक्रम जीत सिंह चटवाल, मेडिमेटर हेल्थ मैनेजमेंट और बेसेमर हेल्थ कैपिटल एलएलसी - शेयर बिक्री करेंगे।

## देश की अर्थव्यवस्था 4,000 अरब डॉलर के पार होगी

- पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स को 2024-25 में होने की संभावना
- आरबीआई रेपो दर में एक फीसदी की कटौती कर सकता है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



देश की अर्थव्यवस्था 2024-25 में 4,000 अरब डॉलर के पार हो जाने की उम्मीद है। वहीं 2026-27 तक इसके बढ़कर 5,000 अरब डॉलर होने का अनुमान है।

उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया है। उद्योग मंडल ने यह भी कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक 2024 के अंत तक सोच-विचार कर रेपो दर में एक प्रतिशत तक की कटौती कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत विकास का सबूत दिखा रही है... उपयुक्त नीतिगत उपायों के जरिये आने वाले दिनों में वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष उत्पन्न जोखिम को कम करने को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है।'इसमें कहा गया है कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। देश 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, ''देश भविष्य की वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है।

---

### घरेलू उपभोक्ताओं के बीच सबसे ज्यादा बिकने वाला ब्रांड

# भारत ब्रांड 'चना दाल' की बाजार में हिस्सेदारी एक चौथाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

'भारत ब्रांड' के तहत खुदरा बाजार में बेची जा रही चना दाल घरेलू उपभोक्ताओं के बीच सबसे ज्यादा बिकने वाला ब्रांड बनकर उभरी है।

इसने बाजार में उतारे जाने के चार महीनों में ही एक-चौथाई बाजार हिस्सेदारी हासिल कर ली है। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि किफायती होने के कारण इस दाल को उपभोक्ता काफी पसंद कर रहे हैं। अक्टूबर में जारी की गई भारत-ब्रांड 'चना दाल' की कीमत 60 रुपये प्रति किलोग्राम है जबकि अन्य ब्रांड की दाल लगभग 80 रुपये प्रति किलोग्राम है।

- उपभोक्ता के सचिव रोहित सिंह ने दी जानकारी
- भारत-ब्रांड 'चना दाल' की कीमत 60 रुपए प्रति किलोग्राम



### एजेंसियां सरकार से कच्चा चना खरीदती है

सचिव ने बताया कि इन एजेंसियों को बफर स्टॉक से कच्चा चना 47.83 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर इस शर्त के साथ दिया जा रहा है कि उसकी खुदरा कीमत 60 रुपये प्रति किलोग्राम से कम नहीं होनी चाहिए। एजेंसियां सरकार से कच्चा चना खरीदती हैं, उसकी मिलिंग करती हैं और भारत ब्रांड के तहत खुदरा बिक्री करने से पहले उसकी पॉलिश करती हैं।

### 21 राज्यों में की जा रही बिक्री


शुरुआत में इसकी बिक्री 100 खुदरा केंद्रों के जरिये की गई और अब 21 राज्यों के 139 शहरों में मौजूद 13,000 केंद्रों से इसकी बिक्री की जा रही है। उपभोक्ता मामलों के सचिव ने इस कदम से दालों की मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिलने का दावा करते हुए कहा, दालों की कीमतें एक समूह के रूप में व्यवहार करती हैं।

### 2.28 लाख टन चना दाल बेची जा चुकी

सिंह ने कहा, 'ग्राहकों की प्रतिक्रिया इतनी अच्छी रही है कि देश में परिवारों के बीच सभी ब्रांड वाली चना दाल की 1.8 लाख टन मासिक खपत में से एक-चौथाई 'भारत' ब्रांड वाली चना दाल है।'बाजार में उतारे जाने के बाद से लगभग 2.28 लाख टन भारत ब्रांड चना दाल बेची जा चुकी है।

*उद्देश्य कीमतों पर अंकुश लगाना : चने की कीमतों को नीचे लाने के लिए बफर स्टॉक का उपयोग करने से अन्य दालों की कीमतों पर भी इसका पार्श्व प्रभाव पड़ता है। सरकार घरेलू उपलब्धता को बढ़ावा देने और कीमतों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पिछले कुछ वर्षों से चने सहित विभिन्न प्रकार की दालों का बफर स्टॉक बनाकर रख रही है।*

# 'भगवा रंग' में रंगेगा फ्रांस का एफिल टावर




1. अयोध्या से 7,000 किमी दूर पेरिस भी राम के रंग में रंगने को तैयार
2. पेरिस में भी गूंजेगा जय श्री राम, प्राण प्रतिष्ठा से एक दिन पहले... रथ यात्रा
3. भगवान श्रीराम की 'प्राण प्रतिष्ठा' की उलटी गिनती शुरू
4. पेरिस को व्यापक रूप से प्रेम के शहर के रूप में जाना जाता है

## पोस्टर-बैनर से सुशोभित होगा 'टावर'

'विश्व कल्याण यज्ञ'

*पेरिस। अयोध्या में भगवान श्रीराम की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा से एक दिन पहले 21 जनवरी को फ्रांस की राजधानी और 'प्रेम का शहर' नाम से प्रसिद्ध पेरिस में 'राम रथ यात्रा' सुबह 10.30 बजे ला चैपल में गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना और 'विश्व कल्याण यज्ञ' के साथ शुरू होगी। जो विभिन्न स्थलों से होकर प्लेस डी ट्रोकैडेरो स्थित प्रतिष्ठित 'एफिल टॉवर' पर दोपहर 3 बजे समाप्त होगी। एफिल टॉवर पर पूजा-अर्चना और आरती होगी। भगवान राम के विशाल पोस्टर और बैनर एफिल टॉवर के आसपास के क्षेत्रों को सुशोभित करेगा। पोस्टर और बैनर का ऑर्डर दिया गया है। यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम और भगवान राम के गीत प्रस्तुत किए जाएंगे।*



## खबर संक्षेप

### परेड में पहली बार दिखेगा 'सी 130 जे विमान'



**नई दिल्ली।** इस साल 26 जनवरी की परेड में एक विशाल विमान भी दिखेगा। इस विमान का नाम सी 130 जे सुपर हरक्यूलिस है। इसे इसी सप्ताह रात को कारगिल एडवांस लर्निंग ग्राउंड पर उतारा गया था। पाकिस्तान से लगी नियंत्रण रेखा पर 10,500 फुट की ऊंचाई पर इसे उतारा गया। ये रणनीतिक तौर पर बहुत अहम है। विमान पर गरुड़ कमांडर थे। ये विमान चीन से लगे दौलत बेग ओल्डी एडवांस लैंडिंग ग्राउंड पर भी उतारा जा चुका है। ये बहुत छोटे रनवे पर उतर सकता है।

### पाक से अंजू 10 दिन में वापस आना चाहती थी...



**इस्लामाबाद।** अंजू ने पड़ोसी देश के बारे में कई नई बातें कही हैं। अंजू का कहना है कि वो पाकिस्तान में करीब 5 महीने रुकीं जरूर, लेकिन ये उनकी प्लानिंग का हिस्सा नहीं था। अंजू एक महीने का वीजा लेकर पाक नसरुल्ला से मिलने गई थीं और वह एक से दो हफ्ते में वापस आ जाना चाहती थीं। उनका वहां जाकर नसरुल्ला से शादी का भी इरादा नहीं था। मीडिया में इतना हल्ला मच गया कि एक अजीब सा माहौल खड़ा हो गया। इससे मैं प्रेशर में आ गई थी, जिसके कारण और रुकी रही।

काम के घंटे कम करने पर अड़े

## जर्मनी में... ट्रेन स्ट्राइक लाखों लोग हो रहे परेशान



एजेंसी ▶▶ बर्लिन

जर्मनी में अचानक हुई ट्रेन स्ट्राइक से लाखों लोग परेशान हैं। जर्मनी के ट्रेन ड्राइवरों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक संघ ने काम के घंटों और वेतन को लेकर राज्य के स्वामित्व वाले मुख्य रेलवे ऑपरेटर के साथ विवाद के बाद बुधवार सुबह 3 दिवसीय हड़ताल शुरू कर दी। ट्रेनों के न चलने से रेलवे स्टेशनों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। देश भर में और कई शहरों में ट्रेन यात्रा लगभग ठप हो गई है।

यात्री बस या कार यात्रा या फ्लाइट से लेकर लंबी दूरी के लिए ट्रेन के दूसरे विकल्प खोजने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। राज्य के स्वामित्व वाली डॉयचे बान ने कहा कि लंबी दूरी की केवल 20% ट्रेनें चल रही थीं। बर्लिन में कम्यूटर ट्रेनें भी परिचालन में नहीं थीं। मालगाड़ियों को लेकर जीडीएल यूनियन की हड़ताल मंगलवार शाम से शुरू हो गई।

### इन मांगों को लेकर हड़ताल की गई

वेतन वृद्धि के अलावा, केंद्रीय मुद्दा यूनियन की मांग है कि वेतन कटौती के बिना शिफ्ट श्रमिकों के घंटों को प्रति सप्ताह 38 से घटाकर 35 घंटे किया जाए, जिस मांग पर नियोक्ता अब तक अड़े हुए हैं। जीडीएल का तर्क है कि यह रेलवे के लिए काम को और अधिक आकर्षक बना देगा और नई भर्तियों को आकर्षित करने में मदद करेगा, जबकि डॉयचे बान का कहना है कि मांग व्यावहारिक रूप से पूरी नहीं की जा सकती है। जर्मनी के परिवहन मंत्री वोल्कर विसिंग ने कहा कि मैं दोनों पक्षों से बातचीत पर लौटने का आग्रह करता हूं।

### किसान भी हड़ताल पर

ट्रेन चालकों की हड़ताल के साथ ही वहां किसानों की भी हड़ताल चल रही है, जो सोमवार से देश के कुछ हिस्सों में शहर की सड़कों और राजमार्ग पहुंच मार्गों को अवरुद्ध कर रहे हैं। उन्होंने कृषि में इस्तेमाल होने वाले डीजल पर टैक्स छूट खत्म करने की सरकारी योजना के विरोध में अपने ट्रैक्टरों से यातायात बाधित कर दिया है और इससे जर्मनी में यातायात की समस्याएं और बढ़ गई हैं।

मांग- विदेश मंत्री को संसद में तलब किया जाए, सरकार मांगे माफी

# भारत विरोधी बयान पर मालदीव में दो फाड़, मोदी के पक्ष में सांसद नसीम

एजेंसी ▶▶ माले

पीएम मोदी के खिलाफ मालदीव के नेताओं के जरिए विवादित बयान के बाद से मोहम्मद मुइज्जू सरकार को सवालों के कठघरे में खड़ा कर दिया है। मालदीव में विपक्षी नेता लगातार इस मुद्दे पर मालदीव पर सरकार पर हमलावर हैं।

मोहम्मद मुइज्जू सरकार के मंत्री के जरिए पीएम मोदी के खिलाफ की गई विवादित टिप्पणी के बाद मालदीव की राजनीतिक भूचाल आ चुका है।

मालदीव के विपक्षी नेताओं ने भारत के साथ बिगड़ते रिश्तों के लिए मोहम्मद मुइज्जू सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। वहीं, बुधवार को मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद मिकाइल अहमद नसीम ने देश के संसद अध्यक्ष से इस मामले पर विदेश मंत्री को संसद में तलब करने का आग्रह किया है।

- विवादित टिप्पणी के बाद मालदीव की राजनीति में आया भूचाल
- विपक्षी नेता मोदी विरोधी मुद्दे पर मालदीव सरकार पर हमलावर





- फैयाज इस्माइल बोले खराब हो रही है मालदीव की प्रतिष्ठा
- भारत से बिगड़ते रिश्तों के लिए मुइज्जू जिम्मेदार

### बांग्लादेश की दो टूकः चीन की गोदी में नहीं खेलेंगे



*ढाका। पिछले पांच दिनों से चल रहे भारत और मालदीव के बीच भी विवाद में अब बांग्लादेश भी कूद पड़ा है। बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ. एके अब्दुल मोमन ने कहा है कि बांग्लादेश चीन के आगे ऐसे नहीं टूटेगा, जैसे मालदीव टूट गया है। उन्होंने कहा कि हमारी आजादी के लिए भारत ने अपना खून बहाया है। भारत, हमेशा से सबसे बड़ा मददगार रहा है, इसीलिए हमारे भारत के साथ कभी भी रिश्ते खराब नहीं होंगे। बांग्लादेश में चीन का बहुत ज्यादा प्रभाव नहीं है। चीन एक डेवलपमेंटल पार्टनर है।*

### संसद में हो पूछताछ

सांसद मिकाइल अहमद नसीम ने कहा कि पीएम मोदी और भारत के खिलाफ की गई वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा टिप्पणियों पर पूछताछ के लिए मैंने संसद अध्यक्ष से विदेश मंत्री को संसद में तलब करने की गुजारिश की है। मिकाइल अहमद नसीम का कहना है कि इस मामले पर संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए। सरकार औपचारिक माफी जारी करे।

### फैयाज की सलाह

मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष फैयाज इस्माइल ने कहा कि नेताओं की टिप्पणी से मालदीव की प्रतिष्ठा खराब हो रही है। मालदीव सरकार को भारत सहित पूरी दुनिया को यह बताना चाहिए कि पीएम मोदी के खिलाफ विवादित टिप्पणी करने वाले नेताओं ने अपने विचार प्रकट किए। इन टिप्पणियों से मालदीव सरकार का कोई लेना-देना नहीं है।

### नेताओं के बिगड़े बोल

मालदीव की सूचना और कला उप मंत्री मरियम शिउना ने पीएम मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव के सदस्य जाहिद रमीज ने लक्षद्वीप पर तंज कसते हुए कहा था, भारत हमसे कंपटीशन करना चाहता है। वे हमारी जितनी व्यवस्था कैसे दे पाएंगे। वे इतने साफ-सफाई कैसे रख पाएंगे?

रक्षा, सुरक्षा और औद्योगिक सहयोग पर वार्ता

## राजनाथ ने लंदन के मंदिर में पूजा की

**लंदन।** भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ), सेवा मुख्यालय, रक्षा विभाग और रक्षा उत्पादन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ तीन दिवसीय यात्रा पर लंदन में हैं। वहां रक्षामंत्री सिंह व्हाइटहॉल में हॉर्स गाड्‌र्स परेड में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। वहां अपने समकक्ष दोनों नेताओं की बीच रक्षा, सुरक्षा पर चर्चा की।



- मध्य लंदन में 20वीं सदी के स्मारक में राष्ट्रपिता गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की
- स्वामीनारायण मंदिर को ब्रिटेन का पहला सच्चा हिंदू मंदिर माना जाता है
- 2002 में भारत के रक्षा मंत्री ने पहली बार ब्रिटेन की यात्रा की थी

सीनेट में राष्ट्रपति बाइडेन ने फिर भेजा प्रस्ताव

## भारतीय मूल के डॉ. मूर्ति डब्ल्यूएचओ में शामिल

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भारतीय मूल के डॉक्टर को अमेरिका का प्रतिनिधि चुना है। बाइडन ने यूएस सर्जन जनरल डॉ विवेक मूर्ति को विश्व स्वास्थ्य संगठन के बोर्ड में प्रतिनिधि बनाने का फैसला लिया है। उन्होंने 8 जनवरी को व्हाइट हाउस की तरफ से सीनेट में प्रस्ताव भेजा गया। बता दें कि डॉ विवेक दूसरी बार अमेरिका के प्रतिनिधि बनकर डब्ल्यूएचओ के कार्यकारी बोर्ड में शामिल होंगे। उनका परिवार भारत के कर्नाटक राज्य का रहने वाला है। वे 45 साल पहले इंग्लैंड चले गए थे।

### 14 महीने से लंबित

46 साल के चिकित्सक डॉ विवेक मूर्ति का नाम दोबारा भेजा गया है। उन्हें सहमति का इंतजार बीते लगभग 14 महीने से हो रहा है। प्रस्ताव अक्टूबर 2022 से ही सीनेट में लंबित है। व्हाइट हाउस ने बताया कि डॉ मूर्ति भारतीय मूल के पहले अमेरिकी सर्जन जनरल हैं। उन्होंने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की है। मार्च 2021 में सीनेट ने देश के 21वें सर्जन जनरल के रूप में डॉ विवेक के नाम को मंजूरी दी थी। इससे पहले उन्होंने राष्ट्रपति ओबामा के कार्यकाल में सेवाएं दी थीं।



### डॉक्टर के अलावा और भी रूपों में हैं लोकप्रिय

मियामी में पले-बढ़े डॉ विवेक ने डॉक्टरी की पढ़ाई येल स्कूल ऑफ मेडिसिन से जबकि प्रबंधन की पढ़ाई येल स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से की। उनकी पहचान शोध करने वाले वैज्ञानिक, उद्यमी और लेखक के रूप में भी है। डॉ विवेक की टीम में 6000 स्वास्थ्य अधिकारी हैं। डॉ विवेक अमेरिका की सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा- यूएस हेल्थ सर्विस के कमीशन्ड कोर में वाइस एडमिरल का पदभार भी संभालते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने कायम रखी सजा

## मरने के एक साल बाद भी मुशर्रफ को सजा-ए- मौत

मुशर्रफ की लंबी बीमारी से पिछले साल 5 फरवरी को हो गई थी मौत



### राजद्रोह का मामला

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिवंगत पूर्व सैनिक तानाशाह जनरल परवेज मुशर्रफ की राजद्रोह के मामले में 2019 में एक विशेष अदालत द्वारा दी गई मौत की सजा को बरकरार रखा। 1999 में कारगिल जंग के सूत्रधार और पाक के अंतिम सैन्य शासक मुशर्रफ की लंबी बीमारी के बाद पिछले साल 5 फरवरी को दुबई में मौत हो गई थी। वह 2016 से स्व-निर्वासन में संयुक्त अरब अमीरात में रह रहे थे। 17 दिसंबर, 2019 को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के कार्यकाल के दौरान उनके नवंबर 2007 में आपातकाल लागू करने के फैसले को लागू करने के लिए उनके खिलाफ उच्च राजद्रोह का मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद एक विशेष अदालत ने पूर्व सैनिक शासक मुशर्रफ को मौत की सजा सुनाई थी।

### कोर्ट ने याचिका पर सुनाया फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व शासक को दी गई मौत की सजा के खिलाफ दायर अपील पर सुरक्षित फैसला सुनाया, जिसे पालन न करने पर अप्रभावी घोषित कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति की अपील को खारिज करते हुए टिप्पणी की कि परवेज मुशर्रफ के उत्तराधिकारियों ने कई नोटिसों पर भी मामले का पालन नहीं किया।

### फैसले से मुशर्रफ का परिवार अनजान

परवेज मुशर्रफ के वकील सलमान सफदर ने कहा कि अदालत द्वारा अपील पर सुनवाई करने का फैसला करने के बाद उन्होंने मुशर्रफ के परिवार से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन परिवार ने कभी उन्हें जवाब नहीं दिया। अदालत ने लाहौर हाई कोर्ट के फैसले को भी अमान्य और शून्य घोषित कर दिया, जिसने विशेष अदालत द्वारा मौत की सजा को निलंबित कर दिया था।

केंद्र सरकार की स्वर्णिम चतुर्भुज महत्वाकांक्षी योजना


# 6 हजार किमी के इलेक्ट्रिक हाईवे पर दौड़ेंगे इलेक्ट्रिक वाहन, जुड़ेंगे कई शहर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में ईवी-रेडी हाईवे बनेगा। भारत सरकार गोल्डन क्वाड्रिलेटरल पर इलेक्ट्रिक वाहन-सक्षम हाईवे का निर्माण करने की योजना बना रही है। इससे ईंधन की खपत और वाहनों के उत्सर्जन को कम किया जा सके। सरकार का लक्ष्य अगले 7 वर्षों में 6 हजार किमी तक ऐसे राजमार्गों का विकास करना है। इससे इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा मिलेगा। ये हाईवे ग्रीन एनर्जी स्रोतों द्वारा संचालित चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर से लैस होंगे।

### खास बातें

- 8 लाख डीजल बसें ईवी में बदली जाएंगी
- 2030 तक योजना होगी साकार
- दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई को जोड़ेगा हाईवे



### पीएम पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवा होगा नाम

*विजन 2030 पीएम पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवा के नाम से जाना जाने वाला यह प्रयास इलेक्ट्रिक बसों के शुभारंभ के साथ ही होगा। ईवी-सक्षम हाईवे और इलेक्ट्रिक बसों की तैनाती के अलावा, सरकार ने 2030 तक 8 लाख पुराने और प्रदूषण फैलाने वाले डीजल बसों को इलेक्ट्रिक बसों से बदलने के लिए हितधारकों के साथ चर्चा शुरू कर दी है। इसमें 2 लाख इलेक्ट्रिक बसें शामिल हैं।*

### जर्मनी में 109 किमी का ई-हाईवे

इलेक्ट्रिक हाईवे ऊपर लगी इलेक्ट्रिक लाइनों के जरिए चलते वाहनों को बिजली की आपूर्ति करके एक ऊर्जा-कुशल समाधान हैं। इस समय, जर्मनी के बर्लिन में दुनिया का सबसे लंबा ई-हाईवे है, जो 109 किमी का है और सार्वजनिक इस्तेमाल के लिए चालू है।

### भारत का सबसे लंबा राजमार्ग नेटवर्क

स्वर्णिम चतुर्भुज भारत का सबसे लंबा राजमार्ग नेटवर्क है। जो दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई के चार प्रमुख शहरों को जोड़ता है। ई-राजमार्गों के निर्माण से कॉप- 28 निर्देशों के अनुरूप लॉजिस्टिक लागत कम करने और उत्सर्जन को रोकने के प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान देने की उम्मीद है।

15 जनवरी को मकर संक्रांति का पुण्य काल

# वारियान योग में मनेगा मकर संक्रांति पर्व, सुबह तीन बजे उत्तरायण होंगे सूर्य

**जबलपुर।** उज्जैन पौष मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि के उपरांत रात्रि पश्चात सूर्य का धनु राशि को छोडक़र मकर राशि में प्रवेश 14 जनवरी की रात और 15 जनवरी की प्रातः 3 बजे प्रवेश होगा। भारतीय ज्योतिष शास्त्र के सिद्धांत के अनुसार जब संक्रांति का क्रम सायन अथवा रात्रि या अपर रात्रि में हो तो पर्व कल अगले दिन मनाने की बात कही गई है। इस दृष्टिकोण से 15 जनवरी को मकर संक्रांति का पुण्य काल मनाया जाएगा।

पं. मनीष द्विवेदी ने बताया कि भारतीय ज्योतिष शास्त्र में 27 योगों का उल्लेख दिया गया है इनमें से वारियान योग विशेष महत्वपूर्ण है। इस योग में मकर संक्रांति का पुण्य काल इसलिए भी विशेष माना जाता है की संक्रांति का पर्व दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर होता है। धनु राशि के सूर्य का मकर राशि में परिभ्रमण संक्रांति की स्थिति दर्शाती है। दक्षिण को छोड़ सूर्य उत्तर में प्रवेश करते है। वारियान योग की उपस्थिति में परिभ्रमण होने का लाभ राष्ट्र को प्राप्त होगा। आर्थिक प्रगति के द्वार खुलते हैं क्योंकि वरियान योग का अधिपति कुबेर है। इस दृष्टिकोण से धान्य संपदा, पशु संपदा और परिश्रम का विशिष्ट लाभ दिखाई देगा।



इसका यह अर्थ है की संक्रांति के 30 दिन पर्यंत विशेष परिश्रम के माध्यम से शासन में परिवर्तन दिखाई देंगे। कई प्रकार की योजनाएं धरातल पर आने की संभावना है, जो अलग-अलग प्रकार के क्षेत्र में दिखाई देगी जिसका लाभ जनता को प्राप्त होगा।

## संक्रांति की बैठी हुई अवस्था

संक्रांति की अलग-अलग प्रकार की अवस्थाएं होती यदि खड़ी होती तो उसका फल अलग होता है। बैठी हुई होती है तो उसका फल अलग होता है। इस बार संक्रांति की अवस्था बैठी हुई है। यह किसी विशेष कार्य को भी दर्शा रही है। वहीं पर राष्ट्रों में समान स्थिति को समान रूप से संतुलित करने की आवश्यकता प्रशासन तथा राजनेताओं की रहेगी।

## वाहन अश्व उप वाहन सिंह

वाहन अश्व होने से गति बढ़ेगी उप वाहन सिंह होने से प्रभाव पड़ेगा। इन दोनों की गणित की गणना से देखें तो गति के साथ प्रभाव संपूर्ण विश्व में भारतीय राष्ट्रीय विचारधारा का दिखाई देगा आध्यात्मिक दृष्टिकोण से तेजी से परिवर्तन नई जनरेशन के मध्य दिखाई देंगे। यह एक अच्छी स्थिति है, जिसका लाभ आने वाले समय में दिखाई देगा।

## तीर्थ पर दान करने का महत्व

मकर संक्रांति के पर्व काल पर सामान्यतः चावल हरी मूंग की दाल की खिचड़ी का दान, पात्र का दान, वस्त्रों का दान, भोजन का दान आदि वस्तुओं का दान अलग-अलग प्रकार से करने की परंपरा भी है। मान्यता भी है विशेष तौर पर तांबे के कलश में काले तिल भरकर ऊपर सोने का दाना रखकर दान करने से पितरों की कृपा भी प्राप्त होती है। रोग दोष निवृत्ति होते है। बाधा समाप्त होती है। इस दृष्टिकोण से विशेष तौर पर संक्रांति का लाभ लेना चाहिए। वहीं पितरों के निमित तर्पण करने से, गायों को घास खिलाने से और भिक्षु को भोजन दान करने से मानसिक शांति और कार्य में गति बढ़ती है।

## वार्षिक महोत्सव



**जबलपुर।** महावीर चिल्ड्रन अकादमी सराफा द्वारा मानस भवन में वार्षिक महोत्सव मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, राजेन्द्र जैन, विशेष अतिथि लखन घनघोरिया, विधायक, अभिलाष पाण्डे, विधायक, अतिथि के रूप में विमला चौधरी, कैलाश चंद्र जैन, राजेन्द्र जैन, रजनी साहू की उपस्थिति रही। महोत्सव के दौरान स्कूल के बच्चों ने बढ़ चढ़कर सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया।

# सेंट अलॉयसियस कॉलेज में विश्व हिन्दी दिवस पर हुए गरिमामय आयोजन



**जबलपुर।** "हिन्दी ही वह भाषा है जिसने कश्मीर से कन्याकुमारी तक, असम से गुजरात तक भारत को एक सूत्र में पिरोने का प्रयास किया है। यह केवल भाषा नहीं अपितु हमारी अस्मिता का प्रतीक है।" उक्त विचार कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो. स्मृति शुक्ल वरिष्ठ प्राध्यापिका शास. मानकुंवरबाई महिला महाविद्यालय ने व्यक्त किए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय की उप प्राचार्य डॉ. अंजली डिसूजा की उपस्थिति रही। संत अलॉयसियस स्वशासी महाविद्यालय जबलपुर के हिन्दी विभाग द्वारा विश्व हिन्दी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फा. वलन अरासु के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुश्री गंगा एवं समूह द्वारा हिन्दी गीत गायन से किया गया। तत्पश्चात बीए तृतीय वर्ष के छात्र निखिल शर्मा द्वारा हिन्दी की वर्तमान स्थिति पर आधारित कविता पाठ किया गया। बीए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र मयंक प्रकाश द्विवेदी ने छात्र प्रतिनिधि के रूप में भाषण प्रस्तुत किया। बीए तृतीय वर्ष के छात्र सचिन करसा ने हिन्दी से जुड़े रोचक तथ्य प्रस्तुत किए।

# कपकपाती ठंड व कोहरे के बीच डटे रहे युवा रेल कर्मी

## डीआरए कार्यालय के सामने भूख हड़ताल जारी

जबलपुर।

युवा जोश के सामने मौसम की बेरूखी भी मायने नही रखती हाड़ कपकपाती ठंड व कोहरे के बावजूद भी एनपीएस के खात्मे और ओपीएस लागू कराने के लिए महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष तीसरे दिन भी भूख हड़ताल जारी रही। तीसरे दिन भूख हड़ताल पर दीपक केसरी, तरूण बत्रा, संजय चौधरी, बॉबी धोलपुरे, देवी यादव, एसएन पोद्धार आदि बैठे। भूख हड़ताल स्थल पर अचानक



महामंत्री अशोक शर्मा भी पहुचे तो यूथ कर्मियों का जोश शवाब पर पहुच गया। सभी ने जमकर नारेबाजी कर केन्द्र सरकार से एनपीएस के विरूद्ध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान संघ के डी.पी. अग्रवाल, सतीश कुमार, अवधेष तिवारी, आर.ए. सिंह, हर्ष वर्मा, दीना यादव, संदीप श्रोती, जे.पी. मीना, एस.के. वर्मा, रोशन यादव, त्रिभुवन सिंह, संजय चौधरी, श्यामकला श्रीवास्तव, अफजल हाष्मी, रोहित चौबे, अजय तिवारी, शरद कुमार, अरशद, सचिन जैन, संतोष त्रिवेणी, दुर्गा तिवारी, संजीव श्रीवास, अभिषेक सेन, भूपत सिंह, अनिकेत कुमार, दीपक ठाकुर समेत सैकड़ो रेल कर्मी उपस्थित रहे।



# लियोनार्ड एचएस स्कूल के विद्यार्थियों ने वृद्धाश्रम की यात्रा की

**जबलपुर।** लियोनार्ड एचएस स्कूल सिविल लाइन इन्ट्रैक्ट क्लब के सदस्यों के एक समूह ने एलजी लोबो (प्राचार्य) के निर्देशों के तहत कुछ फल, खाद्य पदार्थ और वित्तीय सहायता के साथ किराना और खाद्य सामग्री वितरित करने के लिए लिटिल सिस्टर ऑफ पुअर वृद्धाश्रम का दौरा किया। इन्ट्रैक्ट क्लब के छात्रों ने सभी वरिष्ठ नागरिकों के साथ समय बिताया और उनका हालचाल जाना। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने कुछ गाने और नृत्य प्रस्तुत किए जिसका वरिष्ठ नागरिकों ने आनंद लिया। इसके बाद छात्रों के समूह ने एक स्किट प्रस्तुत की जिसे न केवल वरिष्ठ नागरिक, बल्कि वृद्धाश्रम में मौजूद सभी सदस्यों ने बहुत सराहा। कार्यक्रम के बाद छात्रों ने सभी वरिष्ठ नागरिकों को फल, बिस्किट, खाद्य सामग्री, किराना की चीजें और कुछ दर्द निवारक मलहम आदि वितरित किए, साथ ही क्लब सदस्यों ने राहत राशि भी वृद्धाश्रम को दी गई।इन्ट्रैक्ट क्लब ऑफ लेनार्ड स्कूल के सदस्यों द्वारा वृद्धाश्रम की सफाई एवं वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल की काफी सराहना की गई एवं यह भी महसूस किया कि हमारे समाज के बुजुर्गों को प्यार और सम्मान देना कितना महत्वपूर्ण है और उन्हें अपने परिवार और अपने आस-पड़ोस के वरिष्ठ नागरिकों के प्रति कर्तव्यों का एहसास हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य एलजी लोबो ने परिवार में माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के महत्व, कर्तव्यों एवं उनके प्रति जिम्मेदारियों के बारे में समझाया। समारोह का संचालन मिस समाराह एन लोबो एवं मिस सुजन रजन ने किया।

विश्व हिंदी दिवस पर हिंदी विभाग में कार्यक्रम आयोजित

# हिंदी विश्व में सर्वाधिक बोली जानी वाली भाषाओं में से एक : अरुण

जबलपुर।

विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी विभाग, शासकीय महाकोशल कॉलेज, जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुये प्रो. अरूण शुक्ल, प्राध्यापक हिंदी ने विद्यार्थियों को बताया कि आज हिंदी विश्व में सर्वाधिक बोली जानी वाली भाषाओं में से एक है आज मेडिकल, इंजीनिरिंग जैसे विषयों पर भी हिंदी में अध्यापन कार्य हो रहा है। भारत में संपर्क



भाषा के रुप में हिंदी का ही प्रयोग किया जाता है। माननीय प्रधानमंत्री द्वारा विदेषों में हिंदी में ही अपने विचार व्यक्त करते है। आज विदेषी भी भारत को जानने के लिए हिंदी भाषा सीख रहे है। इस अवसर पर विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। कि हमें हिंदी का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार व प्रयोग लाना चाहिये एवं दूसरों को भी अपने व्यवहार में हिंदी का प्रयोग करने हेतु प्रेरित करें।इस अवसर पर डॉ. महेन्द्र कुमार कुषवाहा, डॉ. शैलेन्द्र भवदिया, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. नीलिमा, डॉ. तरूणेन्द्र साकेत के साथ लगभग 62 विद्यार्थी उपस्थित रहें।

# स्वर्ण जयंती वर्ष पर ग्राहक पंचायत के उद्देश्य बताए



**जबलपुर।** ग्राहक पंचायत स्वर्ण जयंती वर्ष के जागरुकता अभियान के अंतर्गत समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने हेतु धर्म अध्यात्म और शिक्षा जगत के प्रबुद्ध वर्ग के साथ 07 जनवरी 2024 नववर्ष में अखिल भारतीय हिन्दू राष्ट्र विप्र सभा कार्यालय प्रांगण, त्रिमूर्ति नगर जबलपुर में ग्राहक पंचायत के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु, ग्राहकों के अधिकार सुनिश्चित करने के लिए ग्राहक पंचायत के महाकौशल प्रांत समिति (स्वर्ण जयंती) अध्यक्ष कैप्टेन आलोक त्रिवेदी द्वारा ग्राहक पंचायत के उद्देश्यों, ग्राहक की विभिन्न समस्याओं, ग्राहक अधिकार पर जागरूकता के विभिन्न बिंदुओं, अर्थिक विनिमय और सेवा के प्रकल्पों में धोखाधड़ी और शोषण को रोकने हेतु प्रांत के जबलपुर मंडला क्षेत्र विस्तारक पलकेश करोशिया, प्रांत के सागर क्षेत्र विस्तारक गौरव भदोरिया, मीडिया प्रभारी सचिव सरदार सुरजीत सिंह और प्रोफेसर सुनीता त्रिवेदी के साथ ग्राहकों को जागरूक करने उद्बोधन दिए और ग्राहक शोषण के निराकरण के लिए ग्राहक पंचायत से जुड़ने का आवाहन किया।

# ट्रेन में रुकी श्वांस, भतीजे ने किया चाचा का अंतिम संस्कार

## गरीब नवाज कमेटी ने किया सहयोग



**जबलपुर।** बनारस से मुंम्बई मजदूरी करने अपने भतीजे अनुज सिंह के साथ जा रहे संतोष सिंह पिता स्व. राजकुमार सिंह उम्र 49 की सांसें ट्रेन में यात्रा के दौरान रुक गईं। बताया गया संतोष सिंह की ट्रेन में अचानक तबियत खराब हो गई जिसके बाद कटनी जेक्सन के करीब चलती ट्रेन में संतोष सिंह की मौत हो गई, जिसकी सूचना मृतक के भतीजे ने टीटी को दी, जिसके बाद शव को जबलपुर में जीआरपी द्वारा उतारा गया। जिसके बाद शव को जीआरपी द्वारा जिला अस्पताल विक्टोरिया मार्चुरी में रखाया गया।

आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण विक्टोरिया अस्पताल में गरीब नवाज कमेटी का बोर्ड देखकर मृतक के भतीजे ने गरीब नवाज कमेटी से संपर्क किया और बताया के मेरी स्थिति ऐसी नहीं है कि मैं अपने चाचा का अंतिम संस्कार करवा सकूं। जिसके बाद गरीब नवाज कमेटी द्वारा सहयोग करते हुए मृतक का अंतिम संस्कार भतीजे के हाथों रानीताल मुक्ति धाम में कराया गया। इस मौके पर गरीब नवाज कमेटी के हाजी नईम, मो. अल्ताफ, मो. जफर, रियाज अली, मो. ईशा, बच्चू नानकानी आदि ने अंतिम संस्कार में सहयोग प्रदान किया।



# सर्वसुविधा युक्त हो ग्वारीघाट मुक्तिधाम

## सर्व गोंड ब्राह्मण महासभा ने की पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह से मांग

**जबलपुर।** सर्व गोंड ब्राह्मण महासभा ने लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह से भेंटकर उन्हें बधाई दी एवं ग्वारीघाट मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण की मांग की। सभा के सदस्यों ने तत्संबंध में ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि, हिंदुओं के 16 संस्कारों में सबसे अंतिम और सबसे बड़े संस्कार स्थल में समुचित व्यवस्थाओं का अभाव है। मुक्तिधाम के शवदाह स्थानों के शेडों का नवीनीकरण, जन सुविधाओं संबंधी व्यवस्थाओं व सौंदर्यीकरण कर मुक्तिधाम को मध्य प्रदेश में एक मॉडल के रूप में विकसित किया जाए। अध्यक्ष रवीन्द्र शर्मा ने नर्मदा तट स्थित मुक्ति धाम के धार्मिक महत्व को दर्शाते हुए इस कार्य को शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण कराए जाने की मांग की। मंत्री राकेश सिंह ने महासभा के सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों को ध्यान से सुना व इस दिशा में योजनाबद्ध तरीके से मुक्तिधाम का कायाकल्प करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर महासभा के रमाकांत चतुर्वेदी, हरिदत्त सीठा, शंकरदत्त पचौरी, विजय तिवारी, अखिलेश उपाध्याय, राकेश शर्मा, शैलेष शर्मा, नर्मदाशंकर जोशी, सर्वेश्वर शर्मा, लक्ष्मीकांत शर्मा, सुनित शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY No. 15438418M RANK-NAIK NAME MOHIT KUMAR SHRIVASTAW S/O ASHOK KUMAR SHRIVASTAW OF UNIT MH, JABALPUR (M.P.), R/O H. NO. 270 GRAM KISHUNGANJ, DAMOH (M.P.) 470675 solemnly declare and affirm on oath under that in my Mother, Aadhar card my Mother **(SUDHA RANI)** which is true and correct but in my Army service Record my Mother name is recorded **SAVITRI BAI** Which is incorrect. that the true and correct Name of my Mother, is **SUDHA RANI** and same Name shall be corrected in my Army service Record. that for the above variation Name of my Mother this affidavit is being furnished.

CORRECT NAME-SUDHA RANI
INCORRECT NAME-SAVITRI BAI

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं रजनी कराड़े, आत्मजा श्री मारोत राव कराड़े,निवासी फ्लैट नं. 305, रेवा प्राईड अपार्टमेन्ट्स, रेत नाका, ग्वारीघाट रोड, जबलपुर (म.प्र.) कथन करती हूँ कि मेरा पूर्व का नाम रजनी संजीव बजाज था जिसे मैंने बदलकर रजनी कराड़े कर लिया है अत: अब मेरा नाम रजनी संजीव बजाज की जगह रजनी कराड़े के नाम से जाना व लिखा जाए।

पूर्व नाम:- रजनी संजीव बजाज
परिवर्तित नाम :- रजनी कराड़े
पिता :- श्री मारोत राव कराड़े

**नाम सुधार सूचना**

मैं, शीतल सिंह सिद्धू पिता स्व. श्री प्रीतम सिंह भूतपूर्व सैनिक पद-नायक आर्मी नंबर 14219341 ए., उम्र लगभग 66 वर्ष, साकिन- मं. नं. 816/8, जनता स्कूल के पास, बिलहरी मण्डला रोड, जबलपुर म.प्र.। शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूँ :- मैं सिगनल कोर से सेवा निवृत्त भूतपूर्व सैनिक हूँ । सिगनल कोर के रिकार्ड ऑफिस में मेरा नाम शीतल सिंह भूलवश दर्ज हो गया है जो कि गलत है । यह कि, मेरे समस्त दस्तावेजों जैसे आधारकार्ड, पेनकार्ड इत्यादि में मेरा नाम शीतल सिंह सिद्धू दर्ज है, जो कि सही है । शपथपत्र इस आशय का दे रहा हूँ कि सिगनल रिकार्ड ऑफिस में मेरा नाम शीतल सिंह सिद्धू दर्ज किया जावे एवं भविष्य में मुझे शीतल सिंह सिद्धू के नाम से जाना पहचाना जावे ।जिस हेतु यह शपथपत्र प्रस्तुत है ।

# श्रीअन्न को घर-घर तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदरी : डॉ. पीबी. शर्मा

## श्री अन्न प्रसंस्करण एवं मूल्य संबंर्धित खाद्य उत्पादों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 के अंतर्गत, श्रीअन्न प्रसंस्करण एवं मूल्य संबंधित खाद्य उत्पादों का कृषि अधिकारियों, महिला उद्यमी एवं स्व-सहायता समूह के मास्टर ट्रेनर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय जबलपुर डॉ. पी.बी. शर्मा के मुख्याआतिथ्य में आयोजित हुआ। उद्घाटन सत्र के मुख्यअतिथि डॉ. पी. बी.शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि जबलपुर एवं आसपास के जिलों के विकास खंडों से आएं कृषि



अधिकारी श्रीअन्न के प्रोडक्शन, वैल्यू एडिशन और इसकी खेती के लिये किसानों को जागरूक करें, जिससे कृषक इसकी उपयोगिता को समझें और कृषक श्रीअन्न की खेती कर अधिक मुनाफा प्राप्त कर समृद्धि के साथ आजीविका चला सकें। आपने सभी मास्टर ट्रेनरों से कहा कि श्रीअन्न के उत्पादन में परम्परागत किसान खेती करते हैं उनकी वैज्ञानिक खेती में तुलना करके मैदानी कृषि कार्यकर्ता इसका अवलोकन करें। इसके बाद किसानों को उन्नत किस्मों की बुआई के लिये प्रोत्साहित करें। इस अवसर पर खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस.एस.शुक्ला, डॉ. प्रतिभा सिंह परिहार, प्राध्यापक, डॉ. अर्चना पांडे सहित, डॉ. हेमंत रहांगडाले, सहित अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

# अजीब परंपराः पति के मृत शरीर के साथ एक कमरे में सोती है विधवाएं

नई दिल्ली। दुनिया भर में अभी भी कई जनजातियां मौजूद हैं जो समाज की मुख्यधारा से बहुत दूर हैं। इन जनजातियों के अपने अलग नियम और परंपराएं होती हैं। इनके कुछ अजीबोगरीब रस्म हैरान करने वाले भी होते हैं। इनमें से एक है पश्चिमी केन्या की लुओ जनजाति। इन्हें जोनागी/ओनागी भी कहा जाता है। ये उत्तरी युगांडा और उत्तरी तंजानिया क्षेत्र में भी पाए जाते हैं। लुओ लोग अपनी अजीब परंपरा और सांस्कृतिक प्रथाओं के लिए प्रसिद्ध हैं।

बहुत पहले लुओ लोगों के बीच एक प्रथा थी, जिसमें विधवाएं अपने पति के शव को दफनाने से पहले उनके मृत शरीर के साथ एक ही कमरे में सोती थीं। विधवा महिलाओं से यह उम्मीद की जाती है कि वो ऐसा सपना देखें, जिसमें वो अपने मृत पति को प्यार कर रही हों। इनका मानना है कि ऐसा सपना देखने से विधवा महिला बंधनों से मुक्त हो जाती है और फिर से शादी करने के लिए तैयार हो जाती है। महिलाओं के शुद्धिकरण के लिए इस प्रथा को जरूरी माना जाता है।

**नहीं मनाया जाता मातम :** इसके अलावा आत्महत्या करने वालों को उसी रात दफना दिया जाता है और उनकी मौत पर मातम नहीं मनाया जाता है। माना जाता है, उनकी बुरी आत्मा मातम मनाने वालों को परेशान करती है।



### बड़े भाई-बहन से पहले शादी ना करना

लुओ जनजाति की एक और प्रथा के मुताबिक यहां लड़कियां अपनी बड़ी बहन से पहले शादी नहीं कर सकती हैं। जो लोग अपनी बड़ी बहन से पहले किसी से संबंध बनाते हैं या शादी करते हैं तो उन्हें समाज से बहिष्कृत कर दिया जाता है। जो महिलाएं दूल्हा ढूंढने में ज्यादा वक्त लगाती हैं, उनकी जबरदस्ती शादी कर दी जाती है ताकि उनके छोटे भाई-बहन शादी कर सकें। बड़ी बहन की शादी पहले करने के पीछे ये माना जाता है कि इससे परिवार या गांव में उनका कद और सम्मान बना रहता है।



### आत्महत्या करने वालों को कोड़े मारना

लुओ जनजाति में आत्महत्या को गंभीर अपराध माना जाता है और इसके लिए कड़ी सजा दी जाती है। अगर कोई व्यक्ति लटक कर आत्महत्या करता है तो उसका शव नीचे उतारने से पहले उसको कोड़े मारे जाते हैं। आत्महत्या करने वालों के शव को घर के बाहर 'गुंडा' नाम की जगह पर दफना दिया जाता है। इनके शव को आम लोगों से दूर रखा जाता है। इनके शव को एक बॉक्स में बंद करके दफनाया जाता है ताकि इनकी बुरी आत्मा को घर वापस आने से रोका जा सके।

## रोचक खबरें

### क्लासमेट पर आ गया 4 साल के बच्चे का दिल, तोहफे में दे दिया गोल्ड बार



नई दिल्ली। बच्चे अपनी मासूमियत में अक्सर ऐसा कुछ कर जाते हैं, जिन्हें देखकर हैरानी तो होती ही है, साथ ही हंसी भी आती है। कुछ ऐसा ही हुआ है चीन में, जहां चार साल के एक बच्चे ने अपने साथ पढ़ने वाली लड़की को तोहफे में गोल्ड बार दे दिया। किंडरगार्डन में पढ़ने वाले इस लड़के ने लड़की को अपना जीवनसाथी मान लिया था और उसे काफी महंगा एंगेजमेंट गिफ्ट दे डाला। बहरहाल, लड़की के पैरेंट्स ने लड़के के घरवालों से संपर्क करके गोल्ड बार उन्हें लौटा दिया है।

#### सोशल मीडिया पर ले रहे मजे

इस बीच सोशल मीडिया में इस घटना को लेकर लोग खूब मजे ले रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि इस बच्चे के अंदर काफी साहस है। उसने 200 ग्राम की गोल्ड बार यूं ही दे दी। एक अन्य ने अपनी कहानी याद कर डाली। उसने लिखा कि मेरी सासू मां ने मुझे एक ब्रैसलेट दिया था। मेरे बेटे ने पूछा कि क्या वह इसे अपनी क्लासमेट को दे सकता है क्योंकि यह उसे अच्छा लगा। इसके आगे महिला ने लिखा कि मुझे शुक्रगुजार होना चाहिए कि उसने मुझसे पूछा तो सही। एक अन्य यूजर ने लिखा कि फर्स्ट ईयर में मेरी बेटी के क्लासमेट ने उसे 200 युआन कैश दे दिया था।

### 100 साल पुराना पागलों का अस्पताल, अकेले जाने से डरते हैं लोग

नई दिल्ली। वह अस्पताल जहां दिमाग का इलाज होता है वैसे ही काफी डरावना लगता है। लोग खुद ऐसे अस्पताल को दिमाग का अस्पताल नहीं बल्कि पागलों को अस्पताल कहते हैं। स्कॉटलैंड में एक सौ साल पुराना दिमाग का अस्पताल है, जो वाकई बहुत खौफनाक है। आसपास के लोग इसे किसी हॉन्टेड जगह से कम नहीं मानते हैं। हैरानी की बात यह है कि इसे बंद हुए केवल 20 साल ही हुए हैं, फिर भी यहां अकेले जाने से लोग डरते हैं. यह अस्पताल स्कॉटलैंड के वेस्ट लोथियान के डेचमोंट के पश्चिम स्थित बैंगोर गांव में है।

कई दशक से इस पर अलग-अलग दावे रहे हैं कि प्रशांत महासागर के बीच में वोस्टॉक द्वीप आखिर क्या है। ये एक अजीब सा काले पिंड जैसा क्यों दिखता है। गूगल मैप्स के हवाई दृश्य में इसकी जो तस्वीरें सामने आई हैं, सोशल मीडिया पर उसने इसके बारे में कई अजीब अटकलों को भी हवा दे दी है।



# धरती पर मौजूद है डरावना खोखला द्वीप, मैप पर नहीं दिखता नक्शा

एजेंसी ⏭ लंदन

विशेषज्ञ लगातार इस रहस्यमय खोखले द्वीप को सुलझाने की कोशिश में लगे थे। अब इस बारे में पता चला है कि क्यों ये गूगल मैप पर नहीं दिखता और क्यों ये काला खोखला दिखता है। कुछ लोगों ने दावा किया कि यह एक सेंसर किया गया गंतव्य है। इसके बारे में केवल अभिजात वर्ग को ही पता है। कुछ लोग इसे इसे एक शीर्ष गुप्त सैन्य अड्डा भी बताते हैं। कुछ एक्सपर्ट ने इसे एक खतरनाक ब्लैक होल माना है। इसको लेकर कई तरह के दावे दशकों से हैं लेकिन इसके ऐसा दिखने की वजह अब पता चली है।

### द्वीप के चारों ओर है रेतीला समुद्र तट

यह छोटा द्वीप ऐसे दिखता है जैसे इसका केंद्र खोखला और काला हो। इसकी वजह ये है कि इसके चारों ओर केवल रेतीला समुद्र तट दिखाई देता है। यह रहस्यमय स्थान बहुत अच्छी तरह से संरक्षित है, जहां 15 शार्क और कई टन खतरनाक बाराकुडा घूम रहे हैं। मछलियां भी इस अछूते पानी का आनंद लेने के लिए एकांत स्थान पर आती हैं। इसकी वजह ये है कि यह अकेला है और गहरे नीले पानी से घिरा हुआ है।



### द्वीप पर पहुंचना बहुत कठिन

इस द्वीप पर कभी भी किसी के बसने का कोई संकेत नहीं मिला है। इसे केवल कभी-कभार गोताखोरों ने ही देखा है। ऐसा इसलिए माना जाता है क्योंकि इस द्वीप पर पहुंचना बहुत कठिन है। यह द्वीप केवल 1.3 किमी लंबा है और इसका आकार एक त्रिभुज जैसा है। इस पर पिसोनिया के पेड़ हैं। जो 98 फीट तक बढ़ सकते हैं और गहरे हरे रंग का रूप दे सकते हैं। ये पेड़ काफी ज्यादा जगह घेरते हैं और सूरज की रोशनी को रोक लेते हैं। इन पेड़ों की वजह ये ही ये एकदम काला दिखता है।



### रूसी खोजकर्ता ने खोजा था

इस द्वीप को सबसे पहले एक रूसी खोजकर्ता ने देखा था, जिसने अपने जहाज के नाम पर इसका नाम द वोस्टॉक रखा था। तब से कई स्थानों ने इस पर अपना दावा पेश किया है, जिसमें 1979 तक ब्रिटिश कॉलोनी बनने से पहले का अमेरिका भी शामिल है। इसके बाद यह स्वतंत्र किरिबाती का हिस्सा बन गया, जिसके पास आज भी इसका स्वामित्व है। गूगल मैप पर पूरे क्षेत्र को ब्लैक आउट पाया जाना कोई असामान्य बात नहीं है। सैन्य ठिकानों से लेकर रहस्यमय द्वीपों तक, सेंसर किए गए स्थानों की कोई कमी नहीं है। जिन्हें डिजिटल मैपिंग सर्विस यूजर्स से छिपा कर रखती है। ऐसे में गूगल पर ये ब्लैक आउट दिखता है।

# चट्टानों के नीचे रहते हैं लोग, सभी घरों पर लगा सफेद रंग



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सेटेनिल डे लास बोडेगास स्पेन का एक शहर है, जिसे धरती पर सबसे अजीब जगहों में से एक बताया जाता है। ये शहर चट्टानों में बने सफेद रंग के घरों के अंदर बसा हुआ है।

शहर में घर, दुकानें और रेस्टोरेंट्स सभी चट्टानों के अंदर बनाए गए हैं, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग दूर-दूर से यहां आते हैं।

अब इसी शहर से जुड़ा एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें आप चट्टानों में बने घरों की अनोखी बनावट को देख कर हैरान होंगे।

### कहां स्थित है ये शहर

सेटेनिल डे लास बोडेगास स्पेन के कैडिज़ प्रांत में स्थित है, जो चट्टानों में बने आवासों के लिए प्रसिद्ध है। एक ऐसी अनोखी जगह, जहां लोग चट्टानों के नीचे रहते हैं। कई घर विशाल चट्टानों के अंदर बने हुए हैं, यहां लगभग 3 हजार लोग रहते हैं, जिनमें से कुछ यहां स्थित प्राचीन गुफाओं में रहते हैं। ये शहर एक पॉपुलर टूरिस्ट स्पॉट है, जहां लोग शहर की अनोखी वास्तुकला को देखने और स्थानीय व्यंजनों की लुत्फ उठाने के लिए आते हैं।

### घरों में रहना का बड़ा फायदा

चट्टाने के अंदर बने इन घरों का स्थानीय लोगों को बड़ा ही फायदा है, क्योंकि ये घर गर्मियों के दिनों में ठंडे और सर्दियों के दिनों में गर्म रहते हैं। इससे लोगों को मौसम की विपरित परिस्थितियों का सामना नहीं करना पड़ता है। सेटेनिल डी लास बोडेगास में रहने का मतलब जीवन का एक अनोखा तरीका अपनाना है, जो इतिहास में निहित है और आसपास के वातावरण के अनुकूल है।

# संमित इंफ्रा लिमिटेड ने बायो सीएनजी प्लांट स्थापित करने मंजूरी दी

SANMIT INFRA LTD

**मुंबई।** रियल एस्टेट परियोजनाओं के निर्माण, पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति और बायोमेडिकल वेस्ट मेनेजमेन्ट में लगी अग्रणी कंपनी संमित इंफ्रा लिमिटेड अल्टरनेटिव्स टुवाड्र्स अफोर्डेबल ट्रान्सपोर्टेशन स्कीम (एसएटीएटी) के तहत बायो सीएनजी संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही है। बोर्ड ओफ डिरेक्टर्स ने बैठक में प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और कंपनी को जल्द ही इस पर काम शुरू करने की उम्मीद है। यह परियोजना व्यवसाय संचालन में कई विस्तार का हिस्सा है जिसे कंपनी अगले 2-3 वर्षों में योजना बना रही है। बोर्ड का मानना है कि, बायो सीएनजी परियोजना जलवायु परिवर्तन लक्ष्यों को प्राप्त करने और प्राकृतिक गैस और कच्चे तेल के आयात में कमी लाने और बहुत सारी विदेशी मुद्रा बचाने में राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं का समर्थन करेगी। यह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल/गैस की कीमतों में उतार-चढ़ाव के खिलाफ एक बफर के रूप में भी खड़ा हो सकता है, जिससे देश आत्मनिर्भर हो सकता है।


## आवश्यकता

!!! बिना किसी बड़े निवेश के प्रारंभ करने का सुनहरा अवसर !!! आयुर्वेदिक कंपनी में शिक्षित/बेरोजगार लड़के-लड़कियाँ हाउसवाइफ पार्टटाइम/फुलटाइम घर बैठे दवाई पैकिंग करके 28,500/- से 35,500/- महीना कमाएं रोजगार बढ़ाए (जरूरतमंद लोग कॉल/ WHATSAPP करें) NOC -2150/- +91 85830 47417 (भोपाल/12/जनवरी 24)

## बेचना


बेचना - जमीन बेचना है जिला मुख्यालय अनूपपुर से सटे ग्राम बरबसपुर मानपुर रोड में 1 एकड़ 12 डिसमिल जमीन बिकाऊ है, इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें। मो. 8435642943, 9424954403 (अनूपपुर/17/जनवरी 24)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।


**समस्या** बारिश के सीजन में बोस्निया, सर्बिया और मॉन्टेनेग्रो में बहने वाली ड्रिना नदी खतरे के निशान से ऊपर बहने लगती है

# सबसे बड़ा तैरता कचराघर, बहते कचरे से तीन देशों को खतरा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



बोस्निया के वाइसग्रैड इलाके में मौजूद ड्रिना नदी तैरते हुए कचरे का ढेर बन गई हैं। बोस्निया में प्रदूषण को लेकर नियम कमजोर हैं। इसलिए नदी का ये हाल हुआ है। इस कचरे के ढेर में प्लास्टिक बोतलें, जंग लगे बैरल, पुराने टायर, घरेलू उपकरण, लकड़ियां और अन्य चीजें दिखती हैं। ड्रिना नदी, बोस्निया-हर्जेगोविना के शहर वाइसग्रैड में बहती है । अब नदी कचरे का ढेर बन गई है। इस शहर के लोग और आने वाले पर्यटक सारा कचरा इसी नदीं में फेंक देते हैं। सालों से ये काम होता आ रहा है। इससे कचरा बढ़ता चला गया। सर्दियों और बारिश में ढेर का आकार और बड़ा हो जाता है।

कचरे को पूरी नदी में फैलने से रोकने के लिए बैरियर बनाया गया है। इस बैरियर के अंदर प्लास्टिक की बोतलें, जंग लगे हुए बैरल, डिब्बे, घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, लकड़ियां और ढेर सारा ऐसा कचरा है, जो नदी को रसायनिक तौर पर प्रदूषित कर रहा है। इस बैरियर को बोस्नियन हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्लांट की टीम ने बनाया।

बैरियर बनाने की वजह ये थी कि हजारों टनों में मौजूद यह कचरा नदी के बहाव के साथ निचले इलाकों में न चला जाए। क्योंकि सर्दियों और बारिश के सीजन में बोस्निया, सर्बिया और मॉन्टेनेग्रो में बहने वाली यह नदी खतरे के निशान से ऊपर बहने लगती है। इससे कई बार बाढ़ आ जाती है। ड्रिना नदी 346 किलोमीटर लंबी है। इसकी कई शाखाएं भी हैं। यह सीजन नदी के लिए गारबेज सीजन कहलाता है।

### कचरे का ढेर 10 हजार क्यूबिक मीटर है

जब नदी में कचरा नहीं रहता तब बोस्निया और सर्बिया के सीमा पर नदीं में राफ्टिंग भी होती है। एक अंदाजे के अनुसार इस समय नदी में जो कचरे का ढेर दिख रहा है, वह 10 हजार क्यूबिक मीटर है। हाल-फिलहाल के सालों में भी लगभग इतना ही कचरा हमने नदीं से साफ कराया था। अब इसे साफ कराएंगे लेकिन उससे पहले मौसम के साफ होने का इंतजार है। देजन कहते हैं कि इस कचरे को साफ करने में कम से कम छह महीने का समय लगेगा। वाइसग्रैड की नगरपालिका के पास इतनी जगह नहीं बची है कि वो इस कचरे को रख सके गारबेज डंप पर हमेशा आग जलती रहती हैं। क्योंकि इन कचरों को जलाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। लेकिन ये आग शहर के लोगों के लिए खतरनाक है।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।


## शब्द पहेली - 5391



**बाएँ से दाएँ**
1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

### शब्द पहेली- 5390 का हल



## सूडोकू नवताल - 5401

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 5400 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |



शरीर को एक्टिव और फिट बनाए रखने के लिए आजकल लोगों में जिम जाने का ट्रेंड बढ़ा है। लेकिन कई बार सही जानकारी के अभाव में इससे फायदे के बजाय नुकसान हो जाता है। वर्कआउट करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, जानिए।

## जिम इंजरी से ऐसे बचें

प्रिकॉशन

विनीता




कई बार जिम में एक्सरसाइज के दौरान होने वाली छोटी-छोटी गलतियां बड़ी परेशानी की वजह बन जाती हैं। वर्कआउट के दौरान लोगों को किस तरह की इंजरी हो सकती हैं और उससे बचाव के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, आइए यहां डिटेल में जानते हैं।

**मसल्स में खिंचावः** शुरुआती दौर में वर्कआउट करने वाले लोगों को अकसर कंधे, हाथ, गर्दन और कमर की मांसपेशियों में खिंचाव महसूस होता है। इसकी वजह से उन्हें झुकने, उठने, बैठने या हाथों से कोई सामान उठाने में तकलीफ होती है।

**क्या करें:** आमतौर पर प्रैक्टिस से धीरे-धीरे यह समस्या दूर हो जाती है। फिर भी दर्द ज्यादा हो तो तुरंत अपने ट्रेनर को इसकी जानकारी दें।

**ओवर यूज स्ट्रेसः** कुछ लोग जिम में देर तक वर्कआउट करते हैं, जिससे उनके पूरे शरीर में तेज दर्द होने लगता है। इसी समस्या को ओवर यूज स्ट्रेस कहा जाता है।



**क्या करें:** एक ही दिन में अपनी क्षमता से अधिक वर्कआउट करने की कोशिश ना करें, इससे फायदे के बजाय नुकसान होता है। प्रैक्टिस के साथ धीरे-धीरे अपने वर्कआउट की टाइमिंग बढ़ाएं।

**कार्टिलेज टियर्सः** जोड़ों की सुरक्षा के लिए उनके आस-पास सॉफ्ट टिश्यूज का कुशन सा बना होता है। बार-बार गलत तरीके से एक्सरसाइज करने के कारण जोड़ों में स्पेस बन जाता है, जिसे कार्टिलेज टियर्स कहा जाता है।

**क्या करें:** बिना देर किए अस्थि रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। चोट गहरी है तो लेप्रोस्कोपी के जरिए क्षतिग्रस्त टिश्यूज की मरम्मत की जरूरत पड़ती है।

**शोल्डर इंपिजमेंटः** एक्सरसाइज के दौरान कुछ लोग कंधे पर बहुत ज्यादा जोर डालते हैं, जिससे कमजोर मांसपेशियां अकड़ जाती हैं। कंधे की इन मसल्स को रोटेटर कफ कहा जाता है। जब ये मांसपेशियां कंधे पर दबाव डालती हैं तो इससे दर्द होता है। इसी समस्या को शोल्डर इंपिजमेंट कहा जाता है।

**क्या करें:** कंधे के दर्द को अनदेखा ना करें, कई बार टूटी-फूटी मसल्स को जोड़ने के लिए लेप्रोस्कोपी सर्जरी की भी जरूरत पड़ती है।

**एंकल या रिस्ट में खिंचावः** कुछ लोग सही फिटिंग के जूते नहीं पहनते, इसलिए वॉर्मअप के लिए दौड़ते समय उनके टखने में मोच आ जाती है। इसी तरह कई बार झटके के साथ वेट लिफ्टिंग करने वाले लागों की कलाई में मोच आ जाती है।

**क्या करें:** हमेशा सही फिटिंग के जूते पहनें और पहली बार में अधिक वजन उठाने की कोशिश ना करें।

**कमर में दर्दः** वेट लिफ्टिंग करने वाले लोग अगर अपनी क्षमता से अधिक वजन उठा लें तो उनके कमर में दर्द या स्लिप डिस्क की समस्या हो सकती है।

**क्या करें:** अगर कमर में दर्द हो तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें और उनके सभी निर्देशों का पालन करें।



**इनका भी रखें ध्यानः** अच्छी तरह जांचने-परखने के बाद ही किसी जिम का चुनाव करें।

- शुरुआत में 15 मिनट तक वार्मअप और बीच में थोड़ा रिलैक्स करना ना भूलें।
- रोजाना एक ही तरह की एक्सरसाइज करने के बजाय अपनी जरूरत के अनुसार अलग-अलग तरीके का वर्कआउट करें।
- वेट लिफ्टिंग के लिए हमेशा कम वजन से शुरुआत करें और धीरे-धीरे वजन बढ़ाएं।
- जिम में एक्सरसाइज करने के लिए शरीर को पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन की जरूरत होती है, लेकिन इसके लिए डिब्बाबंद प्रोटीन का चुनाव न करें बल्कि अपनी डाइट में अंडा, चिकन, फिश, चना, दालों, स्प्राउट और पनीर की मात्रा बढ़ाकर प्राकृतिक स्रोत से प्रोटीन की जरूरत को पूरा करें। *

**(मैक्स हॉस्पिटल दिल्ली के ऑर्थोपेडिक डिपार्टमेंट के डायरेक्टर डॉ. एल. तोमर से बातचीत पर आधारित)**


डॉक्टर्स एडवाइस

देश के कई राज्यों में कोरोना वायरस के नए सब-वेरिएंट जेएन.1 के मामले आने से लोग डरे हुए हैं, लेकिन घबराने की बात नहीं है। कोरोना वायरस के इस नए सब-वेरिएंट से सुरक्षा के लिए आपको अपनी इम्यूनिटी को मजबूत बनाना होगा। साथ ही कुछ सावधानियों पर अमल भी करें। इस बारे में जानिए एक्सपर्ट डॉक्टर्स की राय।

## कोविड इंफेक्शन से बचाव के लिए इम्यून सिस्टम को बनाएं स्ट्रॉन्ग







हाल के कुछ समय में कोरोना वायरस के नए सब वेरिएंट जेएन.1 संक्रमण के मामले कई राज्यों में आ रहे हैं। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस वायरस के गंभीर होने की संभावना को कम बताया है, लेकिन इसका प्रसार तेजी से हो सकता है, इसलिए बचाव के लिए सतर्क रहना बहुत जरूरी है। ऐसे में कोरोना के इस नए सब वेरिएंट से बचने के लिए सावधानी बरतने की जरूरत है। साथ ही आपको अपने इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाने की आवश्यकता है।

### ऐसे बढ़ाएं इम्यूनिटी

शरीर के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए क्या करना चाहिए, इस बारे में पूछने पर नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन-**डॉ. पंकज वर्मा** बताते हैं, 'किसी भी तरह की बीमारी से बचाव के लिए आपको अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए अपने खान-पान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इसके लिए आप अपनी डेली डाइट में विटामिन ई से भरपूर खाद्य पदार्थों को शामिल करें। क्योंकि इनमें भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो आपके शरीर को घातक वायरस और संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करने में मदद करते हैं। इसके लिए अपनी डाइट में बादाम, मूंगफली, एवोकाडो और चुकंदर जैसे खाद्य पदार्थों को शामिल करें। रेस्पिरेटरी सिस्टम को मजबूत और बेहतर बनाने के लिए आपको विटामिन सी से युक्त खाद्य पदार्थ, जैसे- नीबू, संतरा, स्ट्रॉबेरी, आंवला और केले आदि को डाइट में शामिल करें। इसके अलावा इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए विटामिन ए से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे- शकरकंद, हरी सब्जियां, ब्रोकली और शिमला मिर्च आदि डाइट में शामिल करें।'

डॉ. पंकज आगे बताते हैं, 'खान-पान के अलावा वैक्सीनेशन बहुत जरूरी है। वैक्सीनेशन की मदद से आप अपने इम्यून सिस्टम को काफी मजबूत कर सकते हैं। इसलिए वैक्सीनेशन की सभी डोज अगर नहीं ली है तो जरूर लें। इसके अलावा आपको संक्रमण से सुरक्षा के लिए अपने नाक, कान और गले को साफ रखना जरूरी है। अपने हाथों को लगातार साफ करते रहना है। साथ ही नियमित योग अभ्यास और एक्सरसाइज करते रहें।'

### साफ-सफाई का रखें ख्याल



कोविड इंफेक्शन के बचने के लिए हाइजीन का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। इस बारे में धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-पल्मोनोलॉजी और स्लीप मेडिसिन- **डॉ. नवनीत सूद** सलाह देते हैं, 'संक्रमण से सुरक्षा के लिए आप अपने नाक और गले को अच्छी तरह साफ रखें, क्योंकि कोरोना का संक्रमण नाक और गले के माध्यम से ही अधिकांशतः फैलता है। रात में सोने से पहले और सुबह उठने के बाद अपने गले और नाक की अच्छी तरह सफाई करें। सोने से पहले स्टीम का प्रयोग काफी लाभकारी साबित होता है। उसके साथ ही आंख, मुंह और नाक की भी सफाई अच्छी तरह से करें। हाथों को भी अच्छी तरह साफ करें। इसके लिए कुछ अंतराल पर हाथों को साबुन से धोते रहें या सैनिटाइजर से साफ करें। तुलसी और अदरक के काढ़े का सेवन करें और गर्म पानी के गरारे भी करते रहें। साथ ही इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए आपको नियमित रूप से व्यायाम और योग करते रहना चाहिए। रोजाना एक्सरसाइज के लिए 30 से 45 मिनट जरूर दें। किसी भी तरह के तनाव से दूर रहें क्योंकि कई बार मानसिक तनाव और अवसाद इम्यून सिस्टम पर बुरा प्रभाव डालते हैं।'

### सर्दी-फ्लू से बचाव के तरीके

कोरोना वायरस के संक्रमण के अलावा सामान्य सर्दी और फ्लू से बचना भी जरूरी है। ऐसा क्यों, इस बारे में पूछने पर श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टिट्यूट, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-पल्मोनोलॉजी- **डॉ. अनिमेष आर्या** बताते हैं, 'अपनी इम्यूनिटी स्ट्रॉन्ग बनाए रखने के लिए इस मौसम में आप खुद को सामान्य फ्लू से भी बचाने की कोशिश करें, क्योंकि इससे भी इम्यून सिस्टम को नुकसान पहुंचता है। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। बाहर से आने के बाद घर में घुसते ही सबसे पहले हाथों को अच्छे से धोएं। उसके बाद आंख, मुंह और नाक की भी सफाई अच्छी तरह से करें। सामान्य पानी पीने की बजाय गुनगुने पानी का ही सेवन करें। थोड़ी-थोड़ी देर पर हाथों को सैनिटाइज करें। सर्दी-जुकाम होने पर गर्म पानी के गरारे करें।




कोरोना वायरस हो या अन्य कोई घातक बीमारी, किसी भी तरह की बीमारी से बचाव के लिए आपका इम्यून सिस्टम मजबूत होना बहुत जरूरी है। अगर आपको बहुत जल्दी जुकाम या फ्लू हो जाता है तो डॉक्टर से कंसल्ट करके फ्लू की वैक्सीन लगवा लें। बच्चे, बुजुर्ग, प्रेग्नेंट महिलाएं और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों को खास सावधानी बरतनी चाहिए। अगर आपको कोरोना से जुड़े लक्षण महसूस हों तो बिना देर किए नजदीकी अस्पताल में संपर्क करें और जरूरी जांच भी अवश्य करवाएं। इससे समय रहते आपका ट्रीटमेंट हो जाएगा। *

**प्रस्तुति : सेहत फीचर्स**

सजेशन

## धूप लेने से बढ़ती है इम्यूनिटी



सर्दी के दिनों में कुछ देर धूप में बैठने से भी इम्यूनिटी बढ़ती है। सर्दियों की गुनगुनी धूप स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होती है। इस बारे में राम मनोहर लाहिया हॉस्पिटल, नई दिल्ली में डायटीशियन **अंजलि** बताती हैं, 'घंटों धूप में बैठकर बातें करना, काम करना या नींद लेना काफी फायदेमंद होता है। अब से कुछ दशक पहले तक पहले ये कॉमन एक्टिविटीज हुआ करती थीं। लेकिन आजकल की व्यस्त जीवनशैली में लोगों के पास धूप लेने का समय ही नहीं है। ऐसा करना स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। शरीर को स्वस्थ रखने और इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए जिस प्रकार संतुलित भोजन जरूरी है। ठीक उसी प्रकार शरीर की इम्यूनिटी को मजबूत बनाने और उसे बढ़ाने के लिए सर्दियों में कुछ देर धूप में बैठना जरूरी है। सर्दियों में धूप संेकने से नींद बेहतर होती है। दरअसल, सूरज की रोशनी की वजह से हमारे शरीर में मौजूद मेलाटोनिन केमिकल कंट्रोल होता है, जो नींद को बेहतर बनाने में सहायक होता है। धूप सेंकने से हमारे शरीर की सरकेडियन रिदम (प्राकृतिक आंतरिक घड़ी) सुधरती है। ठंड में धूप में बैठने से अंदर से खुशी मिलती है, क्योंकि इससे शरीर में हैप्पी हार्मोन सेरोटोनिन का लेवल बढ़ता है। यह हार्मोन डिप्रेशन को कम करके हमें क्षुश रखता है। सर्दियों में धूप सेंकने से फोकस बढ़ता है और याददाश्त अच्छी होती है। धूप सेंकने से विटामिन डी बनता है। शरीर को स्वस्थ रखने में विटामिन डी बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। विटामिन-डी से इम्यूनिटी बढ़ती है और हड्डियां मजबूत होती हैं। सर्दियों में धूप सेंकने से डायबिटीज, हार्ट डिजीज और कुछ तरह के कैंसर का खतरा कम होता है। विटामिन-डी ऑस्टियोपोरोसिस के रिस्क को भी कम करता है। सर्दियों में धूप सेंकने से आलस दूर होता है, तनाव, नींद की समस्या, फोबिया, सिजोफ्रेनिया जैसी समस्याएं कम हो सकती हैं। इससे सफेद रक्त कोशिकाओं का उत्पादन बढ़ता है, इससे संक्रमण से बचने में मदद मिलती है।' *

**-अजेश कुमार**

हेल्थ स्टडी

## जब यूज करें अलार्म क्लॉक



हम में से बहुत लोग सुबह जल्द उठने के लिए अलार्म क्लॉक का यूज करते हैं। हालांकि आजकल अधिकांश लोग अलार्म क्लॉक के बजाय मोबाइल में अलार्म फिट करके सोते हैं। इनसे हमें समय पर उठने और अपनी रूटीन को सही वक्त पर शुरू करने में मदद मिलती है। लेकिन जापान की नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल हेल्थ के वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन मे पाया है कि अलार्म क्लॉक की मदद से जागने पर हार्ट रेट बढ़ने और हाई ब्लड प्रेशर जैसी समस्याएं हो सकती हैं। सुबह गहरी नींद में अचानक तेज अलार्म बजने से स्ट्रेस लेवल भी बढ़ता है। अगर आप अलार्म क्लॉक के बिना समय पर नहीं उठ सकते हैं तो फिर इसे अपने सिर से कम से कम एक मीटर दूर रखें और आवाज धीमी और मधुर टोन रखें। कई महिलाएं मानती हैं कि शादी, ब्याह या ईवनिंग पार्टीज में ग्लिटर वाली आईशैडो लगाए बिना मेकअप कंप्लीट नहीं हो पाता है। ग्लिटर आईशैडो से चेहरे के सौंदर्य में चार चांद लग जाते हैं। लेकिन नेत्र रोग विशेषज्ञों का मानना है कि ग्लिटर आईशैडो आंखों को नुकसान पहुंचा सकती है। इससे आंखों में इंफेक्शन, ड्राई आई सिंड्रोम और कॉर्निया में इरिटेशन की समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए अगर आपको कोई आइज प्रॉब्लम है तो ग्लिटर आईशैडो लगाने से बचें। अगर आपकी आइज हेल्दी हैं तो भी ग्लिटर आईशैडो प्रयोग करने से पहले आई प्राइमर लगाना ठीक रहता है ताकि ये अपनी जगह पर टिकी रहे। *

**-शिखर चंद जैन**

एलर्टनेस

संध्या सिंह

अगर आप हार्ट पेशेंट हैं तो इस कड़ाके की सर्दी में हार्ट अटैक का रिस्क बढ़ सकता है। ऐसे में इसकी प्रॉपर केयर करनी जरूरी है। जानिए हार्ट अटैक के संकेत, बचाव के तरीकों के बारे में।

## सर्दी के इस मौसम में हार्ट की करें प्रॉपर केयर





सर्दी के मौसम में गर्मी की तुलना में हार्ट अटैक का खतरा 25 फीसदी बढ़ जाता है। लेकिन हम में से ज्यादातर लोग यह बात नहीं जानते कि ऐसा क्यों होता है? आइए, इस बारे में जान लेते हैं।

### हार्ट अटैक अधिक होने की वजहें

सर्दी के मौसम में हार्मोनल बदलाव, ब्लड में कोलेस्ट्रॉल लेवल को बढ़ाते हैं। इसकी वजह से ब्लड उस स्थान पर पहुंचने में परेशानी महसूस करता है, जहां उसे वास्तव में जाना होता है। इसलिए लोगों को हार्ट अटैक इस मौसम में कहीं ज्यादा होता है। इसकी एक वजह यह भी है कि सर्दी के मौसम में सबका रक्तचाप बढ़ा होता है, जिस कारण कोरोनरी धमनियां संकुचित हो जाती हैं। इससे हृदय और उसकी मांसपेशियों में रक्त और ऑक्सीजन का प्रवाह कम हो जाता है। इसलिए भी इस मौसम में दिल का दौरा बाकी मौसमों की तुलना में ज्यादा पड़ता है।

### ऐसे पहचानें संकेत

हार्ट अटैक के चार प्रमुख संकेत होते हैं। इनके बारे में आपको जरूर पता होना चाहिए।

- जब भी सीने में जकड़न और बेचैनी महसूस हो तो सावधान हो जाएं, यह दिल के दौरे का मूक संकेत हो सकता है।
- जब सांसें अचानक बहुत तेजी से चलने लगें और कोशिश करने के बाद भी नियंत्रण में ना आएं, तो मान लेना चाहिए कि दिल में कुछ गड़बड़ है।
- जब चक्कर आ रहा हो। साथ में बिना किसी वजह के पसीना भी बह रहा हो, तो इसे चिंतित करने वाला लक्षण समझना चाहिए। यह दिल के दौरे का सूचक हो सकता है।
- नब्ज कमजोर हो रही हो, साथ में बेचैनी भी बढ़ रही हो तो यह हार्ट अटैक का मूक संकेत हो सकता है।

इनके अलावा भी कई तरह के संकेत हो सकते हैं। मसलन पीठ, जबड़े या बाईं बांह में अचानक बहुत कमजोरी और पैरालिसिस की फीलिंग का होना। कभी-कभी यह दर्द दाईं बांह तक भी फैल जाता है। इस समय कई बार सीने में बिल्कुल दर्द नहीं होता। लेकिन यह भी दिल के दौरे का दर्द हो सकता है।

### बचाव के उपाय

अगर आपकी या आपके घर में किसी सदस्य की हार्ट डिजीज की हिस्ट्री रही हो, तो ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल की जांच हर छह महीने में करवाएं। फिर जांच के आधार पर डॉक्टर जिन भी दवाईयों का सेवन करने के लिए कहें, उसे लेते रहें।

- इस मौसम में अपने शरीर को ज्यादातर समय ऊनी कपड़ों से ढंककर रखें। भले बहुत सर्दी ना लग रही हो, लेकिन फिर भी सर्दी से बचाव का पूरा इंतजाम करके रखें।
- ऐसी जगहों और कार्यक्रमों में जाने से बचें, जहां देर तक खुले में यानी सीधे ठंड की जद में रहना हो।
- सर्दियों में नियमित व्यायाम करें। जिम जाना संभव ना हो, तो घर में ही थोड़ा बहुत व्यायाम जरूर करें।
- खाने में मौसमी फलों और सब्जियों को शामिल करें।
- इस मौसम में कम पानी पीने की भूल ना करें, कम से कम दिन में दो से तीन लीटर पानी जरूर पीएं और संभव हो तो गुनगुना पानी पीएं।
- अपने वजन के बढ़ने पर नियंत्रण रखें।
- दिमाग में किसी भी तरह के तनाव को हावी ना होने दें। जितना हो सके दोस्तों या जिन लोगों से भावनात्मक रिश्ते महसूस करते हों, उनके साथ अच्छा समय बिताएं।
- इस मौसम में एक साथ ज्यादा खाना ना खाएं, बल्कि कई बार मील लें। इससे शरीर में ऊर्जा की निरंतरता बनी रहती है।

### इन बातों का भी ध्यान रखें

- अगर आपको हार्ट प्रॉब्लम है तो सर्दियों के मौसम में जब सुबह घर से निकलें तो खुद को पूरी तरह से ढंककर जाएं।
- अगर आप ब्लड प्रेशर के मरीज हैं तो इस मौसम में ब्लड प्रेशर की दवा लेना कतई ना भूलें। हार्ट और ब्लड प्रेशर दोनों के मरीज हैं, तो इस मौसम में ब्लड थिनर अवश्य लें।

कुल मिलाकर कहने की बात यह है कि सर्दियों में विशेष रूप से अपने हृदय की सेहत का ध्यान रखें, क्योंकि सर्दियां इसके लिए खतरनाक होती है। *



## खबर संक्षेप



### राशिद भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला से बाहर

**मोहाली।** अफगानिस्तान की टीम भारत के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू हो रही टी20 श्रृंखला में अपने 'ट्रंप कार्ड' राशिद खान के बिना ही खेलेगी लेकिन कप्तान इब्राहिम जदरान को टीम से अपने मजबूत प्रारूप में अच्छे प्रदर्शन उम्मीद है। वनडे विश्व कप के बाद नवंबर में राशिद ने पीठ की सर्जरी कराई थी, उन्हें टीम में शामिल किया गया था लेकिन वह 'रिहैबिलिटेशन' के कारण तीनों मैच में उपलब्ध नहीं हो पाएंगे। जदरान ने कहा, 'वह पूरी तरह से फिट नहीं है। वह 'रिहैबिलिटेशन' कर रहा है। हमें श्रृंखला में उसकी कमी खलेगी।'

### गोल नहीं गंवाने का श्रेय महेश को मिले

**दोहा।** भारतीय फुटबॉल टीम ने 2023 में नौ मैचों में विरोधी टीम को एक भी गोल नहीं करने दिया और स्टार सेंटर बैक संदेश झिंगन ने



डिफेंडरों की सफलता का श्रेय टीम के सहायक कोच और पूर्व गोलकीपर महेश गवली को दिया। झिंगन ने कहा, 'महेश भाई अपने खेलने के दिनों से दिग्गज रहे हैं और अब हमें उनके अनुभव से काफी कुछ सीखने को मिल रहा है। उन्होंने भारतीय फुटबॉल को बहुत कुछ दिया है। जब विरोधी टीम को गोल नहीं गंवाने के लिए हमारी तारीफ होती है तो इसका श्रेय उन्हें भी दिया जाना चाहिए।'

### न्यूजीलैंड के गेंदबाजी कोच होंगे एडम्स

**आकलैंड।** न्यूजीलैंड के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर आंद्रे एडम्स को 12 जनवरी से पाकिस्तान के खिलाफ



शुरू हो रही टी20 श्रृंखला के लिए टीम का गेंदबाजी कोच बनाया गया है। एडम्स पांच मैचों की श्रृंखला के लिए मुख्य कोच गैरी स्टीड की टीम का हिस्सा होंगे जिसमें बल्लेबाजी कोच ल्यूक रोंची भी शामिल है। एडम्स 2023 में महिला टीम के दक्षिण अफ्रीका दौरे पर तेज गेंदबाजी कोच रहे थे।

### पेगुला की एडीलेड में शानदार जीत

**एडीलेड।** दूसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने अमेरिका की ही बर्नार्डा पेरा को 4-6, 6-2, 6-3 से हराकर एडीलेड इंटरनेशनल टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पेरा को क्वालीफाइंग टूर्नामेंट की 'लकी लूजर' के तौर पर मुख्य



ड्रॉ में जगह मिली थी। उन्होंने पहले दौर में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी पाउला बाडोसा को हराया था। अब उनका सामना अनास्तासिया पी से होगा जिसने क्वालीफायर कैटरीना सिनियाकोवा को 2-6, 6-3, 6-2 से मात दी। पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने आस्ट्रेलियाई क्वालीफायर एलेक्स बोल्ट को 6-3, 6-2 से हराया। वहीं मेलबर्न में चल रहे कूयोंग क्लासिक नुमाइशी टूर्नामेंट में यानिक सिनेर ने मार्क पोलमैंस को 6-4, 6-0 से मात दी।

### हरमनप्रीत से कोई शत्रुता नहीं : हीली



**नवी मुंबई।** आस्ट्रेलियाई महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली ने उनके और भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर के बीच शत्रुता पनपने की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि वे कहा कि वे सिर्फ प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेल रहे थे। टेस्ट मैच के दौरान हरमनप्रीत ने बल्लेबाजी के दौरान हताशा में एलिसा की तरफ गेंद फेंकी। आस्ट्रेलियाई कप्तान ने मुस्कुराकर जवाब दिया। गेंद उनके बल्ले से टकराकर सीमारेखा पर चली गई जबकि फील्डिंग में बाधा पहुंचाने की हरमनप्रीत की अपील खारिज हो गई।

---

**क्रिकेट : टी20 विश्व कप से पहले टीम इंडिया के पास बचे सिर्फ तीन मैच**

# रोहित करेंगे आक्रामक बल्लेबाजी सीरीज के पहले टी20 से हटे कोहली

एजेंसी ▶▶ मोहाली

भारत और अफगानिस्तान के बीच सीमित ओवरों की पहली श्रृंखला के शुरुआती टी20 मैच में गुरुवार को सभी की नजरें वापसी कर रहे रोहित शर्मा पर टिकी होंगी क्योंकि विराट कोहली 'निजी कारणों' से इस मुकाबले से हट गए हैं। कोहली हालांकि दूसरे और तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए उपलब्ध रहेंगे। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मीडिया से बात करने से पहले भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बताया कि कोहली 'पारिवारिक कारणों' से हट गए हैं। रोहित और कोहली दोनों इस श्रृंखला के साथ 14 महीने के बाद खेल के सबसे छोटे प्रारूप में वापसी कर रहे हैं।

जून में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले तीन मैचों की यह श्रृंखला भारत के लिए आखिरी है और इससे अमेरिका तथा वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप के लिये टीम संयोजन तैयार करने में मदद मिलेगी। वैसे अंतिम 15 का चयन आईपीएल में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर होने की संभावना है चूंकि वह विश्व कप से ठीक पहले होगा। द्रविड़ ने कहा कि अफगानिस्तान के खिलाफ रोहित युवा यशस्वी जायसवाल के साथ पारी का आगाज करेंगे।




### मैच को लेकर बना रोमांच

दूसरी ओर रोहित दर्शकों के चहेते हैं और उनके खेलने से भारी शीतलहर के बावजूद मोहाली में इस मैच को लेकर काफी रोमांच है। कप्तान रोहित शर्मा पावरप्ले में वही आक्रामक अंदाज दोहराना चाहेंगे जो उन्होंने वनडे विश्व कप में दिखाया था।

### टीम इस प्रकार हैं

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार।

**अफगानिस्तान :** इब्राहिम जदरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इकराम अलीखिल, हजरतुल्लाह जजाइ, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जदरान, मोहम्मद कबी, करीम जन्नत, अजमतुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, मुजीबुर रहमान, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद, नवीनुल हक, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, कैस अहमद, गुलबदन नायब ,



### रोहित-गिल करेंगे ओपनिंग

पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका से लौटी टीम बुधवार को श्रृंखला के पहले मैच से एक दिन पहले ही एकत्र होगी। यशस्वी जायसवाल और तिलक वर्मा टीम में हैं लेकिन पारी की शुरुआत रोहित के साथ शुभमन गिल ही करेंगे। दक्षिण अफ्रीका में गिल का प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं रहा और शीर्षक्रम के लिए तेज होती प्रतिस्पर्धा के बीच उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीका में रिंकू सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया और मध्यक्रम में चोटिल सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या की गैर मौजूदगी में उनकी भूमिका अहम होगी।

---

## कुलदीप ने मौके को भुनाया चहल को करना होगा इंतजार

एजेंसी ▶▶ गक्बेरहा

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व स्पिनर इमरान ताहिर का मानना है कि युजवेंद्र चहल अभी भी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कलाई के स्पिनरों में से है लेकिन कुलदीप यादव के शानदार फॉर्म के चलते उन्हें अपनी बारी आने का इंतजार करना होगा। ताहिर का मानना है कि बायें हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप मौकों को भुनाने में कामयाब रहे हैं।

चहल को पिछले साल भारत में हुए वनडे विश्व कप के लिए टीम में जगह नहीं मिली और अमेरिका तथा वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये भी उनका चयन मुश्किल है। ताहिर ने बातचीत में कहा, 'मुझे नहीं लगता कि युजी को खराब फॉर्म के कारण बाहर किया



गया है। वह अच्छी गेंदबाजी कर रहा था लेकिन कुलदीप जबर्दस्त फॉर्म में है और उसने रविंद्र जडेजा के साथ गेंदबाजी में अच्छा तालमेल बना लिया है। मेरा मानना है कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ लेग स्पिनरों में से है और उसे अपनी बारी का इंतजार करना होगा। उसके प्रदर्शन के कारण नहीं बल्कि दूसरे खिलाड़ी के शानदार फॉर्म के कारण। मुझे इसमें कोई शक नहीं कि वह वापसी करेगा।'

## अंडर-19 विश्व कप के मैच अधिकारियों में दो भारतीय

ICC UNDER19 CRICKET WORLD CUP NEW ZEALAND 2018

एजेंसी ▶▶ दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने आगामी अंडर-19 पुरुष विश्व कप के लिए बुधवार को मैच अधिकारियों की घोषणा की जिसमें भारत के दो प्रतिनिधि अंपायर केएनए पद्मनाभन और मैच रैफरी नारायणन कुट्टी भी शामिल हैं। अंडर-19 विश्व कप 19 जनवरी से 11 फरवरी तक दक्षिण अफ्रीका में खेला जाएगा। टूर्नामेंट के कुल 41 मैच के लिए 16 अंपायरों और चार मैच रैफरियों को चुना गया है।

शुरुआती ग्रुप चरण मैच के लिए मैच अधिकारियों की नियुक्ति की पुष्टि कर दी गई है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच पहले ईस्ट लंदन मैच में भारत के पद्मनाभन के साथ बोंगानी जेले भी मैदानी अंपायर होंगे। भारत के कुट्टी मैच के रैफरी होंगे जिसमें आस्ट्रेलिया के फिल गिलेस्पी टीवी अंपायर और जिम्बाब्वे के फोर्सस्टर मुतिजवा चौथे अंपायर होंगे।

---

## नैन्सी ने स्वर्ण और इलावेनिल ने क्वालीफायर में जीता रजत पदक

एजेंसी ▶▶ जकार्ता


उभरती हुई निशानेबाज नैन्सी और ओलंपियन इलावेनिल वलारिवान ने बुधवार को यहां एशिया ओलंपिक क्वालीफायर की महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक अपने नाम किए। जूनियर विश्व टीम की चैंपियन नैन्सी ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 252.8 अंक से शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं हमवतन इलावेनिल मामूली अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गयीं, उन्होंने 252.7 अंक से रजत पदक जीता। भारत मामूली अंतर से महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में क्लीन स्वीप से भी चूक



गया। मेहुली घोष 210 अंक से चीन की शेन युफान से पीछे चौथे स्थान स्थान पर रहीं। वहीं भारत के विश्व चैंपियन निशानेबाज रूद्रांक्ष पाटिल ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में 228.7 अंक से कांस्य पदक जीता। इसमें चीन के मा सिहान (251.4) ने स्वर्ण और कोरिया के दाएहान चो ने रजत पदक हासिल किया। फाइनल में पहुंचे एक अन्य भारतीय अर्जुन बबुता छठे स्थान पर रहे।

**22 जनवरी से दक्षिण अफ्रीका में शुरू होगा चार देशों का टूर्नामेंट**

## भारतीय हॉकी टीम का ऐलान, हरमनप्रीत कप्तान




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने 22 जनवरी से दक्षिण अफ्रीका में होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट के लिए भारत की 26 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है जिसमें जूनियर स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा खिलाड़ियों को भी मौका मिला है। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण माने जा रहे इस टूर्नामेंट में टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत का सामना फ्रांस, नीदरलैंड और मेजबान दक्षिण अफ्रीका से होगा।

टीम की कमान हरमनप्रीत सिंह के हाथ में ही होगी जबकि एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाले हार्दिक सिंह उपकप्तान होंगे। जूनियर स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाले युवा अराइजीत सिंह हुंडल और बॉबी सिंह धामी पहली बार सीनियर स्तर पर खेलेंगे।

गोलकीपिंग में पवन को कृशन पाठक और पी आर श्रीजेश के साथ मौका दिया गया है। पिछले टूर्नामेंट से ब्रेक पर रहे अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह की भी वापसी हुई है। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने इस दौरे के बारे में कहा, 'ओलंपिक सत्र की शुरुआत दक्षिण अफ्रीका दौरे से करने को लेकर हम काफी उत्साहित है जहां हमें बेहतरीन टीमों से खेलने का मौका मिलेगा।

हमने बड़ी टीम चुनी है ताकि सभी खिलाड़ियों को मौका मिल सके और एफआईएच प्रो लीग से पहले मैं सभी को मैच हालात में खेलते देख सकूं। दो जूनियर खिलाड़ी भी चुने गए हैं जिन पर नजरें रहेंगी।'

### 22 को भारत का पहला मैच

भारतीय टीम 22 और 24 जनवरी को फ्रांस से (दोपहर 2.30 से), 26 जनवरी को दक्षिण अफ्रीका से (रात 9. 30 से) और 28 जनवरी को नीदरलैंड से (दोपहर दो बजे से) खेलेगी।

**भारतीय टीम :** गोलकीपर : पी आर श्रीजेश, कृशन पाठक और पवन।

**डिफेंडर :** जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), वरूण कुमार, सुमित, संजय, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम

**मिडफील्डर :** विवेक सागर प्रसाद, नीलाकांता शर्मा, राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, विष्णुकांत सिंह, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह

**फॉरवर्ड :** मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, ललित उपाध्याय, आकाशदीप सिंह, अराइजीत सिंह हुंडल, बॉबी सिंह धामी।

### तदर्थ समिति के गठन को चुनौती देगा डब्लूएफआई

**प्रयागराज।** निलंबित भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने देश में कुश्ती के संचालन के लिए खेल मंत्रालय द्वारा तदर्थ समिति गठित करने पर बुधवार को यहां कहा कि डब्लूएफआई इस फैसले के खिलाफ अदालत जाएगा। यहां एक अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान संजय सिंह ने कहा, 'खेल मंत्रालय ने हमारी गतिविधियों को निलंबित किया है और एक तदर्थ समिति बनाई है। हम एक स्वायत्त निकाय हैं और नियमों के अनुसार वो (खेल मंत्रालय) ना तो हमारी गतिविधियां रोक सकते हैं और ना ही हमें काम करने से रोक सकते हैं।

**पश्चिम मध्य रेल**

**विद्युत विभाग (कर्षण–वितरण शाखा) जबलपुर**
**ई–निविदा सूचना**
**एन.आई.टी.नं. जबल–टीआरडी–निविदा–2023–15R दिनांक 06.01.2024**

वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण – वितरण/पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करते है। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वंय के नाम से यदि सोल प्रोपराइटर हों) आई.ई.नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए। **कार्य का नाम**– जबलपुर मंडल के ऑटो टेंशनिंग डिवाइस (एटीडी) की वार्षिक ओवरहालिंग, **कार्य स्थल**– जबलपुर मंडल, **कार्य की अवधि**– 24 माह, **कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू)** – रूपये 3,30,25,850.00/– (रूपये तीन करोड़ तीस लाख पच्चीस हजार आठ सौ पचास मात्र), **बयाना राशि**– रू. 3,15,1000/–, **निविदा जमा करने/खुलने की अंतिम तिथि एवं समय**– 09.02.2024 15:00 बजे/09.02.2024 15:30 बजे, **निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाईट**– https://www.ireps.gov.in निविदाकर्ता अपनी निविदाऐं आई.आर.ई.पी.एस. की माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें न्यूनतम पात्रता मानदण्ड टेण्डर फार्म के अनुसार और ज्वांइट वेंचर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा।

वरि. मं. वि. इंजी/क.वि.
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय नगर पालिक निगम, कटनी (म.प्र.)**

क्र./3425/स्व भा मि/2023-24 — **निविदा सूचना** — कटनी, दिनांक 08/01/2024

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD 325309_1 | सार्वजनिक / सामुदायिक शौचालयों में आवश्यक (फ्लश सीट दरवाजे) आदि मरम्मत कार्य कराये जाने के संबंध में। | 60 दिवस लागत 2,62,228/- | 2000/- 2622/- | 24-01-24 |

नोट – निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

कार्यपालन यंत्री
वास्ते–आयुक्त
नगर पालिक निगम, कटनी

**कार्यालय नगर परिषद भुआ-बिछिया जिला मण्डला (म.प्र.)**

क्र./लो.नि.शा./2024/528 — **ई–निविदा आमंत्रण सूचना 1st call** — भुआ-बिछिया दिनांक 09/01/2024

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम एवं विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2024_UAD_324672_1 09-01-2024 | कायाकल्प 2.0 अभियान अंतर्गत वार्ड क्र. 05,10,13 एवं वार्ड क्र 14 में सी. सी. रोड निर्माण कार्य | 60 दिवस 44,08,510/- | 5000.00 33100.00 | 14/02/2024 |

नोट -(1) निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद भुआ–बिछिआ
जिला–मण्डला

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, बालाघाट (म.प्र.)**
**जिला जेल के सामने सिविल लाईन रोड बालाघाट (म. प्र. )**
दूरभाष :- 07632-358737 ई-मेल :- dpepiubalaghatt@gmail.com

एन.आई.टी. नं. -28/2023 / केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण / सा / मु.अ. (भ) / जबलपुर दिनांक 27.12.2023
निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की राशि (कार्य की लागत) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | ठेकेदार / फर्म की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2024_PWDPIU_324568_1 | शासकीय हाई स्कूल अमई में 03 नग लेब एवं 04 नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य | बालाघाट | 99.36 | 99360.00 | 10000.00 | म.प्र. लोक निर्माण विभाग से पंजीयकृत | 10 |
| 2 | 2024_PWDPIU_324569_1 | शासकीय हाई स्कूल बकोड़ा में 03 नग लेब एवं 04 नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य | बालाघाट | 118.55 | 118550.00 | 15000.00 | म.प्र. लोक निर्माण विभाग से पंजीयकृत | 10 |
| 3 | 2024_PWDPIU_324571_1 | शासकीय हाई स्कूल बकोड़ी में03 नग लेब एवं 04 नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य | बालाघाट | 118.55 | 118550.00 | 15000.00 | म.प्र. लोक निर्माण विभाग से पंजीयकृत | 10 |
| 4 | 2024_PWDPIU_324572_1 | शासकीय हाई स्कूल बसेगांव मे 03 नग लेब एवं 04 नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य | बालाघाट | 118.55 | 118550.00 | 15000.00 | म.प्र. लोक निर्माण विभाग से पंजीयकृत | 10 |
| 5 | 2024_PWDPIU_324573_1 | शासकीय हाई स्कूल धपेरा (मोहगांव) में 03 नग लेब एवं 04 नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य | बालाघाट | 118.55 | 118550.00 | 15000.00 | म.प्र. लोक निर्माण विभाग से पंजीयकृत | 10 |
| 6 | 2024_PWDPIU_324574_1 | शासकीय हाई स्कूल खुर-मुण्डी में 03 नग लेब एवं 04 नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य | बालाघाट | 99.36 | 99360.00 | 10000.00 | म.प्र. लोक निर्माण विभाग से पंजीयकृत | 10 |
| 7 | 2024_PWDPIU_324576_1 | शासकीय हाई स्कूल किन्ही में 03 नग लेब एवं 04 नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य | बालाघाट | 99.36 | 99360.00 | 10000.00 | म.प्र. लोक निर्माण विभाग से पंजीयकृत | 10 |
| 8 | 2024_PWDPIU_324577_1 | शासकीय हाई स्कूल कोच-वाही में 03 नग लेब एवं 04 नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य | बालाघाट | 118.55 | 118550.00 | 15000.00 | म.प्र. लोक निर्माण विभाग से पंजीयकृत | 10 |
| 9 | 2024_PWDPIU_324578_1 | शासकीय महाविद्यालय मलाजखण्ड में बाउण्ड्रीवाल एवं साईट डेवलपमेंट का कार्य | बालाघाट | 93.68 | 93680.00 | 10000.00 | म.प्र. लोक निर्माण विभाग से पंजीयकृत | 10 |
| 10 | 2024_PWDPIU_324579_1 | शासकीय हाई स्कूल पिपरझरी में03 नग लेब एवं 04 नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य | बालाघाट | 118.55 | 118550.00 | 15000.00 | म.प्र. लोक निर्माण विभाग से पंजीयकृत | 10 |
| 11 | 2024_PWDPIU_324580_1 | शासकीय महाविद्यालय तिरोड़ी के शेष कार्य | बालाघाट | 79.98 | 79980.00 | 10000.00 | म.प्र. लोक निर्माण विभाग से पंजीयकृत | 8 |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http://mptender.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट / कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा । 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 06.01.2024 समय शाम 5:00 से दिनांक 13.01.2024 समय 6:00 तक खरीदा जा सकेगा । सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

G-22742/23

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, बालाघाट

## दर्जनों स्कूल ऐसे जहां दो से तीन शिक्षक

अजब गजब शिक्षा विभाग

# कैसे होगी पढ़ाई पूरी, पहले से शिक्षकों की कमी... अब प्रशिक्षण, डेढ़ महीने बाद परीक्षा

**जबलपुर।** राज्य शिक्षा केंद्र की ओर से आदेश जारी किया गया है कि कक्षा छठी से आठवीं तक के शिक्षकों के लिए चार अलग-अलग चरण में प्रशिक्षण दिया जाना है। इसकी शुरुआत भी हो गई है पहले से कक्षाओं में शिक्षकों की कमी अब परीक्षा के पहले प्रशिक्षण में से शिक्षक तो परेशान है ही, विद्यार्थियों का कोर्स पूरा होना अब मुश्किल ही है।

पांचवी आठवीं की बोर्ड परीक्षाएं मार्च महीने में शुरू होना है इससे पहले तीसरी से छठी तक की परीक्षाएं फरवरी के आखिर में शुरू हो जाएंगी। राज्य शिक्षा केंद्र की ओर से सभी जिला प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर को निर्देश दिया गया है कि व्यावसायिक शिक्षा और नई शिक्षा नीति को लेकर सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाना अनिवार्य है, ऐसे में जब शिक्षकों की आवश्यकता क्लास रूम में है लेकिन उन्हें सुबह से शाम तक प्रशिक्षण में समय देना पड़ रहा है इस आदेश से नाराजगी भी खूब है लेकिन आदेश का पालन किया जा रहा है और शिक्षकों को पढाने की बजाय प्रशिक्षण में बैठना पड़ रहा है।

### दो पाली में लगने वाले स्कूल में समय कम



### चार चरणों में होगा प्रशिक्षण

**पहले चरण** - 8 से 12 जनवरी
**दूसरा चयणा** - 16-20 जनवरी
**तीसरा चरण** - 21 से 25 जनवरी
**चौथा चरण**- 29 से 2 फरवरी

यूजीसी के निर्देश, अगले सत्र से लागू होगी व्यवस्था

## अब बीबीए, बीसीए के लिए एआईसीटीई बनाएगा नियम

**जबलपुर।** ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) अब एमबीए और एमसीए की तर्ज पर बीबीए और बीसीए जैसे कोर्स के लिए भी नियम तय करेगा। अब तक एआईसीटीई पीजी कोर्सेस के लिए नियम और उनकी मॉनिटरिंग करता है, लेकिन अगले शिक्षा सत्र से यूजी कोर्स भी इस दायरे में आएंगे। इस संबंध में यूजीसी ने भी सभी संबंधित कॉलेजों को निर्देश जारी कर दिए हैं। इसमें मैनेजमेंट और कंप्यूटर एप्लीकेशन से संबंधित कोर्स शामिल किए गए हैं। वर्तमान में टेक्निकल एजुकेशन इंस्टीट्यूट्स को बीबीए, बीसीए और बीएमएस जैसे यू जी पाठ्यक्रम के लिए किसी यूनिवर्सिटी से संबद्धता लेनी होती थी। जिसे हासिल करने के बाद भी वह इन्हें शुरू कर सकते थे।
अब एआईसीटीई के दायरे में आ जाने से इनके लिए एक जैसे नियम बनेंगे और कोर्स में भी एकरूपता रहेगी। पैमाने तय होने से गुणवत्ता में इजाफा होगा वर्तमान में एआईसीटीई टेक्निकल कोर्स के लिए पैमाने तय करता है और उसकी मॉनिटरिंग करता है। इनमें इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चर, टाउन प्लानिंग, मैनेजमेंट, फार्मेसी जैसे पाठ्यक्रम शामिल होते हैं। अब यूजी में भी इस तरह से मानक तय हेनेन से सभी संबंधित कॉलेजों को इसका पालन करना होगा। इसका लाभ छात्रों के साथ कॉलेजों को भी मिलेगा। वहां फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम, स्कॉलरशिप स्कीम, मॉडल कुरिकुलम, ई कुंभ पोर्टल के माध्यम से फ्री ई-बुक्स, परफार्मेंस एनालिसिस एंड रिव्यू फॉर होलिस्टिक डेवलपमेंट आदि को शामिल जाएगा। इस संबंध में भी विश्वविद्यालयों को भी यह जानकारी संबंधित कॉलेजों को देने के निर्देश दिए गए हैं।

# नीट-पीजी अब 3 मार्च की जगह जुलाई में होगी

### कई डॉक्टर्स ने तैयारी के कारण नहीं की नौकरी

**जबलपुर।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेस (एनबीईएमएस) ने नीट-पीजी की तारीख करीब चार महीने बढ़ा दी है। यह परीक्षा पहले 3 मार्च को आयोजित होनी थी। अब इसे आगे बढ़ाकर 7 जुलाई कर दिया गया है। ऐसे में नीट-पीजी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों ने इसका विरोध भी शुरू कर दिया है। इसकी मुख्य वजह यह है कि वे मार्च के हिसाब से तैयारी कर रहे थे और कई ने अपनी नौकरी की ज्वाइनिंग भी नहीं की थी। अब तारीख आगे बढने से उनकी तैयारी पर भी असर पड़ेगा। इसी के साथ पात्रता के उद्देश्य से कटऑफ तारीख 15 अगस्त तय की गई है।

कोरोना के पूर्व तक यह परीक्षा जनवरी में आयोजित हो जाती थी। अब यह छह महीने तक आगे बढ़ रही है। तारीख आगे बढने से पूरा शेड्यूल गड़बड़ा जाएगा। दरअसल, वर्तमान में नीट-पीजी के लिए आवेदन की प्रक्रिया अब तक शुरू नहीं हुई है। मेडिकल प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन करते समय छात्रों के पास वैलिड ईमेल जिसका वे उपयोग करते हों और मोबाइल नंबर होना चाहिए। यहां हो रही दिक्कत फेडेरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन के एग्जीक्यूटिव मेंबर डॉ. आकाश सोनी ने बताया कि यह एंट्रेंस एग्जाम है। इसकी तारीख आगे बढ़ाने से सबसे बड़ी समस्या यह हो रही है कि कई छात्र अपनी जॉब छोडक़र इसके लिए तैयारी कर रहे हैं। कई छात्र ऐसे भी हैं जिन्होंने बांड भरने के बाद ड्यूटी ज्वाइन नहीं की। इसके पूर्व 3 मार्च की परीक्षा का नोटिफिकेशन पिछले साल नंवबर में जारी हुआ था।

हालांकि परीक्षा की तारीख आगे बढ़ जाने के कारण उम्मीदवारों को तैयारी करने का अधिक समय मिल गया है। अभ्यर्थियों ने बताया कि कुछ राज्य जहां इंटर्नशिप लेट खत्म हो रही थी वो भी पात्र हो जाएंगे। कोई भी छात्र छूटेगा नहीं। तारीख बढने से केवल कुछ राज्यों को लाभ हुआ है। यहां फंस रहा है पेंच नीट पीजी की तैयारी करने वाले डॉ. आयुष के मुताबिक अगर पूर्व में बता दिया जाता कि एग्जाम जुलाई में होगा तो अभ्यर्थी का मानसिक तनाव नहीं रहता। जो अभी तैयारी कर रहा था वह अब अधर की स्थिति में है। इसकी वजह यह है कि एमपी में एमबीबीएस करने वालों को रूरल बांड भरना होता है। यानि उन्हें कुछ समय ग्रामीण क्षेत्र में काम करना होता है। ऐसे में एमबीबीएस की इंटर्नशिप के बाद बांड के ऑर्डर आ जाते हैं। इस बार बांड के ऑर्डर अक्टूबर में आए थे और पीट पीजी एग्जाम मार्च में प्रस्तावित था। कुछ छात्रों ने सोचा कि परीक्षा देकर ज्वाइनिंग कर लेंगे क्योंकि वे पीजी के लिए तैयारी कर रहे थे। वे चार महीने अपनी ड्यूटी कर सकते थे। लेकिन ऐसे छात्रों का नुकसान हुआ है।

व्हाट्सअप पर आई खबरों पर यकीन से पहले चैक करने की

# पेट्रोल पम्प हड़ताल की बार बार उड़ती फेक न्यूज से बढ़ती परेशानी

**जबलपुर।** न अफवाह फैलाने वाले बाज आ रहे हैं, न अफवाह पर यकीन करने वाले जागरुक हो रहे है। हालात वहीं खड़े हैं एक फर्जी मैसेज कोई वाट्सअप पर डालता है, लोक कौवा कान ले गया कि तर्ज पर बिना जांचे पीछे भागने लगते हैं। पहले लॉकडाउन के नाम पर आए दिन इस तरह फेक न्यूज के तमाशे हुये। अब पेट्रोल पम्प हड़ताल के नाम पर हर दूसरे दिन फर्जी खबरें उड़ाई जा रही है। हैरानी बात यह नहीं है कि फेक न्यूज फैलाई जा रहा है, चौकाने वाली बात यह है कि बड़ा वर्ग बार बार ऐसी खबरों पर बिना पुष्टि यकीन कर रहा है। बीते 7 दिन में दो बार ऐसी स्थिति बन चुकी है जब टैंकर पेट्रोल पम्प हड़ताल के नाम शहर में अफरा तफरी मची है। मंगलवार रात फैली अफवाह का नतीजा और असर बुधवार को दिन भर दिखाई दिया। लोग अहतियात के नाम पर जरूरत से कई गुना अधिक पेट्रोल भरवाते दिखे। पेट्रोल पंप में



लंबी कतारें और सड़कों पर जाम बुधवार को भी दिखा। गौरतलब है कि जिले में इससे पहले 31 दिसंबर को टैंकर्स ड्राइवर ने हड़ताल कर दी थी। ऐसे में पंप में पेट्रोल की सप्लाई प्रभावित हो गई थी। लोगों को एक लीटर पेट्रोल और डीजल के लिए भारी जद्दोजहद करनी पड़ी थी। 70 प्रतिशत पंप ड्राइ हो गए थे। तीन दिन तक बुरे हालात रहे। बाद में हड़ताल को वापस ले लिया गया। जिसके बाद से लगातार सोशल मीडिया पर हड़ताल शुरु होने की खबरे उड़ाई जा रही हैं।

### विश्वसनीय सोर्सेस से पुष्टि करें

जबलपुर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के परमवीर सिंह ने बार बार उड़ती अफवाहों पर चिंता व्यक्त करते हुये कहा है कि ट्रांसपोर्ट व्यापार से जुड़े किसी संगठन की तरफ से हड़ताल नहीं की जा रही है। यह केवल अफवाह है। पेट्रोल और डीजल की सप्लाई का काम ड्राइवर्स क तरफ से किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने अपील की है कि किसी तरह की हड़ताल या निर्देश की कोई खबर सोशल मीडिया पर आए तो उस पर यकीन करने से पहले विश्वसनीय सोर्स से उसकी पुष्टि करें। प्रतिष्ठित मीडिया संस्थान के न्यूज चैनल या न्यूज वैबसाईट पर चैक करें। जिला प्रशासन के फेसबुक पेज आदि पर चैक करे। यदि कोई बड़ी हड़ताल घोषित होगी या कोई बड़ा आदेश जारी होगा, तो उनकी जानकारी इन स्थानों पर जरूर होगी।

# जबलपुर से बांद्रा तथा कोयंबटूर स्पेशल ट्रेन की अवधि में वृद्धि

**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल से चलने वाली दो फेस्टीवल स्पेशल यात्री गाड़ियों के फेरों में रेल प्रशासन द्वारा वृद्धि की गई है जिससे कि अब जबलपुर से बांद्रा तथा दक्षिण भारत के लिए कोयंबटूर जाने हेतु यात्रियों को इसका लाभ मिलेगा। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री विश्व रंजन ने बताया कि जबलपुर से इटारसी, उज्जैन, रतलाम, बडौदा, सूरत मार्ग से बांद्रा जाने वाली ट्रेन नंबर 02134 को 29 मार्च तक तथा वापसी की ट्रेन नंबर 02133 को रेल प्रशासन ने 30 मार्च तक विस्तारित कर दिया है। जिसके तहत प्रत्येक शुक्रवार को जबलपुर से जाने वाली उक्त ट्रेन अब जनवरी में समाप्त होने की जगह अब 29 मार्च तक जबलपुर से निरंतर चलेगी। श्री रंजन ने बताया कि इसी तरह जबलपुर से इटारसी, भुसावल, पनवेल, चिपलुन, रत्नागिरी, थिविम,मडगांव, कन्नूर, तिरूर, तथा पालघाट स्टेशन होकर कोयंबटूर जाने वाली यात्री गाड़ी नंबर 02198 के फेरों को भी विस्तारित करते हुए अब इससे 29 मार्च तक चलाया जाएगा। वापसी में भी यह ट्रेन कोयंबटूर से प्रत्येक सोमवार को चलकर 1अप्रैल तक के लिए विस्तारित की गई है। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए उक्त दोनों फेस्टिवल स्पेशल यात्री गाड़ियों के फेरों में वृद्धि की गई है जिससे कि लोग सुगमता पूर्वक अपनी यात्रा कर सकते हैं। उक्त गाड़ियों में विस्तारित अवधि के लिए रेलवे आरक्षण भी प्रारंभ कर दिया गया है।




## एमयू का नाम आचार्य सुश्रुत के नाम करने अब प्रस्ताव

# नर्सिंग कॉलेजों का निरीक्षण क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया करेगी

**जबलपुर।** मेडीकल विश्वविद्यालय का नाम देश के पहले सर्जन महर्षि सुश्रुत के नाम पर करने का प्रस्ताव कार्यपरिषद में पारित कर दिया गया है। अब अगली कार्रवाई के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। कार्यपरिषद की बैठक में एक और महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया गया है कि पैरामेडीकल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेजों का निरीक्षण क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा कराया जाएगा। उनकी रिपोर्ट आने पर ही उन्हें मान्यता और संबद्धता प्रदान की जाएगी। नर्सिंग कॉलेजों की संबद्धता फिलहाल हाईकोर्ट में मामला लंबित होने के कारण रोक दिया गया है।



मंगलवार को यहां हुई एमयू की कार्यपरिषद की बैठक में विश्व के प्रथम सर्जन यानि सर्जन महर्षि सुश्रुत के नाम पर मेडीकल विश्वविद्यालय का नामकरण किया गया है। प्रस्ताव को मंगलवार को यूनिवर्सिटी की कार्यपरिषद बैठक में स्वीकृति दी गई। कुलपति डा.अशोक खंडेलवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस प्रस्ताव को रखा गया था।

### दुनिया के पहले सर्जन थे आचार्य सुश्रुत

बैठक में इस प्रस्ताव रखते हुए बताया गया कि दुनिया के कई देशों में इस बात को गर्व के साथ बताया जाता है कि सर्जरी की शुरुआत भारत में हुई और आचार्य सुश्रुत दुनिया के पहले भारतीय सर्जन थे। उनके नाम पर मेडीकल विवि का नामकरण मेडिकल छात्रों को उस गौरव से जोड़ने ही दिशा में पहल होगी। नामकरण के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। मंजूरी मिलते ही यूनिवर्सिटी के नामकरण का रास्ता साफ हो जाएगा।
कार्यपरिषद की बैठक में मेडिकल कालेज की डीन डॉ.गीता गुईन, डॉ.पवन स्थापक, डॉ. परवेज सिद्धीकी, डॉ.संजय परिहार, डॉ.राम हरि मीणा, संयुक्त संचालक वित्त रोहित सिंह कौशल शामिल थे।

## वेटरनरी विश्वविद्यालय को नए कुलपति की तलाश

**जबलपुर।** देश में प्रसिध्द प्रदेश के एकमात्र वेटरनरी विश्वविद्यालय में नये कुलपति की तलाश अंतिम चरणों में है। आवेदन का सिलसिला समाप्त होने के बाद स्रूटनी की प्रक्रिया शुरु हो गई। उम्मीद जताई जा रहा है अगले माह के अंत तक नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के नये कुलपति के नाम पर मोहर लग जाएगी। प्राप्ता जानकारी के मुताबिक इस बार करीब 18 लोगों ने वेटरनरी विश्वविद्यालय के जबलपुर, रीवा और महू वेटरनरी कालेज के प्रोफेसर्स शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक इनमें करीब 1 दर्जन महिलाएं हैं। इस बार चुने जाने वाले विवि के नए कुलपति के कार्यकाल चार की बजाए पांच वर्ष का होगा, जबकि विवि की स्थापना सन् 2009 से अभी तक चार साल का ही कार्यकाल होता है। गौरतलब है कि वर्तमान में पदस्थ कुलपति प्रो. एसपी तिवारी का कार्यकाल दो मार्च 2024 को खत्म हो रहा है।

## रिएक्टिव पावर दरों का निर्धारण समान कन्वर्जन फैक्टर से हो

**जबलपुर।** पावर फैक्टर निर्धारित कन्वर्जन फैक्टर के आधार पर केवीएएच (रिएक्टिव एनर्जी) टैरिफ का निर्धारण किया जाता है, लेकिन बिजली कंपनियों द्वारा प्रस्तावित रिएक्टिव एनर्जी बिलिंग का निर्धारण समान कन्वर्जन फैक्टर पर आधारित नहीं है। अतः समान कन्वर्जन फैक्टर की गणना के आधार पर यह टैरिफ निर्धारित किया जाए। इससे यह रेट सर्वसाधारण बिजली टैरिफ से सस्ते हेंगे तथा निर्धारण जटिलता समाप्त होगी। यह आपत्ति नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने विद्युत नियामक आयोग को भेजी है। डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि बिजली कंपनियों ने स्वयं अपनी याचिका में उच्च दाब के विभिन्न श्रेणियों के उपभोक्ताओं के लिए औसत कन्वर्जन फैक्टर-पूर्व क्षेत्र-0.931, पश्चिम क्षेत्र-0.934, मध्य क्षेत्र-0.933 कुल औसत 0.933 बताया है।

### बिजली रेट तय किए

पूर्व क्षेत्र में एचवी 5 के लिए 5.59 रुपए प्रति कि.वेट/घंटा
मध्य क्षेत्र में एचवी 3 के लिए 6.36 रुपए प्रति कि.वेट/घंटा
पश्चिम क्षेत्र में एचवी 3 के लिए 5.58 रुपए प्रति कि.वेट/घंटा
डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि यदि औसत एवं समान कन्वर्जन फैक्टर 0.933 पर रेट निर्धारित हेंगे तो यह टैरिफ और भी सस्ता होगा। इससे सभी वितरण कंपनियों में टैरिफ की एकरुपता बनी रहेगी।

### टोल कारोबार में यूपी के पार्टनर से 1 करोड़ 21 लाख ऐंठे

# फरार अमित खम्परिया पर एक और धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज

**जबलपुर।** टोल नाका कारोबार में पार्टनर बनाने का अनुबंध करते हुए कई लोगों धोखेबाजी करने वाले फरार आरोपी अमित खम्परिया के खिलाफ संजीवनी नगर थाने में एक और धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ है। कई जिलों से फरार आरोपी अमित खम्परिया और मैनेजर की पुलिस कई दिनों से तलाश कर रही है, लेकिन उनका कहीं पता नहीं लग रहा है। अमित खम्परिया के विरूद्ध संजीवनी नगर थाना में एक और धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज हुई है। शिकायत की प्राथमिक जांच, बैंक स्टेटमेन्ट एवं दिल्ली एनएचएआई की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस अमित खम्परिया, मैनेजर अमित दृवेदी सहित उसके बंदूकधारियों के विरुद्ध 420, 409, 386, 506,120 बी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर सभी फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

जबलपुर टोल प्लाजा के नाम से कंपनी चलाने वाले अमित खम्परिया ने उत्तरप्रदेश के बेलोन टोला प्लाजा का ठेका में पार्टनर बनाने का झांसा देते बुलंदशहर निवासी धनेंद्र सिंह राघव और सचिन गुप्ता से रकम एWठ ली। धनेंद्र सिंह राघव और सचिन गुप्ता ने शिकायत में पुलिस को बताया कि पार्टनरशिप में लिए हुए टोल की अवधि समाप्त होने पर सिक्योरिटी राशि और उसका मुनाफा मांगा तो अमित खम्परिया बोला कि टोल में बहुत पेनाल्टी लग गई है। आप लोगों के रुपए तभी वापस होंगे जब आप दूसरी बार भी टोल का संचालन हमारे साथ करोगे। अमित खम्परिया के कहने पर धनेंद्र और सचिन ने आरटीजीएस के माध्यम से अमित खम्परिया के बैंक ऑफ महाराष्ट्र के खाते में कुल रकम 1 करोड़ 21 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए थे। टोला प्लाजा का काम न मिलने पर दोनों युवकों ने दी हुई रकम वापस मांगी, चिटिंगबाजों ने कह दिया कि तुम लोगों की सारी रकम पेनाल्टी में डूब गई है, अब रुपए वापस नहीं मिलेंगे।

### 4 जिलों में 14 प्रकरण दर्ज, 30 हजार का ईनामी

अमित खम्परिया हत्या का प्रयास, धोखाधड़ी, अमानत में ख्यानत, बलवा सहित कोर्ट से फर्जीवाड़ा करने के जैसे अनेक गंभीर मामलों में लंबे समय से फरार है। फरार अमित खम्परिया पर थाना मदनमहल में धोखाधड़ी, अमानत में ख्यानत सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज हैं। थाना भेड़ाघाट में बलवा, हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज हैं। थाना गढा में मारपीट, धमकी देने सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज हैं। थाना लार्डगंज में महामारी अधिनियम और फर्जी दस्तावेज तैयार करने सहित साजिश रचने का प्रकरण दर्ज है। जिला कटनी के विजयराघवगढ थाना में चोरी, साजिश रचने और अवैध खनन का प्रकरण दर्ज है। जिला उमरिया के थाना मानपुर में मारपीट धमकी के 2 और कोतवाली में हत्या, हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज है। जिला मंडला के थाना खटिया में धोखाधड़ी, फर्जीवाड़ा के 2 अपराध दर्ज हैं। दोनों में 5-5 साल की सजा हो चुकी है। इस प्रकरण में पिता, मौसा व रिश्तेदार को बचाने कोर्ट में फर्जी लोगों पेश कर जेल भिजवाया गया था।

### पहले भी कर चुका है 2 करोड़ की ठगी

गोपीकृष्ण माहेश्वरी निवासी ग्राम सहसीपुर पोस्ट खम्हरिया जिला भदौही यूपी ने पुलिस को बताया था कि अमित खम्परिया के झांसा में आने के बाद कुंवरपुर टोलप्लाजा के लिए एनएचएआई को 3 करोड़ 38 लाख रुपए जमा कराए गए थे, जिसमें मैने 2 करोड़ 6 लाख रुपए आरटीजीएस के माध्यम से अमित खम्परिया के बताए गए बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा संजीवनीनगर जबलपुर में ट्रांसफर किए थे। उक्त मामले की शिकायत भी बुजुर्ग ने पुलिस से की थी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240